सूर्योदय : 6:46
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 28
न्यूनतम : 13

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-238 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 17 फरवरी 2026
28 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# एआई समिट का पीएम ने किया उद्घाटन

## ■ अश्विनी वैष्णव बोले शुरू होगा क्रिएट इन इंडिया मिशन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ किया जा रहा है। इस में दुनिया भर के नीति-निर्माता, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता, स्टार्टअप और वैश्विक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं ताकि विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार किया जा सके।

पीएम मोदी ने स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों से बातचीत की और एआई आधारित नए समाधानों को देखा। यह एक्सपो 16 से 20 फरवरी तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के साथ आयोजित हो रहा है और इसे ग्लोबल साउथ का पहला अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन बताया गया है।

यह आयोजन एआई के व्यावहारिक उपयोग का राष्ट्रीय मंच है, जहां नीति, नवाचार और बड़े स्तर पर लागू तकनीक को एक साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। एक्सपो 70 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में बने 10 एरेना में फैला है। इसमें 300 से अधिक चुने हुए पवेलियन, 600 से ज्यादा उभरते स्टार्टअप और 13 देशों के पवेलियन शामिल हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश शामिल हैं।

समिट में 500 से ज्यादा सत्र और 3,250 वक्ता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस तीन विषयों में बांटा गया है। इंडिया एआई मिशन के तहत 12 स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल भी पेश किए जा रहे हैं, जो 22 भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करते हैं। एक्सपो में अग्रणी भारतीय और वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, एआई स्टार्टअप, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, विनिर्माण, जलवायु कार्रवाई और जनसेवा वितरण जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया गया है।

सम्मेलन में एआई नैतिकता, डेटा शासन, कौशल विकास, शोध सहयोग और नियामक ढांचे जैसे विषयों पर उच्चस्तरीय पैनल चर्चाएं होंगी। इसके अतिरिक्त, भारत की जवाबदेह एआई विकास योजना और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में एआई के उपयोग पर विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत डिजिटल इंडिया, सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा और देशभर में नवाचार केंद्रों के विस्तार जैसी पहलों के माध्यम से भारत को अग्रणी प्रौद्योगिकियों में सशक्त बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि और उद्योग भागीदारों की भागीदारी के साथ, इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो साझेदारी मजबूत करने, निवेश आकर्षित करने और भारत तथा विश्व में एआई के भविष्य पर नीतिगत विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन रहा है।

### डीपफेक पर सख्ती की तैयारी कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एआई के दुरुपयोग, गलत सूचना और डीपफेक के खतरे पर चिंता जताई है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में उन्होंने कहा कि सरकार मीडिया में एआई के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए कानूनी सुरक्षा ढांचा तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि डीपफेक और भ्रामक कंटेंट से निपटने के लिए भारत 30 से अधिक देशों के मंत्रियों के साथ तकनीकी और कानूनी समाधान पर बातचीत कर रहा है। सरकार एआई से बने कंटेंट पर वॉटरमार्क और लेबल अनिवार्य करने के लिए सख्त नियम लाने की दिशा में काम कर रही है।

# यूपी बना बीमारू से ब्रेकथ्रू स्टेट

## ■ विधान परिषद में बोले सीएम योगी



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में हुए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने कर्फ्यू से कानून, उपद्रव से उत्सव, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा तय की है।

विधान परिषद में बोलते हुए कहा कि वह सभापति महोदय के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर अपने विचार रखने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी पक्षों को मिलाकर लगभग 51 सदस्यों ने अपने सुझावों से चर्चा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दस्तावेज होता है, जो सरकार की नीतियों और दिशा को स्पष्ट करता है। सीएम योगी ने मुख्य प्रतिपक्ष के व्यवहार को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक आचरण लोकतंत्र को कमजोर करता है। उन्होंने इसे अवमानना के दायरे में आने वाला व्यवहार बताया। उन्होंने कहा, जिस प्रकार का प्रतिपक्ष है, उससे संवैधानिक प्रमुख के सम्मान की अपेक्षा करना भी बेवकूफी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार के पिछले आठ-नौ वर्षों की उपलब्धियों का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने प्रदेश को अराजकता और अव्यवस्था का गढ़ बना दिया था। लेकिन डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत और सुशासन की प्रतिबद्धता के कारण उत्तर प्रदेश बीमारू से ब्रेकथ्रू स्टेट बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई समिट आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब ट्रस्ट, टेक्नोलॉजी और ट्रांसफॉर्मेशन-ट्रिपल टी की त्रिवेणी बन चुका है। डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को निवेश के लिए बेहतरीन गंतव्य बनाया है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय गुंडे और माफिया समानांतर सरकार चला रहे थे। वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया की स्थिति थी।

# अदालत ने लालू, राबड़ी के खिलाफ औपचारिक रूप से तय किए आरोप

## लैंड फॉर जॉब घोटाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के खिलाफ जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में सोमवार को औपचारिक रूप से आरोप तय किए। विशेष न्यायाधीश ने कहा, आरोपी संख्या 1 (लालू प्रसाद) और आरोपी संख्या 2 (राबड़ी देवी) के खिलाफ आरोप तय किये जाते हैं, हालांकि उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है।

मामले की आगे की कार्यवाही के लिए 27 फरवरी की तारीख तय की गई है। न्यायाधीश ने 29 जनवरी को लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव तथा कुछ अन्य को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की छूट दी थी।

# मणिशंकर अय्यर के बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

## ■ पूर्व में भी मणिशंकर बयानों से पार्टी को मुश्किल में डाल चुके हैं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने एक बार फिर अपने बयान से पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। केरल को लेकर मणिशंकर अय्यर की ओर से दिया गया बयान ऐसे वक्त में आया है जब कांग्रेस केरल की सत्ता में वापसी करने की कोशिश कर रही है। कुछ ही समय बाद केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं।

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पिनराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहेंगे। मणिशंकर अय्यर के बयान के कुछ ही समय बाद कांग्रेस ने इस बयान से पूरी तरह किनारा कर लिया। इतना ही नहीं कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों से इस अनुभवी नेता का पार्टी से कोई संबंध नहीं है। यह कोई पहली बार नहीं है इससे पूर्व भी वह बयानों से पार्टी को मुश्किल में डाल चुके हैं।

कांग्रेस ने अय्यर के बयान से खुद को पूरी तरह अलग कर लिया। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से मणिशंकर अय्यर का कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है और वह पूरी तरह से अपनी व्यक्तिगत क्षमता में बोलते और लिखते हैं।

# फैक्टरी में आग लगने से जिंदा जल गए 7 मजदूर

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को गत्ते बनाने के कारखाने में आग लगने से सात श्रमिकों की मौत हो गयी, जबकि कई घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल से मानव कंकाल बने सात शव बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि इस कारखाने में गत्ते बनाये जाते हैं।

सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब सवा नौ बजे एक निजी औद्योगिक इकाई में लगी, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, दमकल दल, बचाव दल और चिकित्सकों का दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। क्षेत्र को घेराबंदी करके राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गयी है।

# पांच साल में वो करना है, जो दूसरे देश 20 साल में करते हैं

## ■ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को दिया चैलेंज



**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि देश एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट यानी एमका के डिजाइन और डेवलपमेंट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पूर्व में भी एयरो इंजन के क्षेत्र में महारथ हासिल करने के कई प्रयास किए हैं। अब समय आ गया है कि हमारे जो प्रयास अधूरे रह गए थें, उनको हम पूरा करें।

रक्षा मंत्री सोमवार को गैस टरबाइन रिसर्च स्टेब्लिशमेंट बेंगलुरु में विशेषज्ञों के बीच बोल रहे थे। रक्षामंत्री ने विशेषज्ञों व शोधकर्ताओं से कहा, अगर किसी इंजन को विकसित करने में 25 साल लग रहे हैं, तो भारत की मौजूदा स्थिति, हमारी रणनीतिक जरूरत और हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी हैं कि आप मानकर चलिए कि आपके 20 साल पहले ही खत्म हो चुके हैं और अब सिर्फ 5 साल ही आपके पास बचे हैं। यह कोई अचरज वाली बात नहीं है, यह एक चुनौती है। हमें 5 साल में वो कर दिखाना है, जो दूसरे देश 20 साल में करते हैं। इसी में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें भविष्य की तरफ भी देखना होगा। हम सिर्फ 5वीं पीढ़ी के इंजन तक सीमित नहीं रह सकते। छठी पीढ़ी की एडवांस टेक्नोलॉजी का विकास भी हमें जल्द से जल्द शुरू करना होगा। उस पर रिसर्च , समय की मांग है। जैसे-जैसे दुनिया में टेक्नोलॉजी बदल रही है, आर्टिफिशियल मशीन लर्निंग और न्यू मटीरियल का प्रयोग बढ़ रहा है, हमें उनमें आगे रहना होगा। उन्होंने यहां मौजूद वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं से कहा कि आप इंग्लैंड के साथ एयरो इंजन विकसित करने के लिए संयुक्त अध्ययन कर रहे हैं। यह बहुत अच्छी पहल है। इसके अलावा, फ्रांस के साथ भी, एयरो इंजन के लिए, हम नेशनल एयरो इंजन मिशन के तहत प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। फ्रांस और यूके, दोनों ही देश एयरो इंजन टेक्नोलॉजी में बहुत आगे रहे हैं।

### हमने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए

रक्षामंत्री ने कहा कि जब हम सरकार में आए, तो हमने आत्मनिर्भरता की ओर अपने कदम बढ़ाए। रक्षा क्षेत्र में भी,आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के हमने कई प्रयास किए। उन्होंने कहा, मैंने अपने लगभग 7 साल के कार्यकाल में, अपना पूरा प्रयास किया कि हम एयरो इंजन के डेवलपमेंट को प्राथमिकता पर रखें और ऐसा हमने किया भी। आज की वैश्विक राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, इस तरह की महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है, यह मैं समझता हूं कि बताने की जरूरत नहीं है।

# भदोही और शाहजहांपुर में होगी दो विश्वविद्यालयों की स्थापना

## ■ उच्च शिक्षा से संबंधित दो विधेयक पारित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र में सोमवार को उच्च शिक्षा से संबंधित दो विधेयक पारित किये गये, जिसके तहत अब राज्य के भदोही जिले में काशी नरेश विश्वविद्यालय-भदोही और शाहजहांपुर जिले में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय-शाहजहांपुर के रूप में जाना जाएगा।

विधानसभा में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को प्रश्नकाल के बाद उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2026 और उप्र राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक-2026 सत्ता पक्ष के सदस्यों के बहुमत होने से ध्वनि मत से पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दोनों विधेयकों के पारित किये जाने की घोषणा की।

मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य में नए विश्वविद्यालय को स्थापित किए जाने का एक लक्ष्य निर्धारित किया है।

# भारत में थोक महंगाई दर जनवरी में 1.8 प्रतिशत रही

## ■ कीमतों में हुई सीमित बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** भारत में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर जनवरी में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत रही है। यह जानकारी सोमवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री की ओर से दी गई। आधिकारिक बयान में कहा गया कि जनवरी में महंगाई बढ़ने की वजह बेसिक मेटल की कीमतों में इजाफा होना और मैन्युफैक्चरिंग एवं गैर-खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं व टेक्सटाइल की कीमतों में बढ़ोतरी होना है।

खाद्य सूचकांक, जिसमें प्राथमिक वस्तुओं के समूह से खाद्य पदार्थ और विनिर्मित उत्पादों के समूह से खाद्य उत्पाद शामिल हैं, दिसंबर 2025 में 196.0 से घटकर जनवरी 2026 में 194.2 हो गया है। थोक महंगाई दर जनवरी में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़कर 1.41 प्रतिशत हो गई।

डब्ल्यूपीआई में विनिर्माण समूह का भार 64.23 प्रतिशत है, और इस सूचकांक में महीने के दौरान 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 22 विनिर्मित उत्पादों में से 19 समूहों की कीमतों में वृद्धि देखी गई, जबकि तीन समूहों की कीमतों में कमी दर्ज की गई। जिन महत्वपूर्ण समूहों की कीमतों में महीने-दर-महीने वृद्धि हुई, उनमें बेसिक मेटल का निर्माण, खाद्य उत्पाद, वस्त्र, अन्य विनिर्माण और विद्युत उपकरण शामिल हैं। जिन वस्तुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है, उनमें दवाइयों का निर्माण, औषधीय रसायन और वनस्पति उत्पाद, मशीनरी और उपकरण एवं फर्नीचर शामिल हैं, जिनकी कीमतें जनवरी 2026 में दिसंबर 2025 की तुलना में कम हुई हैं। भारत में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर जनवरी 2026 में सालाना आधार पर 2.75 प्रतिशत रही थी। बेस ईयर में बदलाव के बाद खुदरा महंगाई दर के यह पहले आंकड़े हैं। सरकार की ओर से बेस ईयर को बदलकर 2024 कर दिया गया है, जो कि पहले 2012 था। दिसंबर में खुदरा महंगाई दर 1.33 प्रतिशत थी। हालांकि, यह पुराने बेस ईयर 2012 पर आधारित थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के के अनुसार, ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 2.73 प्रतिशत रही है और शहरी इलाकों में 2.77 प्रतिशत थी।

# ओल चिकी लिपि के 100 साल पूरे

## ■ कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने मातृभाषा भाषा के संरक्षण पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संथाली भाषा की लिपि ओल चिकी को बचाने और इसे आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने ओल चिकी लिपि के 100 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने इस बात पर खुशी जताई कि यह लिपि अब डिजिटल माध्यमों में अपनी जगह बना रही है।

पंडित रघुनाथ मुर्मू ने साल 1925 में ओल चिकी लिपि बनाई थी। तब से यह संथाल समाज की पहचान का एक बड़ा प्रतीक बन गई है। साल 2003 में इसे भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। अपने भाषण में राष्ट्रपति ने भारत को कई भाषाओं का बगीचा बताया। उन्होंने लोगों से मातृभाषा में बातचीत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में हुआ। वहां एक सैन्य बैंड ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। बैंड ने सबसे पहले वंदे मातरम और फिर राष्ट्रगान जन गण मन बजाया। इस दौरान कलाकारों ने संथाली भाषा में गीत गाए और नृत्य पेश किया। इन प्रस्तुतियों में भारत की प्रकृति और सांस्कृतिक विविधता की झलक दिखी।

## सियासत पश्चिम यूपी में मुस्लिम वोट बैंक पर सभी पार्टियों की नजर

# नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सपा में आने से ओवैसी की बढ़ीं मुश्किलें



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर गरमाहट शुरू हो गई है। फरवरी महीने में कई नेताओं का दूसरी पार्टियों को लेकर प्रेम पनपता दिख रहा है। कांग्रेस को झटका देने वाले नसीमुद्दीन सिद्दीकी आखिरकार समाजवादी पार्टी के पाले में पहुंच गए हैं। हालांकि, पहले नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बहुजन समाज पार्टी में घर वापसी की चर्चा गरमाई थी, लेकिन अब इस पर विराम लग गया है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बसपा छोड़ने से पहले जिस प्रकार से मायावती को निशाना बनाया था, उससे बात बनती नहीं दिखी। वहीं, उनके सपा में जाने के बाद पश्चिमी यूपी के मुस्लिम वोटों पर नजर टिकाए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवैसी की चुनौती भी बढ़नी तय मानी जा रही है।

बहुजन समाज पार्टी से राजनीति शुरू करने वाले और कभी पार्टी सुप्रीमो मायावती के करीबी रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 15 फरवरी को समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में लखनऊ में उन्होंने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ-साथ कई पूर्व विधायकों और नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नसीमुद्दीन वर्ष 2007 से 2012 तक बसपा सरकार में कई अहम पदों पर रहे थे।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी भले ही आजम खान की तरह मुस्लिम वोट बैंक में सर्वमान्य चेहरा न हों, लेकिन बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी में उनकी पकड़ किसी से छिपी नहीं है। समाजवादी पार्टी के सामने चुनौती बढ़ी हुई है। आजम खान जेल में हैं। उनकी तबीयत भी ठीक नहीं रह रही है। ऐसे में चुनाव के समय तक उनके बाहर आने के बाद भी सपा को बड़ा फायदा नहीं होगा।

वहीं, नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पार्टी में शामिल कर अखिलेश यादव बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के मुस्लिम वोट बैंक को एक बार फिर अपने पाले में लाने की कोशिश करते दिखेंगे। साथ ही, नसीमुद्दीन सिद्दीकी के जरिए बसपा के कैडर वोट में भी सेंधमारी की कोशिश सपा करती दिखेगी। पार्टी में शामिल होने के साथ ही इसके संकेत दिखने लगे हैं।

एआईएमआईएम ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अपने प्रदर्शन से फिर मुस्लिम वोट बैंक में पकड़ बनाती दिखी है। ऐसे में पार्टी की कोशिश अब यूपी के मुस्लिम वोट बैंक तक पहुंचने की है। इसको लेकर पार्टी प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी की योजना को प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली जमीन पर उतारने की कोशिश करते दिख रहे हैं। लगातार उनके बयान प्रदेश के राजनीतिक माहौल को गरमा रहे हैं। शौकत अली भाजपा के साथ-साथ सपा, कांग्रेस को भी निशाना बनाते दिखे हैं।

### बदल सकता है समीकरण

एआईएमआईएक के बसपा के साथ गठबंधन की चर्चा है। इन तमाम कयासों के बीच पश्चिमी यूपी का मुस्लिम वोट बैंक अहम होता दिख रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिमी यूपी के मुस्लिम वोटर भाजपा को हराने वाली पार्टी के साथ जाते दिख सकते हैं। जिस प्रकार की तैयारियां चल रही है, उसमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी का समाजवादी पार्टी में जाना उसे मजबूत करेगा। दरअसल, वे स्थानीय चेहरा रहे हैं। ऐसे में इस वर्ग के वोटरों का भरोसा वे जीत पाने में कामयाब सकते हैं।

# ओम बिरला की ढाका यात्रा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को चुप कराने का तोहफा

## ■ बांग्लादेश में हिंदुओं की बात उठानी चाहिए : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह के लिए ढाका जाएंगे। कांग्रेस ने ओम बिरला के बांग्लादेश दौरे पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह केंद्र की तरफ से विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने नहीं देने का इनाम है।

एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने की इजाजत न देने के लिए सरकार ने ओम बिरला को जरूर इनाम दिया होगा। साथ ही, अब जब (बांग्लादेश में) नई सरकार बन गई है, तो भारत सरकार को वहां जाकर अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाना चाहिए।

**आरएसएस के पास इतने पैसे कहां से आ रहे :** कांग्रेस नेता ने कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे की पहले की गई बातों का भी समर्थन किया, जिन्होंने आरएसएस की लीगल और फाइनेंशियल स्थिति पर सवाल उठाए थे। प्रियंक खरगे ने आरएसएस पर 'मनी लॉन्ड्रिंग' में लिप्त होने का आरोप लगाया और इसकी आय के स्रोत पर भी सवाल उठाया। प्रियंक ने कहा कि वह चाहते हैं कि सभी पर लागू होने वाला कानून आरएसएस पर भी लागू हो। आरएसएस को पैसा कहां से मिल रहा है, इस सवाल पर कांग्रेस नेता ने कहा, वे चाहते हैं कि हम अच्छे नागरिक बनें, आयकर दें, लेकिन वे खुद स्वतंत्र रहना चाहते हैं।

### अविश्वास प्रस्ताव पर नौ मार्च को चर्चा

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सियासी संग्राम जारी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर बजट सेशन के दूसरे चरण के पहले दिन 9 मार्च को चर्चा और वोटिंग हो सकती है।

## फूलबेहड़ के कई गांवों में गत वर्ष आई बाढ़ के बाद हालात अब भी पूरी तरह नहीं हो सके सामान्य

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** तहसील लखीमपुर के ब्लॉक फूलबेहड़ के कई गांवों में गत वर्ष आई बाढ़ के बाद हालात अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो सके हैं।

क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया और कटान से प्रभावित परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले वर्ष शारदा नदी में आई बाढ़ से कई स्थानों पर पुल और पुलिया बह गए थे।

विशेष रूप से बसहा-श्रीनगर रोड पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे आवागमन प्रभावित है।

यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग मानी जाती है।

पुलिया टूटने के कारण ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि जिन परिवारों के घर नदी कटान में समा गए, वे अब भी बांध किनारे अस्थायी झोपड़ियां डालकर रहने को मजबूर हैं।

बाढ़ के एक वर्ष बीत जाने के बावजूद स्थायी पुनर्वास की प्रक्रिया अधूरी बताई जा रही है। कटान पीड़ितों ने आरोप लगाया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अपेक्षित रूप से नहीं मिल पा रहा है।

क्षेत्र के लोगों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी समाधान, पुनर्निर्माण और पारदर्शी सर्वे की आवश्यकता है, ताकि पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बसहा-श्रीनगर रोड की टूटी पुलिया का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए और कटान पीड़ितों का पुनः सर्वे कर वास्तविक लाभार्थियों को आवास और मुआवजा प्रदान किया जाए।

# महाशिवरात्रि पर समूचा जनपद शिवमय नजर आया






*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** महाशिवरात्रि पर रविवार को पूरा शहर शिवमय नजर आया। दूल्हे के रूप में सजे भगवान शिव की भव्य बरात गढ़ी मार्ग स्थित यज्ञशाला मैदान से धूमधाम के साथ निकाली गई। शिव बारात कमेटी के अध्यक्ष व संयोजक अमित वर्मा ने बताया कि बारात शहर के प्रमुख मार्गों से होकर भुईफोरवानाथ मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बरात का स्वागत किया। बरात मेला मैदान चौराहा, इमली चौराहा, आर्यकन्या चौराहा, मेन रोड, सदर चौराहा और संकटा देवी मार्ग से होते हुए पुनः मेला मैदान पहुंची। पूरे मार्ग पर आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए थे। गेंदा और गुलाब के फूलों, रंग-बिरंगे गुब्बारों और विद्युत झालरों से शहर के प्रमुख रास्तों को सजाया गया था। बरात के दौरान कहीं घंटों का निनाद गूंजा तो कहीं भजन, शिव तांडव और शिव स्तोत्र के मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। डीजे की धुन पर बड़ी संख्या में शिवभक्त झूमते नजर आए। शिव और पार्वती के वेश में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं भूत-प्रेत और पिशाच के वेश में कलाकारों ने भी नृत्य कर आकर्षण बढ़ाया। शहर के कई चौराहों पर झाकियों और नृत्य के लिए स्टेज बनाए गए जिनपर शिव तांडव होता रहा। शहर में जगह-जगह बड़ी संख्या में लोग बरात के दर्शन के लिए उमड़े।

## डेढ़ घंटे तक लिफ्ट में रहे फंसे सौरभ दीक्षित

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सोमवार को परिवार न्यायालय परिसर में उस समय खलबली मच गई, जब सौरभ दीक्षित उर्फ समाधान, तारीख पर अपने वकील से मिलने आए और लिफ्ट में फंस गए। मोहल्ला तीर्थ गोला गोकर्णनाथ के निवासी सौरभ ने बताया कि वह लिफ्ट से ऊपर गए थे और वकील से मुलाकात के बाद जब नीचे आने लगे तो लिफ्ट अचानक नीचे आकर बंद हो गई और दरवाजा नहीं खुला। करीब डेढ़ घंटे तक लिफ्ट में फंसे रहने पर उन्होंने जिलाधिकारी को फोन कर सूचना दी और अपने परिचितों को भी जानकारी दी। सूचना मिलते ही जेल चौकी पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटना की खबर फैलते ही न्यायालय परिसर में वकीलों और लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में लिफ्ट मरम्मत कर्मचारी चाबी लेकर पहुंचा और बाहर से लॉक खोलकर सौरभ को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## निघासन विधानसभा के भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सहित 6 पर नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मुकदमा दर्ज



**लखीमर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** निघासन विधानसभा के भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सहित 6 पर नौकरी दिलाने के नाम की करोड़ों रुपए की ठगी का पीड़ित ने सदर कोतवाली में मुकदमा कराया दर्ज, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पर पहले भी दर्ज हो चुके कई मुकदमे, एससी एसटी, बलात्कार, ठगी और सरकारी कार्य मे बाधा के मुकदमे दर्ज हो चुके है, कई बड़े लोगो से कर चुका है ठगी, किस के इशारे पर कर रहा मण्डल अध्यक्ष नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी।

## 24 घंटे कैमरों की निगरानी में है परीक्षा केंद्र

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सोमवार को डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर लगे वॉयस रिकॉर्डर कैमरों को चेक किया जा रहा है। कैमरों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हर तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है जो अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर किसी भी समय जाकर परीक्षाओं का जायजा ले सकेंगे पारदर्शी तरीके से परीक्षा हो इसको लेकर 13 खंड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। किसी भी आपात स्थित में परीक्षा प्रभावित न हो इसको लेकर 40 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को रिजर्व में रखा गया है। परीक्षा को लेकर 5400 शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाया गया है इसमें 3400 माध्यमिक और करीब 2000 शिक्षक बेसिक के लगाए गए हैं। मानीटरिंग सेल की निगरानी के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट युगांतर त्रिपाठी को जिम्मेदारी दी गई है जिले में एक राजकीय विद्यालय को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। साथ ही वित्तविहीन के सात विद्यालय भी इसी श्रेणी में हैं। इतना ही नहीं वित्तविहीन के चार विद्यालय अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन केंद्रों की विशेष तरह से निगरानी की जाएगी। यहां पर पुलिस बल के साथ ही आने जाने वाले पर नजर रखी जाएगी। साथ ही परीक्षार्थियों की गहन तलाशी के बाद ही उन्हें केंद्रों पर प्रवेश दिया जाएगा।

केंद्र, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की संख्या

राजकीय विद्यालय- 09 - 01- 00

अशासकीय सहायता प्राप्त- 43 - 00 - 00

वित्तविहीन मान्यता प्राप्त- 76 -07 - 04

परीक्षार्थी- बालक - बालिका- योग

हाईस्कूल- 28221 - 21967- 50188

इंटरमीडिएट- 24189 - 18853 - 42472

योग- 50188 - 42742 - 92930

# थाने के सामने रील बनाना युवक को पड़ा महंगा

**बदायूं।(अवधनामा संवाददाता)** रील बनाने की शौकीन एक युवक को थाने के सामने रेल बनाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में कार्यवाही है। मामला थाना वजीरगंज के सामने का है जहां एक युवक ने वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया।वीडियो की बैकग्राउंड में युवक ने रोक सके जो दिल वालों को,ऐसी कोई जेल नहीं÷ सॉन्ग लगाया था। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 निवासी अंकुल सिंह रील बनाने का शौकीन है।रविवार को इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर उसका एक वीडियो सामने आया जिसमें वह थाना वजीरगंज के सामने वीडियो बना रहा है।थाना पुलिस द्वारा सोमवार को वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में कार्रवाई की है।

## केंद्रीय बजट को लेकर किया गया व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन





**बदायूँ।** बदायूं क्लब में केंद्रीय बजट को लेकर व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता मौजूद रहे। केंद्रीय बजट 2026-27 पर आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट देश की आर्थिक मजबूती, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने आगे कहा मोदी सरकार ने इस बजट के माध्यम से व्यापार, उद्योग, किसान और मध्यम वर्ग को राहत देने के साथ-साथ एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन, कर प्रणाली में सरलीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया है।उन्होंने कहा कि यह बजट व्यापारियों के लिए नई संभावनाएं और अवसर लेकर आया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी।कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने बजट का स्वागत करते हुए अपने सुझाव एवं विचार भी साझा किए।अंत में सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, प्रदेश मंत्री उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पवन जैन, सर्वेश गुप्ता, गोपाल, रूपेंद्र सिंह लावा, धीरज पटेल आदि मौजूद रहे।

## हत्या के दोषी अभियुक्त को आजीवन कारावास

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-04 ने हत्या के मुकदमें में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 25 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता शिव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 28 जुलाई 2020 को वादी प्रीतम सिंह पुत्र जयपाल निवासी लाखनौर थाना नागल की सूचना पर अभियुक्त अरुण पुत्र विनोद कुमार निवासी वाजिदपुर थाना नागल द्वारा वादी के चाचा दिगम्बर सिंह की खेत में धारदार हथियार से चोट पहुंचा कर हत्या कर देने के सम्बंध में थाना नागल पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-04 में विचाराधीन रहा।

## एबेकस व वैदिक गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा







*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ब्रेन बूस्टेबल के तत्वाधान में आयोजित एबेकस एवं वैदिक गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी हौंसला अफजाही की गई। गागलहेड़ी स्थित मोन्ट फोर्ट स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में तीन वर्गों में प्राइमरी, सीनियर प्राइमरी तथा जूनियर ने भाग लिया। प्रत्येक वर्ग में पाँच-पाँच टीमों का गठन कर उनके नाम महान गणितज्ञों, आर्यभट्ट, रामानुजन, भास्कराचार्य, श्रीधराचार्य व ब्रह्मगुप्त के नाम पर रखे गए। प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान आर्यभट्ट टीम ने, द्वितीय स्थान भास्कराचार्य टीम ने तथा तृतीय स्थान ब्रह्मगुप्त टीम ने प्राप्त किया। जबकि सीनियर प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान आर्यभट्ट टीम, द्वितीय स्थान ब्रह्मगुप्त टीम एवं तृतीय स्थान भास्कराचार्य टीम को प्राप्त हुआ। इसके अलावा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आर्यभट्ट टीम, द्वितीय स्थान भास्कराचार्य टीम तथा तृतीय स्थान ब्रह्मगुप्त टीम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत विजेता टीमों को प्रमाण पत्र एवं मेंडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी टीमों को भी प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि चौकी प्रभारी मोनिका यादव ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि एबेकस एवं वैदिक गणित जैसी प्रतियोगिताएँ बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता तथा तार्किक क्षमता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती हैं।

मोन्ट फोर्ट स्कूल के निदेशक पंकज गर्ग ने भी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। ब्रेन बूस्टेबल के निदेशक अरिहंत जैन व प्रशिक्षिका मीनाक्षी कम्बोज ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ है।

# जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** अदलीशपुर के मजरा फूलपुर में सोमवार को एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व चेयरमैन गन्ना विकास परिषद ऐरा मंगू लाल लोधी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन बसंती लाल लोधी और डॉ. सर्वेश लोधी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवेश लोधी उत्तम ने कहा कि शिक्षा और रोजगार पर जोर समाज के हर व्यक्ति का हक है। जिसे हासिल करने के लिए हर सम्भव प्रयास और परिश्रम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार ही समाज के विकास की कुंजी है। इस अवसर पर लेखराज लोधी, बैजनाथ लोधी, मौजी लाल, प्रकाश लोधी, ललित यादव,पापिल प्रजापति, पूर्व प्रधान रामलखन लोधी,सियाराम लोधी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बसंती लाल लोधी ने किया।

# पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ दबोचा नशा तस्कर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर सरफराज पुत्र मतलूब उर्फ कल्लू निवासी ग्राम रीढी मोहीद्दीनपुर थाना बेहट को रीढी मोहीद्दीनपुर जाने वाले राजबाहे की पुलिया से गिरफ्तार कर उसके के कब्जे से 15.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। थाना बेहट पुलिस ने नशा तस्कर के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं को किया हाउस अरेस्ट





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सहारनपुर में कांग्रेस पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के घरों पर पहुंचकर उनको हाउस अरेस्ट किया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की थी, जिसमें सहारनपुर से भी कांग्रेस जनों के शामिल होने की भनक लगते ही पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा समेत कॉग्रेस के कई पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट कर लिया। लखनऊ जाने से रोकने के लिए आज तड़के से ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिवगण प्रवीण चौधरी व अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मनीष सहगल आदि नेताओं के निवास पर पुलिस ने डेरा डाल दिया और सबको हाउस अरेस्ट कर उनका बाहर निकलना निषेध कर दिया । कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने पुलिस की इस कार्रवाई को भाजपा शासन की हिटलरशाही करार देते हुए भाजपा पर जनता की आवाज दबाने का आरोप लगाया। संदीप राणा ने कहा कि हम केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने के विरुद्ध अपना शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव करने लखनऊ जा रहे थे, लेकिन हमें ऐसे रोककर प्रदेश की भाजपा सरकार मजदूरों के हक की मांग हेतु उठने वाली कांग्रेस की आवाज को दबाने का काम कर रही है। संदीप राणा ने कहा कि यह हमारे विरोध करने के संवैधानिक अधिकार का हनन है, सरकार विपक्ष की आवाज को दबाकर अपनी जन विरोधी नीतियों पर पर्दा डालने और लोकतंत्र में संविधान की हत्या करने का काम कर रही है। हम इसके विरुद्ध संघर्ष के लिए तैयार है। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली ने सरकार की इस दमनात्मक नीति को देश की संवैधानिक व लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध बताया।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में जनता की समस्याओं का किया निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने जनसुनवाई के दौरान जनता की समस्याओं का ध्यान पूर्वक सुना और संबंधित पुलिस अधिकारियों को प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समस्या का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ, शिकायतें व आवेदन प्रस्तुत किए, जिन्हें अधिकारियों द्वारा पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। एसएसपी अभिनंदन सिंह ने सभी प्रकरणों में समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए, प्रत्येक शिकायतकर्ता को निस्तारण की समुचित सूचना उपलब्ध कराई जाए, जिससे जनता का भरोसा और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य पुलिस-जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ करना और जनपद में सुशासन एवं बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए होगा चयन ट्रायल

**सहारनपुर।** हॉकी खेल के जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ी प्रतिभाग कर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 फरवरी तक गोरखपुर में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग हेतु क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर द्वारा जिला व मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 19 फरवरी को किया जायेगा।

क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने बताया कि जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 19 फरवरी को ही अपरान्ह 12 बजे किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का सघन निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आज कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि निरीक्षण पुस्तिका में संबंधित कर्मचारियों का नाम भी उल्लेखित किया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक प्रथम, न्यायिक सहायक द्वितीय, नगर पालिका परिषद, आयुद्ध, राजस्व सहायक द्वितीय, बिल सहायक पटल को देखा। उन्होने निर्देश दिए कि निरीक्षण पुस्तिका में संबंधित कर्मचारियों का नाम भी उल्लेखित किया जाए। सभी पटलों के कार्य विभाजन को देखा। सभी से कहा कि मानव संपदा के विवरणों को भौतिक रूप से भी रखा जाए। सभी कर्मचारी ई-ऑफिस के आधार पर शत-प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित करें। रिटायर्ड होने वाले कार्मिकों की पंजिका को देखा तथा इनको अद्यतन करने के निर्देश दिए।



उन्होने सख्त निर्देश दिए कि उच्च स्तर पर दिए गये निर्देशों के आधार पर की गयी कार्यवाही को सर्विस बुक में भी उल्लेखित किया जाए।

कार्यालय में उल्लेखित रजिस्टरों में मास्टर रजिस्टर भी बनाया जाए। उन्होने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी पटलों के कनिष्ठ प्रभारियों की भी नियुक्ति की जाए। रजिस्टरों को नियमानुसार बनाया जाए। कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। डिस्पैच रजिस्टर के साथ-साथ विषय को भी उल्लेखित किया जाए। सभी कर्मचारी अपने आईकार्ड का डिसप्ले करें। आंग्ल अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होने रिकार्ड को कर्मिक रूप से वैज्ञानिक ढंग से लगाने के निर्देश दिए ताकि डिजिटल दस्तावेजों की भांति भौतिक दस्तावेजों की भी एक क्लिक पर यथाशीघ्र जानकारी मिल सके। नजारत का निरीक्षण कर उन्होने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि नजारत के संबंध में एक एसओपी तैयार की जाए। समस्त कार्यों का रजिस्टर में अंकन किया जाए। वस्तुओं की खरीदारी नियमानुसार जैम पोर्टल से की जाए। राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागार के रिकार्डों का गहन निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिए कि अभिलेखागार का रख-रखाव हमेशा बेहतर तरीके से किया जाए। जिला भूमि व्यवस्था अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। भूलेख अनुभाग में कृषक दुर्घटना सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण कर उन्होने निर्देश दिए कि पुराने वादों को दिन-प्रतिदिन की तिथि देकर यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। 05 वर्ष से अधिक पुराना कोई भी वाद लम्बित न रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, ओएसडी अनिप कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 17 फरवरी 2026



# घटिया निर्माण की खुली पोल, पाइप लाइन बिछाने के बाद की गई टेस्टिंग के दूसरे दिन फटी टंकी

**ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिले में जल जीवन मिशन और नमामि गंगे के तहत लोगों की पानी मयस्सर कराये जाने के लिए पाइप लाइन और टंकियो का निर्माण कराया गया। योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन आएदिन टूटने और लीकेज होने के कारण जिलेवासियों को कई कई दिन पानी नसीब नहीं हो पाता है और अब बनाई गई पानी की टंकियां में भी दरारे आने से पानी बहने लगा है। जिसका जीता जागता उदाहरण विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत नगाराडांग में देखने को मिला, जहां पर पाइन लाइन बिछाने के बाद की गई टेस्टिंग के दूसरे दिन टंकी का सारा पानी बहकर बर्बाद होने लगा। विभाग की इस योजना में गंभीर अनियमितताएं बरते जाने से ग्रामीणों में चर्चा का बाजार गर्म है। ग्राम प्रधान ने इस संबन्ध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत नगराड़ांग में जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे के तहत संचालित हर घर जल योजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। योजना के तहत कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने गांव में एक दिन पहले पाइपलाइन बिछाकर उसका कनेक्शन ओवरहेड टैंक से करने के बाद उसकी टेस्टिंग की। टेस्टिंग के दिन सबकुछ ठीक रहा लेकिन दूसरे दिन ओवरहेड टेंक के बीच में दरार आने से पानी तेजी से साथ बहकर नीचे गिरने लगा, जिसे देख ग्रामीण डर गए कि दरारे बड़ी होकर टंकी को ही धरशायी कर दे। सुरक्षा की दृष्टि के चलते लोगों का वहां आना जाना से मना कर दिया गया है।

इस संबन्ध में जब ग्राम प्रधान गायत्री देवी को जानकारी हुई तो उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के अलावा अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मुईनुलइस्लाम को लिखित शिकायत पत्र सौंपा।

शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि कार्यदायी संस्था ने मानकविहीन और घटिया निर्माण कार्य कराया गया, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया साथ ही ग्रामीणों में पेयजल संकट बढ़ सकता है। ग ज्ञापन में ग्राम प्रधान के अलावा गौरीशंकर राजपूत, अशोक राजपूत, पप्पू साहू, मोहम्मद हकीम, सोनू, प्रदीप राजपूत सहित अन्य ग्रामीणों ने अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उधर अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण संजय सिंह तोमर ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि नगाराडांग गांव में पानी की टंकी का निर्माण धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था एससीएल एएमसी जेवी ने वर्ष 2025 में पूर्ण कराया गया था और पिछले दस माह से उक्त शिरोपरि जलाशय से नगाराडांग व अन्य ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। बताया कि स्थलीय जांच से विदित होता है कि उक्त शिरोपरि जलाशय में कोई भी स्ट्रक्चरल क्षति नहीं है बल्कि ओवर फ्लो के कारण टंकी के ऊपरी हिस्से से पानी बहता प्रतीत हो रहा है। शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी इंस्पेक्सन एजेन्सी ÷सेन्सिस÷ ने पूर्व में की थी। विज्ञप्ति में यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना वर्तमान में ट्रायल एंड रन के अन्तर्गत संचालित है।

## मनरेगा मुद्दे पर विधानसभा घेराव से पहले पूर्व विधायक हाउस अरेस्ट

**सेवरही, कुशीनगर।** मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में 17 फरवरी को लखनऊ में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश विधानसभा घेराव कार्यक्रम से पूर्व कुशीनगर जनपद में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी की चेतावनी के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनज़र पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को सोमवार शाम उनके आवास पर एहतियातन हाउस अरेस्ट कर लिया। दोपहर से ही उनके घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। इस दौरान की फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल और तेज हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा विधानसभा घेराव के आह्वान को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए। बताया जा रहा है कि अजय कुमार लल्लू विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुबौली में आयोजित जनाक्रोश रैली से लौट रहे थे, तभी दुदही क्षेत्र से ही पुलिस उनके साथ लग गई।

# धूमधाम के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि, पहुंचे लाखों श्रद्धालु, रातभर किया दर्शन

**शिवबारात में महादेव के रूप देख अचंभित हुए विदेशी पर्यटक**

**अवधनामा ब्यूरो**





**वाराणसी।** बाबा भोले की नगरी काशी में महाशिवरात्रि के पर्व श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ को 46 देश का भोग प्रसाद भोग आरती में चढ़ाया गया है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री काशी विश्वनाथ धाम में भक्तों की ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, जहाँ 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। सुबह के समय ही 1.6 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके थे और दर्शन के लिए 5 किलोमीटर लंबी कतारें लगी थीं। भीड़ को देखते हुए भक्तों को दर्शन के लिए महज 2 सेकंड का समय मिल रहा था। वहीं शहर भर के बाकी शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा था। बीएचयू स्थित बिरला टेंपल में 3 किलोमीटर तक लंबी कतारबद्ध होकर श्रद्धालु महादेव को जल अर्पित किए।

# बीएचयू में एग्रीकल्चर विभाग द्वारा आयोजित एपीएल फाइनल में कुरियन वॉरियर ने रोमांचक जीत



**अनंत कुमार ने अपनी मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी अखिल यादव को समर्पित कर दी**

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** बीएचयू में एग्रीकल्चर विभाग द्वारा आयोजित एपीएल का फाइनल मुकाबला में रविवार को एग्रो राइजिंग स्टार और कुरियन वॉरियर के बीच खेला गया। मैच की शुरुआत में टॉस एग्रो राइजिंग स्टार ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एग्रो राइजिंग स्टार ने निर्धारित ओवरों में 108 रन का स्कोर बनाया। टीम की ओर से अमित पटेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 50 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में अभय ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुरियन वॉरियर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.3 ओवर में मैच जीत लिया। टीम की ओर से अखिल ने 28 गेंदों में 44 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि अनंत ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। आखिरी ओवर में कुरियन वॉरियर को जीत के लिए 6 रन चाहिए थे। संदीप विसेन ने ओवर की पहली दो गेंदों पर डॉट खेलने के बाद तीसरी गेंद पर शानदार छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए अनंत कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। खेल भावना दिखाते हुए अनंत कुमार ने अपनी मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी अखिल यादव को समर्पित कर दी। सीरीज के अन्य पुरस्कारों में ऑरेंज कैप निखिल कुमार को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए दी गई। पर्पल कैप अनंत कुमार को 9 पारियों में 19 विकेट लेने के लिए प्रदान की गई।

## पांडेयपुर ईएसआईसी हॉस्पिटल में चार दिनों से लिफ्ट खराब



**अस्पताल प्रशासन जानकारी होने के बाद भी बेखबर होने का कर रहा नाटक**

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** राज्य कर्मचारी बीमा निगम हॉस्पिटल ( ईएसआईसी ) पांडेयपुर में विगत चार दिनों से अस्पताल में सामने स्थित बिल्डिंग के पूछताछ काउंटर के बगल में स्थित लिफ्ट विगत चार दिनों से पूरी तरह खराब पड़ी है। जिससे द्वितीय तल पर स्थित ऑपरेशन थियेटर जाने में मरीजों और अन्य मरीजों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर उनको ग्राउंड फ्लोर स्थित एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी के लिए जाने में खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। उन मरीजों को भी ऊपर नीचे करने के लिए सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। वही रोज अपने मरीजों को देखने आने जाने वाले लोगों को भी भारी मशक्कत उठानी पड़ रही है। बड़े बुजुर्गों लोगो को भी मरीजों से मिलने के लिए सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है जो कष्टकारी प्रतीत हो रहा है। मरीजों को लेकर आने जाने वाले लोग स्टाफ के लोगो से लिफ्ट ठीक कराने को कह कहकर परेशान हो चुके है लेकिन इन लोगों की सुने कौन। अस्पताल प्रशासन पर तो लोगों के कहने का कोई असर ही नहीं हो रहा।

# बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड में अघोराचार्य के हाथों, स्थापित हुए शिवलिंग

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** शिवालय स्थित सिद्ध पीठ बाबा कीनाराम ÷क्री-कुण्ड÷ मे महाशिवरात्रि के अवसर पर पीठाधीश्वर, अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी, के कर-कमलों द्वारा इस पीठ में पहली बार एक मंदिर स्थापित कर विधि-विधान से शिवलिंग की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा हुई ।

इस मौके पर उपस्थित अघोर-श्रद्धालुओं के लिए ये अद्भुत और अविस्मरणीय क्षण था। इस महान अघोरपीठ में पहली बार शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा व स्थापना, आध्यात्मिक क्षेत्र के जानकारों के लिये चर्चा का विषय रहा। ग़ौरतलब है कि, भगवान शिव से अविर्भावित, अघोरी/औघड़, परंपरा में अवस्थित महान संतों को साक्षात शिव रूप में पूजा जाता है और इनकी समाधि बाद, समाधि के ऊपर, शिवलिंग स्थापित किया जाता है । श्रद्धालुजन इन समाधियों को भी शिव के प्रतीकात्मक रूप में उसी आस्था-भाव संग पूजते हैं । बता दे की वाराणसी स्थित, इस परंपरा के विश्वविख्यात सिद्धपीठ बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड में एक-न-एक- बार ज़रूर गए होंगे। इस परिसर में परंपरागत मंदिरों की बजाय आपको अघोर-परंपरा के सर्वमान्य आचार्य अघोराचार्य महाराजश्री बाबा कीनाराम जी, महान औघड़ पीर बाबा राजेश्वर राम जी, विश्वविख्यात संत अघोरेश्वर महाप्रभु बाबा अवधूत भगवान् राम जी की मूर्ति एवं समाधि सहित अनेकों औघड़ संतों की समाधि दिखाई देगी। इसके अलावा अघोर और तंत्र की कुलदेवी मानी जाने वाली माता हिंगलाज भी यहां मौजूद हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व वूसली की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा की गई। डीएम ने ईओ खैर के बैठक से अनुपस्थित होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के जिला मुख्यालय न छोड़े अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में सभी अधिकारी राजस्व वसूली के कार्यों में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत सभी एसडीएम एवं ईओ को प्लास्टिक मुक्त अभियान का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वह तहसील के बड़े बकाएदारों की सूची को अद्यतन रखें और नोटिस जारी की कुर्की करना सुनिश्चित करें। डीएम ने जिले में विगत दिनों धर्मकांटों में मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला बाटमाप अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी धर्मकांटों को पारदर्शी तरीके से संचालित कराना सुनिश्चित करें। इस पर बाटमाप अधिकारी ने बताया कि अब तक 18 प्रकरणों में जांच करते हुए 08 धर्मकांटों में अनियमितता पाए जाने पर चालान कर बंद कराया गया है, कार्यवाही जारी है।

जिलाधिकारी ने न्यायालयों में लंबित विभिन्न वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 05 साल पुराने सभी वादों का प्राथमिकता से निस्तारण कराते हुए उन्हें जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम एवं एसीएम को निर्देशित किया कि न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण के लिए अपने स्तर से भी बैठक कर संबंधित की जिम्मेदारी तय करें और मानक पूरा न करने वाले कार्मिकों को प्रतिकूल प्रविष्टि दें ताकि वाद निस्तारण में तेजी लाई जा सके।

## हज़रत कुतुबशाह की मजार में होगी 6 दिन की तरावीह



**महोबा।** रमजान माह शुरू होते ही इशा की नमाज़ के बाद पढ़ी जाने वाली कुरान तरावीह का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसी तरह हर साल की तरह इस साल भी हजरत हाजी कुतुबशाह रहमतउल्लाह अलैह के मजार परिसर पर छह दिन की तरावीह होगी। यहां पर हाफिज मोहम्मद इरशाद साहब तरावीह सुनाएंगे। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना काफ़ी खास है, इस महीने में अधिक से अधिक तिलावत और तरावीह की नमाज़ अदा करनी चाहिए, इस महीने में नेकियां बरसती है। साथ ही सभी हजरात से अपील है कि जल्द तरावीह सुनने के लिए कुतुबशाह के मजार पर ज़रूर पहुंचे। तरावीह बाद नमाज इशा के शुरू होगी।

# सी पी इंटरनेशनल स्कूल में काफी विथ प्रिंसिपल कार्यक्रम संपन्न हुआ




**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** विद्यालय के प्राइमरी विंग द्वारा "Coffee with Principal" कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन के मध्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, आगामी परीक्षाओं की तैयारी तथा उनके सर्वांगीण विकास पर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ। अभिभावकों के सुझाव आमंत्रित किए गए तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ रहीं। बच्चों ने मधुर स्वर में गीत, भावपूर्ण अभिनय एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यालय के समग्र विकासात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती जोशना अग्रवाल ने उत्कृष्ट अंकों के साथ गहन समझ एवं संस्कारों के संवर्धन पर बल दिया। उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे ने अभिभावक-विद्यालय सहभागिता को विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के अध्ययन में सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करें।

कार्यक्रम के दौरान सक्रिय सहयोग हेतु कुछ अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही कई अभिभावकों ने उद्बोधन देते हुए विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं संवादात्मक पहल की सराहना की। अंत में प्राइमरी विंग की इंचार्ज श्रीमती शिवानी दीक्षित ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ

## क्षेत्राधिकारी यातायात अभय वर्मा द्वारा पुलिस लाइन फतेहगढ़ में मीटिंग आयोजित की गई

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभागार फतेहगढ़ में क्षेत्राधिकारी यातायात अभय वर्मा द्वारा ढ्ढन्र्ष्ठ/श्वष्ठक्र पोर्टल के संबंध में मीटिंग आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक फतेहगढ ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना स्थल पर फॉर्म तत्काल भरें। दुर्घटना से संबंधित सभी विवरण (फोटो, वीडियो, गवाह बयान आदि) सटीक रूप से दर्ज करें। डेटा अपलोडिंग में किसी प्रकार की देरी न हो। कंप्यूटर ऑपरेटरों को पोर्टल पर डेटा एंट्री, वैरिफिकेशन, रिपोर्ट जनरेशन तथा तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सड़क सुरक्षा डेटा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में यातायात प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी, डिजिटल एवं कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सीओ मोहम्मदाबाद द्वारा थाना नवाबगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद।** आज क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद द्वारा थाना नबावगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र, थाने की बैरक, थाने की मेस, थाना कार्यालय एवं हवालात का सम्यक रूप से निरीक्षण किया गया। समस्त अभिलेखों, सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पंचरतन मंदिर में भोग भंडारे का आयोजन संपन्न



**वाराणसी।** मोक्ष नगरी काशी के कोने-कोने में महादेव बाबा विश्वनाथ स्वयं विराजमान है। इसीलिए कहा जाता है कि तीनों लोकों में काशी का स्थान सर्वोपरि है। संकट मोचन-लंका मार्ग स्थित पंचरतन मंदिर में स्थापित बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने सुबह से रात तक लाखों श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर के अर्चक अमित कुमार आचार्य ने बताया कि, विगत 14 वर्षों से महाशिवरात्रि का पर्व उनके और उनके भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है। मगर 2026 के महाशिवरात्रि ऐतिहासिक बन गया। उन्होंने प्रधानमंत्री के तारीफ़ करते हुए कहा कि, जिस तरीके से वाराणसी का विकास हुआ है उसे देखने और समझने के लिए अब लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन हमारे काशी आ रहे हैं, क्योंकि उनके मन में काशी के प्रति भावना के साथ जिज्ञासा जाग उठा है।

## सी.पी.इन्टरनेशनल स्कूल में सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ

**फर्रुखाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में दिनांक 16-02-2026 को एआरटीओ (प्रशासन) कृष्ण कुमार यादव के द्वारा सी.पी.इन्टरनेशनल स्कूल, फर्रुखाबाद में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा साहित्य वितरित किया गया है। एआरटीओ (प्रशासन) द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाएं केवल लापरवाही की वजह से बढ़ती जा रही है जिसको नियंत्रण करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

# आयुक्त ने प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपदों में संचालित शैक्षिक संस्थानों एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आमजन को पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा अजीत कुमार द्वारा जनपद महोबा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय न्यूरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवई सुनैचा तथा उचित दर की दुकान रिवई सुनैचा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य शैक्षिक व्यवस्था की गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा आमजन को मिलने वाली आवश्यक सेवाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना था।

प्राथमिक विद्यालय, न्यूरिया के निरीक्षण के दौरान कक्षा-4 में कोई भी अध्यापक उपस्थित नहीं पाया गया। विद्यालय के ब्लैक बोर्ड पर 09 फरवरी, 2026 अंकित पाई गई, जिससे यह प्रतीत हुआ कि उक्त कक्षा में नियमित शिक्षण कार्य नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कई छात्र बिना स्कूल बैग, ड्रेस एवं जूतों के उपस्थित थे, जो कि शैक्षिक व्यवस्था में लापरवाही को दर्शाता है। कुछ समय पश्चात प्रधानाध्यापिका कक्षा में उपस्थित हुई, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वह मिड डे मील बना रही रसोईया का काम देखने गई थी, इसी क्रम में उनसे शिक्षण पद्धति के संबंध जानकारी ली गई, किंतु वह संतोषजनक उत्तर देने में असमर्थ रही। कक्षा-1 के निरीक्षण में सहायक अध्यापिका श्रीमती रजनी सिंह अपने बच्चे के साथ विद्यालय में उपस्थित थीं तथा कक्षा में छात्र अव्यवस्थित अवस्था में पाए गए। उक्त स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी, को संबंधित अध्यापिकाओं से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत उच्च प्राथमिक विद्यालय, रिवई सुनैचा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा-4 में सिद्धार्थशंकर, अध्यापक हिंदी पढ़ाते हुए पाए गए, किंतु कक्षा में स्थापित डिजिटल बोर्ड/प्रोजेक्टर प्लास्टिक कवर से ढका पाया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि उपलब्ध आधुनिक संसाधनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। कक्षा-1 में विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित थी तथा पंखे एवं बल्ब निष्क्रिय अवस्था में पाए गए। विद्यालय भवन की दीवारों में दरारें भी पाई गई, साथ ही अनिल कुमार एवं अनुज प्रताप सिंह, अध्यापक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। आयुक्त द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि उक्त पायी गयी कमियों को तत्काल ठीक कराते हुये तथा उक्त दोनों अध्यापकों का वेतन तत्काल प्रभाव से अवरुद्ध करते हुए अपना स्पष्टीकरण आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के क्रम में उचित दर की दुकान, रिवई सुनैचा का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक के स्थान पर उनका साला शानू सिंह उपस्थित पाया गया, जो कि नियमों के विपरीत है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई कि राशन वितरण के साथ उपभोक्ताओं को चाय पत्ती, निरमा एवं साबुन खरीदने हेतु बाध्य किया जाता है, जो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लापरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण की जांच कर स्पष्टीकरण आयुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने तमाम समस्याओं को लेकर बाइक रैली निकालकर किया प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में नमामि गंगे योजना के तहत कई दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने सहित किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने कस्बे में बाइक रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार को सौंपा। एसडीएम ने किसानों से ज्ञापन लेकर उच्चाधिकारियों को भेजे जाने का आश्वासन दिया।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विकासखंड पनवाड़ी के लोहर गांव, कोटरा, बिहार, कोनिया सहित आधा दर्जन गांवों में कई दिनों से नमामि गंगे योजना के तहत की जाने वाली पेयजल आपूर्ति बंद है। इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने जैसी कई समस्याओं को लेकर किसानों ने बाइक रैली के जरिए विरोध जताया। बताया कि अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण होने पर विवश होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा।

बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक, बालाजी, सहित संगठन के लोगों ने ग्राम रगोलिया चौराहा से कुलपहाड़ तक बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# चमकेंगी ग्रामीण इलाकों की प्रतिभाएं

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या के ग्रामीण इलाकों में खेल सुविधाओं में अब बड़ा परिवर्तन दिखने जा रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ युवाओं के खेल और शारीरिक विकास पर विशेष जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ओपन जिम और आधुनिक स्टेडियम निर्माण की व्यापक योजना बनाई है। इस कदम से अयोध्या के गांवों में छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा और युवा स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय अभ्यास कर सकेंगे।

स्टेडियम बनाने की तैयारी जोरों पर है। प्रशासन द्वारा 11 विकासखंडों में भूमि चिह्नित करने का कार्य शुरू हो चुका है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपयुक्त जगहों की पहचान की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके। ये सुविधाएं ग्रामीण युवाओं को शहरों की ओर जाने की मजबूरी से बचाएंगी और उन्हें घर के पास ही अभ्यास का मौका देंगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने खेल को युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम माना है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खेल सुविधाओं पर विशेष प्रावधान किया गया है। राज्य स्तर पर ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम निर्माण के लिए 130 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित की गई है। यह राशि पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उपयोग की जाएगी, जिसमें अयोध्या के गांव भी प्रमुखता से शामिल होंगे।

सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि अयोध्या को आस्था का केंद्र के साथ-साथ खेल और युवा सशक्तिकरण का भी प्रमुख हब बने। राम नगरी के रूप में विश्व प्रसिद्ध होने के साथ ही यहां के युवा खेल के मैदान में भी नई ऊंचाइयां छू सकें। ओपन जिम से आम ग्रामीण युवा फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग में रुचि ले सकेंगे, जबकि मिनी स्टेडियम, क्रिकेट, फुटबॉल, कुश्ती और एथलेटिक्स जैसी खेल गतिविधियों के लिए आदर्श साबित होंगे। यह योजना 'कैच देम यंग' की भावना से जुड़ी हुई है, जिसके तहत बचपन से ही प्रतिभाओं को पकड़कर उन्हें निखारा जाता है।

मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के ग्रामीण युवा अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। भूमि चिह्नांकन के बाद जल्द ही निर्माण एजेंसियां काम शुरू करेंगी। इससे न केवल युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। गांवों में खेल के मैदान और जिम बनने से पर्यटन के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

रुदौली विधानसभा क्षेत्र बिड़हार गांव निवासी अजय तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में ऐसी आधुनिक सुविधाएं आने से हमारे जैसे युवाओं को बड़ा मौका मिलेगा। प्रतिभा होने के बावजूद संसाधनों की कमी से पीछे रह जाते थे, अब घर के पास ही क्रिकेट, कुश्ती या फुटबॉल का प्रैक्टिस कर सकेंगे। सरकार का 130 करोड़ का प्रावधान देखकर लगता है कि अब गांव के बच्चे भी देश-विदेश में नाम कमाएंगे।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के किनौली गांव निवासी मुकुल श्रीवास्तव काफी उत्साहित है उनका कहना है कि गांव में मिनी स्टेडियम लगभग तैयार होना बड़ा तोहफा जैसा है। ओपन जिम भी बड़ी सौगात होगी। पहले हम लोग सिर्फ गांव के पुराने मैदान पर खेलते थे, लेकिन अब आधुनिक सुविधाओं से ट्रेनिंग मिलेगी। क्रिकेट और एथलेटिक्स में मेरी रुचि है, अब मैं नियमित अभ्यास करके राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकूंगा। यह सुविधाएं गांव के हर युवा के लिए गेम चेंजर साबित होंगी।

## महाशिवरात्रि पर कान्हा गौशाला के संचालक शक्ति सिंह किया नंदी पूजन, गौसेवा का लिया संकल्प

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनकल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक एवं कान्हा गौशाला अयोध्या के संचालक शक्ति सिंह ने श्रद्धा और विधि-विधान के साथ नंदी महाराज का पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव तथा सहायक नगर आयुक्त भी उपस्थित रहे।गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नंदी का पूजन किया गया। शक्ति सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा और त्याग का संदेश देने वाला महापर्व है। भगवान शिव के वाहन नंदी की पूजा कर उन्होंने गौवंश की रक्षा, नगर की समृद्धि और समाज में सुख-शांति की कामना की।अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

# रमजान, ईद व होली-रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि चंद्र दर्शन के अनुसार 18/19 फरवरी 2026 से रमजान माह प्रारंभ होना संभावित है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय द्वारा प्रतिदिन सेहरी, तरावीह, रोजा इफ्तार तथा मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर 20/21 मार्च 2026 को मनाया जाना संभावित है। रमजान के अंतिम शुक्रवार (जुमातुलविदा) 13/20 मार्च को पड़ेंगे, जबकि शिया समुदाय द्वारा 19वीं, 20वीं और 21वीं रमजान को जुलूस निकाले जाते हैं।

नगर में सुन्नी समुदाय द्वारा सिविल लाइन ईदगाह तथा शिया समुदाय द्वारा इमामबाड़ा राठ हवेली और रानोपाली ईदगाह में सामूहिक नमाज अदा की जाती है। इसी अवधि में 2 मार्च को होलिका दहन, 4 मार्च को होली तथा 19 से 27 मार्च तक अयोध्या धाम का प्रांतीयकृत चैत्र रामनवमी मेला आयोजित होगा। त्योहारों की श्रृंखला को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।डीएम ने निर्देश दिए हैं कि सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें। थानों व चौकियों पर शांति समिति की बैठकें समय से आयोजित की जाएं और नई परंपरा शुरू न होने दी जाए।मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी अस्पतालों, सीएचसी-पीएचसी में चिकित्सा व्यवस्था व एंबुलेंस उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम, नगर पालिका, पंचायत राज विभाग को साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत और चूना छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा गया है। विद्युत विभाग को जर्जर तारों व खंभों की मरम्मत तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को मस्जिदों, ईदगाहों व प्रमुख मार्गों की मरम्मत कराने को कहा गया है। जल निगम को हैंडपंपों की रिबोरिंग व समतलीकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।भीड़भाड़ वाले स्थलों से निराश्रित पशुओं को हटाने के लिए नगर निकाय, पशु चिकित्सा एवं पंचायती राज विभाग को संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी निषेधाज्ञाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।पर्वों के मद्देनजर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय (05278-223753) को कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# पिछले करीब तीन दशकों से कांग्रेस सपा बसपा ने हमारे समाज का शोषण करते रहेः वसीम राइन

## पसमांदा मुस्लिम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम का जोरदार हुआ स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। मुस्लिम पसमांदा समाज के बीच उन जातीयों को जोड़ कर बना एक संगठन है जिनको उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिला। अन्सारी, राईन, मंसूरी और सलमानी, धोबी, फ़क़ीर, मनिहार, हलवाई, नट, बंजारा आदि है। ये बात गाँधी भवन मे मुस्लिम पसमांदा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। महाज के जिलाध्यक्ष हाजी नूरुल हसन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने आगे कहा कि कुछ हिंदू पिछड़ी जातियों को उनकी आबादी से अधिक प्रतिनिधित्व मिल जाता है, इसी कारण सरकार में भी उनका हिस्सा उनकी आबादी के अनुपात से अधिक रहा है। पिछले करीब तीन दशकों का उत्तर भारत का राजनीतिक इतिहास यही बता रहा है। श्री राइन ने कहा पसमांदा मुसलमानों को कभी सेक्युलरिज़्म के नाम पर समाज का नेता न चुनने की मजबूरी होती है तो कभी शायरी की वजह से मन मसोस कर बैठ जाना पड़ता है। इन हालात को हमेशा इसी तरह का बनाए रखने के लिए मुस्लिम अशराफ सियासी दलों के आला कमान को तरह तरह से 'मुस्लिम वोटों' का प्रलोभन देने में सफल होते रहे हैं। पसमांदा मुस्लिम समाज के बीच से आने वाली लीडरशिप पर सवालिया निशान भी यही लोग लगाते हैं। आगे कहा ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ सभी सियासी दलों के आलाकमान से मांग करता है कि पसमांदा मुस्लिम बिरादरियों के नेताओं को उनकी आबादी के अनुपात में समुचित नुमाइंदगी देना सुनिश्चित करे ताकि पूरे मुस्लिम समाज को सामाजिक न्याय के अंतर्गत भागीदारी मिल सके। इसके अलावा निम्न बिंदुओं के अनुसार पसमांदा महाज़ 2027 के विधान सभा चुनाव की रणनीति तैयार कर चुका है।

# हजरत अब्बास की याद में सजी महफिल, 24वा साल भी बरकरार रहा वही जज्बा

## आल इण्डिया जशने हजरत अब्बास का 24 वां दौर सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** कर्बला सिविल लाइन में अन्जुमन गुन्चयें अब्बासियां के जेरे एहतमाम व मोमिनीन-ए-बाराबंकी की जानिब से होने वाली आल इण्डिया महफिलें मकासिदा जश्नें हजरत अब्बास (अ.) का 24 वां दौर बहुत ही शान व शौकत व जबरदस्त कामयाबी के साथ सम्पन्न हुआ, जिसकी शुरूआत तिलावते कलाम पाक से मौलाना हिलाल अब्बास ने की। खिताबत मौलाना सैयद गुलज़ार जाफरी कब्लिा अजमेर ने किया। अंजुमन की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी हाई स्कूल और इंटर मीडियट में अच्छे नंबरों से पास होने वाले क़ौम के बच्चों को हजरत अब्बास अवार्ड दिया गया, यूजीसी नेट 2025 में ज़बरदस्त अच्छे नम्बर लाने वाले 3 बच्चों फरस अब्बास, अनमता अस्करी, हैदर अब्बास जैदी वा दीनी व अदबी ख़िदमत के लिए मौलाना सैयद अता मेहदी ज़ैदपुरी और दीनी वा कौम की ख़दिमात के लिए कमेटी 4 शाबान अंजुमन हुसैनिया जैदपुर और 28 रजब के लिए अंजुमन दस्तए हैदरी जैदपुर को उनके द्वारा किये गये कार्य के लिए अवॉर्ड दिया गया। तारागढ़,अजमेर से आये हुए मौलाना सैय्यद गुलज़ार हुसैन जाफरी ने कहा अपने बच्चों की अच्छी परवरिश करे जिससे आगे चलकर वो अपने समाज और दीन के लिए अच्छा कार्य करे, मौला अब्बास (अ) क़मरे बनी हाशिम हैं,इन्हें बनी हाशिम का चांद कहा जाता है जिस वजह से इन्हें बाबुल हवाएज भी कहा जाता है और मेहमाने खुसूसी आज़मगढ़ से आये हुए आली जनाब मौलाना मेराज हैदर खां साहब ने कहां ईमान की निशानियों में एक दलील वफादारी भी है सरकारे बाबुल हवायज का वफादार होना इस बात की दलील है जो कहते थे वो करते थे, मौला अब्बास का एक लक़ब सानिए ज़हरा भी है।

# प्रतिबंधित पेड़ो को काटने की शिकायत पर दबंगो ने शिकायतकर्ता की पिटाई



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** अवैध पेड़ो की कटान की शिकायत करना युवक को उस समय भारी पड गया ज़ब दबंगो ने इसे घेर कर बीच सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। तभी वहां मौजूद कुछ लोगो ने मारपीट की वीडियो बना ली। पीड़ित के पास वीडियो साक्ष्य होने के बावजूद पुलिस दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहो किया जिससे पुलिस की कार्यशेली पर सवाल उठने लगे। मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर निवासी सियाराम पुत्र सुंदरलाल ने बताया कि 4 फरवरी 2026 को गांव में लगे 17 आम के हरे-भरे पेड़ों को बिना परमिट अवैध रूप से काटा जा रहा था। आरोप है कि पप्पू ड्राइवर, अरमान, ओमकार सिंह और रणजीत सिंह द्वारा कथित रूप से यह अवैध कटान की जा रही थी। पीड़ित सियाराम के अनुसार उन्होंने इस संबंध में रामनगर के वन दरोगा और डिप्टी रेंजर से अवैध पेड़ कटान की शिकायत की थी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत से नाराज़ होकर आरोपितों ने उन्हें सैदनपुर की पुलिया पर बुलाया, जहां उनके गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। सियाराम का यह भी कहना है कि आरोपितों ने पुलिस से साठगांठ कर उनके खिलाफ झूठा छिनौती (लूट) का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। पीड़ित का दावा है कि पूरी घटना का वीडियो साक्ष्य मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे वह और उनका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है। इस मामले में जब थाना प्रभारी सफदरगंज से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और मामले की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कानून व्यवस्था की उड़ाई जा रही धज्जिया

अवैध पेड़ कटान जैसे पर्यावरणीय अपराध और शिकायतकर्ता के साथ कथित मारपीट की घटना का वीडियो साक्ष्य मौजूद होने के बाद भी कार्रवाई शून्य होने ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। स्थानीय लोग मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## 166वें वर्ष में प्रवेश करेगी बरेली की विश्व विख्यात रामलीला, 25 फरवरी से गूंजेगा जयघोष

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शहर की सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली ऐतिहासिक रामलीला इस वर्ष अपने 166वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। श्री रामलीला सभा, बरेली की ओर से बड़ी बमनपुरी स्थित नरसिंह मंदिर, बड़ी बमनपुरी में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि 25 फरवरी को गणेश पूजन और भव्य पताका यात्रा के साथ रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। 15 मार्च को श्रीराम राज्याभिषेक के साथ इसका समापन किया जाएगा। सभा के उपाध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा और महेश पंडित ने बताया कि होली के अवसर पर आयोजित होने वाली यह विशेष रामलीला देश में केवल बरेली में ही आयोजित होती है। इसकी शुरुआत वर्ष 1861 में ब्रिटिश काल के दौरान हुई थी और तब से यह परंपरा निरंतर जारी है। इस अवसर पर सभा द्वारा प्रकाशित स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

# लापरवाही का गड्ढा बना मौत का फंदा, खेलते-खेलते गंदे पानी में गिरी तीन साल की साक्षी

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय मासूम साक्षी की गंदे पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक, दोपहर के समय साक्षी घर के बाहर खेल रही थी। गांव के बाहर जल निकासी के लिए एक गड्ढा खुदवाया गया था, जिसमें आसपास के कई घरों का गंदा पानी जमा हो रहा था। खेलते-खेलते बच्ची अचानक उसी गड्ढे में जा गिरी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचते और उसे बाहर निकालते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मासूम को तत्काल बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं। मृतका के पिता छोटेलाल ने आरोप लगाया कि गड्ढा बिना किसी घेराबंदी, चेतावनी बोर्ड या ढक्कन के खुला छोड़ दिया गया था। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए होते तो यह हादसा टाला जा सकता था। परिजनों ने ग्राम प्रधान की लापरवाही को इस दुखद घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुछ समय पूर्व भोजीपुरा थाना क्षेत्र में भी नाले में डूबने से एक मासूम की जान चली गई थी। उस घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने का दावा किया था, लेकिन ताजा हादसा उन दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं ग्रामीण इलाकों में खुले गड्ढों और अधूरे निर्माण कार्यों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

## शादी का झांसा, फिर हैवानियत चार माह तक संबंध बनाकर मुकरा आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** बरेली के शीशगढ़ थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ि़ता की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पीड़ि़ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी लगभग चार माह पहले एक युवक से जान-पहचान हुई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उससे शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़ि़ता ने विवाह की बात कही तो आरोपी ने शादी से साफ इंकार कर दिया और कथित रूप से उसे जान से मारने की धमकी देने लगा।

## सीवर का मौत बनता गड्ढा- वार्ड 11 में हर दिन दहशत, नगर निगम बेखबर, होली से पहले बड़ा खतरा

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के पुराने इलाके कटरा चाँद खां में वार्ड नंबर 11 के अंतर्गत आने वाली एक संकरी गली इन दिनों खतरे का पर्याय बन चुकी है। सीवर लाइन डालने के लिए करीब एक महीने पहले खोदा गया गड्ढा आज तक जस का तस खुला पड़ा है। यह गड्ढा न केवल राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है, बल्कि मोहल्ले के लोगों के मुताबिक अब यह किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद बरेली नगर निगम मौन साधे बैठा है। गली में रहने वाले बच्चों के आए दिन चोटिल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। शाम ढलते ही यह गड्ढा और भी खतरनाक हो जाता है, क्योंकि वहां न तो कोई चेतावनी बोर्ड है और न ही पर्याप्त बैरिकेडिंग। मोहल्ले के निवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि कई घरों में पीने के पानी में सीवर का पानी मिलकर आने की शिकायत भी की गई है। वार्ड 11 के निवासी हरि किशोर मौर्य का कहना है कि एक महीने से समस्या जस की तस बनी हुई है। कई बार स्थानीय पार्षद और नगर निगम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यदि सीवर का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है तो इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। होली का पवित्र त्योहार नजदीक है और ऐसे में गली-मोहल्ले के लोग संक्रमण और हादसे की आशंका से चिंतित और आक्रोशित हैं।'क्या नगर निगम किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?' स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि क्या नगर निगम किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? उनका कहना है कि अगर समय रहते गड्ढे की मरम्मत और सीवर लाइन का कार्य पूरा नहीं किया गया तो वे लोग सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द समाधान न होने पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। फिलहाल पूरे क्षेत्र में डर और गुस्से का माहौल है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिम्मेदार विभाग कब तक जागता है या फिर कोई अनहोनी होने के बाद ही कार्रवाई।

## विधान सभा घेराव से पहले कांग्रेसियों पर कड़ा पहरा

**मवई (अयोध्या)।** लखनऊ में प्रस्तावित विधान सभा घेराव कार्यक्रम से पूर्व क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। कार्यक्रम के एक दिन पहले ही कई कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया गया। बाबा बाजार पुलिस ने ब्लॉक अध्यक्ष परमानंद शुक्ला को उमापुर स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में नजरबंद कर दिया। अन्य नेताओं की भी तलाश की जा रही है। हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुनीर अहमद खां ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का अधिकार संविधान ने दिया है, लेकिन सरकार दमनात्मक रवैया अपना रही है।जिला उपाध्यक्ष मुजतबा खां ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्ष की आवाज दबा रही है। उन्होंने किसानों की समस्याओं, खाद-बीज की कमी और उपज के उचित मूल्य न मिलने का मुद्दा भी उठाया।

# वार्षिक उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर खूब बजी तालियां

*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहा (महराजगंज)।** सिसवा ब्लॉक के चिउटहा स्थित आरसी सेंट्रल एकेडमी का वार्षिकोत्सव सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आयोजित किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिसवा नगरपालिका की चेयरमैन शकुंतला जायसवाल के प्रतिनिधि हर्ष जायसवाल रहे। उन्होंने मां सरस्वती के दीप सम्मुख पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय की छात्रा आराध्या , विद्या और अंबिका द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और स्वागत गान की प्रस्तुति की। इसके बाद अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य एसडी गिरी और आचार्य राजाराम शास्त्री ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों दिव्या गिरी, अनन्या गुप्ता, प्रिंस, वारिस, शिवनंदन, खुशी और दिव्या गुप्ता आदि ने हास्य रिकॉर्डिंग, सास बहू की बकझक नाटक, देशभक्ति नाटक ऑपरेशन सिंदूर, रिकॉर्डिंग डांस, हास्य कॉमेडी और हास्य नाटक आदि की मनोहारी प्रस्तुति की।

इस पर खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर अभिमन्यु चौरसिया, अभिषेक श्रीवास्तव, अध्यापिका विजयलक्ष्मी शर्मा, संजू यादव, रीतु गुप्ता, जानकी गौड़, सपना सिंह, लक्ष्मण यादव, रुपेश कुशवाहा, विष्णु दयाल गिरी, बेचन गिरी आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का जनपद में जोरदार स्वागत, जगह-जगह हुआ अभिनंदन

### पडियाताल माता मंदिर में पूजन-अर्चन कर मांगी प्रदेश की खुशहाली, बोले– कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली जिम्मेदारी

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद दूसरी बार जनपद आगमन पर सोमवार को सिंदुरिया में उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सिंदुरिया में फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ जेसीबी व बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

सिंदुरिया, मिठौरा, बरोहिया ढाला, निचलौल, गड़ौरा, ठूठीबारी और पाड़यिा ताल में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए पहुंचे। सिंदुरिया एवं मिठौरा ब्लॉक मुख्यालय पर प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मिठौरा ब्लाक व बाजार में ग्राम प्रधान जिला अध्यक्ष अनिल जोशी, ब्लाक ग्राम प्रधान अध्यक्ष प्रतिनिधि रघुनाथ पटेल, पूर्व प्रमुख अमरेंद्र मणि पांडेय, ग्राम प्रधान विजय शर्मा ,बरोहिया ढाला राजेंद्र पटेल व अजय कुमार श्रीवास्तव तथा निचलौल में धीरू सिंह और शिवनाथ मद्धेसिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। पंकज चौधरी ने बरोहिया ढाला और निचलौल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। पाड़यिा ताल स्थित माता मंदिर में उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र एवं प्रदेश के लोककल्याण की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता के चरणों में नमन करते हुए उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। स्वागत से अभिभूत पंकज चौधरी ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता का है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और परिश्रम से ही उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिला है और वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे।

## बरेली में जुम्मे की नमाज पर बवाल, 200 हिन्दू परिवारों ने घरों पर लिखवाया 'मकान बिकाऊ है

**बरेली! (अवधनामा संवाददाता)** बरेली के विशारतगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मद गंज गांव में सामूहिक नमाज को लेकर शुरू हुआ विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। गांव के करीब 200 हिंदू परिवारों ने अपने घरों के बाहर 'मकान बिकाऊ है' लिखकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हालात नहीं बदले तो वे गांव छोड़ने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों के अनुसार गांव में मस्जिद नहीं है और पहले मुस्लिम समुदाय के लोग जुम्मे की नमाज के लिए पड़ोसी गांव जाते थे। आरोप है कि अब हर शुक्रवार अलग-अलग घरों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की जा रही है। बीते जुम्मे को भी एक घर में नमाज पढ़े जाने का वीडियो बनाकर पुलिस को सौंपा गया, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई के बजाय पुलिस ने उन्हें ही समझाइश दी।

# भोजीपुरा में आधी रात मुठभेड़- डकैती के चार आरोपी गिरफ्तार, दो को लगी गोली

### डकैती कांड के वांछितों से मुठभेड़: 60 हजार नकद और तमंचे बरामद, 25-25 हजार के इनामी समेत

*अवधनामा संवाददाता*

**भोजीपुरा।** थाना भोजीपुरा पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान मुठभेड़ में डकैती के वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि एक दरोगा और एक सिपाही भी घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 हजार रुपये नकद, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। संदिग्ध पिकअप देख पुलिस को हुआ शक पुलिस के अनुसार, सोमवार तड़के करीब 1ः40 बजे थाना प्रभारी भोजीपुरा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वांछित अपराधियों की तलाश में थे। ग्राम मसीत से महेशपुर शिवसिंह मार्ग पर एक पिकअप वाहन संदिग्ध हालत में खड़ा मिला, जिसकी नंबर प्लेट कपड़े से ढकी थी। पुलिस ने वाहन को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक नहर किनारे तेज रफ्तार में भाग निकला। कुछ दूरी पर वाहन पेड़ से टकराकर रुक गया। बदमाशों ने झोंका फायर, पुलिस ने की जवाबी कार्रवाई पुलिस टीम के पहुंचते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान उपनिरीक्षक रुक्मेश सिंह और सिपाही संजय सागर घायल हो गए। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान अकरम अली निवासी लभेड़ा थाना हाफिजगंज और आसिफ निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गोटिया थाना बारादरी के रूप में हुई है। मौके से साहिल और शाहिद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। डकैती कांड में थे वांछित चारों आरोपी थाना भोजीपुरा में दर्ज मुकदमा संख्या 87/26, धारा 310(2) बीएनएस (धौराटांडा डकैती प्रकरण, 12/13 फरवरी 2026) में वांछित चल रहे थे।

# देश बाबा के फरमान से नहीं, संविधान से चलेगा : संजय सिंह

**डुमरियागंज में आप सांसद संजय सिंह की गर्जना**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय जनसमस्याओं और बुनियादी अधिकारों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी (आप) ने डुमरियागंज की सड़कों पर एक विशाल पदयात्रा निकालकर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। इस पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद संजय सिंह शामिल हुए, जिनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

**बेवा चौराहे से कन्या इंटर कॉलेज तक उमड़ा जनसैलाब :** आप नेता इमरान लतीफ की अगुवाई में पदयात्रा की शुरुआत क्षेत्र के प्रमुख बेवा चौराहे से हुई। हाथों में पार्टी के झंडे, बैनर और स्थानीय मांगों की तख्तियां लिए बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। यह पदयात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कन्या इंटर कॉलेज पहुंची, जहाँ एक जनसभा के साथ इसका समापन हुआ। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। संविधान और सौहार्द पर जोर देते हुए मीडिया और जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद संजय सिंह ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि यह देश किसी बाबा के फरमान से नहीं चलेगा, बल्कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान से चलेगा। हम डुमरियागंज की गंगा-जमुनी तहजीब को टूटने नहीं देंगे और इसे नफरत की प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के बुनियादी मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी के हक के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ती रहेगी।

पदयात्रा जब हल्लौर पहुंची, तो वहां के स्थानीय निवासियों ने सांसद का फूल-मालाओं के साथ जोरदार इस्तकबाल किया। पूरे रास्ते संजय सिंह जिंदाबाद और आम आदमी पार्टी के नारे गूंजते रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं भी सांसद के समक्ष रखीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में इमरान लतीफ के साथ महफूज मैक्स, वजीर हसन, वजीर एलआईसी, नफासत रिजवी, कपिल अज्जू, नौरीज़, नदीम, सिद्दीकी, आबिद, समर प्रधान, राजू, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 13 आपदा मित्र लखनऊ प्रशिक्षण को हुए रवाना

**अमेठी।** जनपद में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आवासीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आज 13 चयनित आपदा मित्रों को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बस द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान कराया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर आधारित है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार प्राथमिक चिकित्सा आकाशीय बिजली से सुरक्षा उपाय डूबने की घटनाओं में बचाव कार्य सड़क दुर्घटनाओं में राहत एवं बचाव तकनीक सहित विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद सभी आपदा मित्र जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा कवच के रूप में कार्य करेंगे।

# प्राकृतिक खेती स्वस्थ्य अन्न उत्पादन के लिए बहुत जरूरी : डॉ प्रदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्बरता घट रही है तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। प्राकृतिक खेती स्वस्थ अन्न उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उपरोक्त आशय का विचार कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार ने कृषि विज्ञान केंद्र सोहना में आयोजित कृषि सखी एवं सामुदायिक संदर्भ व्यक्तियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम में न रहें और वैज्ञानिक विधियों के अनुसार प्राकृतिक खेती को अपनाएं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.एन.सिंह ने जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत तथा आच्छादन (मल्चिंग) की तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इन विधियों से मिट्टी की जैविक गतिविधि बढ़ती है और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है। डॉ. मार्कण्डेय सिंह ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल चक्र एवं अंतरवर्तीय खेती के महत्व को समझाते हुए कहा कि संतुलित पोषण प्रबंधन से उत्पादन लागत न्यूनीकरण के उपाय बताए। प्रशिक्षण की इसी कड़ी में डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा ने प्राकृतिक कीट एवं रोग प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी देते हुए नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं दशपर्णी अर्क के उपयोग की विधि बताई। जब कि डॉ. सर्वजीत सिंह ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर जोर देते हुए कहा कि सीमित जल संसाधनों का कुशल प्रबंधन भविष्य की आवश्यकता पर बल दिया।समापन सत्र में डॉ. प्रवेश कुमार ने पशुपालन और खेती के एकीकरण पर बल दिया। उन्होंने बताया कि देशी गाय आधारित प्राकृतिक खेती से खाद एवं कीटनाशक की समस्या का समाधान संभव है। वहीं श्रीमती नीलम सिंह ने कृषि सखियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करें और प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित करें।

# कर्नलगंज में वोटर लिस्ट से नाम काटने की साज़िश का आरोप, एसडीएम से शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**कर्नलगंज (गोण्डा)।** नगर क्षेत्र कर्नलगंज के भाग संख्या 18 स्थित मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के दर्जनों निवासियों ने मतदाता सूची से नाम काटने की कथित साज़िश का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में सोमवार को युवा समाजसेवी मोहम्मद साजिद सिद्दीकी के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने उपजिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 298 कर्नलगंज को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने हेतु फॉर्म-7 भरकर बीएलओ के पास जमा कराया गया है। जबकि जिन नागरिकों के नाम से आपत्ति दर्ज कराई गई है, उनसे संपर्क करने पर उन्होंने साफ इनकार किया है कि उन्होंने कोई फॉर्म-7 भरा है या किसी का नाम काटने के लिए आवेदन किया है। उनका कहना है कि किसी ने उनके नाम का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से फॉर्म जमा किया है। निवासियों ने आरोप लगाया कि यह कृत्य लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और इससे क्षेत्र के मतदाताओं में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित फॉर्म-7 की तत्काल जांच कर उसे निरस्त किया जाए। साथ ही जिन लोगों ने कथित रूप से फर्जीवाड़ा किया है उक्त लोगों व संबंधित बीएलओ के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाए। प्रार्थना पत्र पर फिरोज आलम, रहीसा बानो, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद अल्ताफ, परवीन बानो, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद जावेद, तौफीक, मोहम्मद जलील, अफसर जहां, मुस्तकीम और मो. जुनैद सहित कई लोगों के हस्ताक्षर हैं। मामले में प्रशासन से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा मतदाता सूची में उनके नाम सुरक्षित रखने की मांग की गई है।

## माता पिता की सेवा प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिकता है : मौलाना मारूफ़ी

**अंबेडकरनगर।** जनपद के अकबरपुर तहसील के ग्रामसभा प्रधान शहनेमऊ गांव में गुलाम असगर की माता की देवसा की मजलिस को आयोजन हुआ जिसमें मजलिस को खिताब फरमाते हुए इमामे जुमा सिकंदरपुर मौलाना जफर मारुफी ने कहा कि माता-पिता की सबसे मुख्य काम और जो भी माता-पिता की सेवा करता है वह भविष्य में भी तरक्की के रास्ते तय करता है वही श्री मारूफी ने कहा दुनिया में मां-बाप से बढ़कर कोई नहीं है जो मां-बाप की सेवा करेगा वही कामयाब रहेगा इस मौके पर बेलाल हैदर अहमद रजा जमाल हैदर अफाक हुसैन मोहम्मद रजा हैदर पत्रकार हसन असगर हुसैन गुलाम गुलाम असगर अली असगर हसन अब्बास राजू काफी हसन मुसंना जामी अली आदि कई गांव के लोगों ने शिरकत की।

## पुलिस की बड़ी सफलता सोशल मीडिया की सक्रियता से लापता दो किशोर सकुशल बरामद

**अवधनामा संवाददाता, लोटन सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन एवं प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष कोतवाली लोटन की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 12फरवरी से लापता दो किशोरों को सकुशल बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। 12फरवरी को ग्राम विहठा निवासी दो किशोर (उम्र 13 व 14 वर्ष) घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना लोटन में मु0अ0सं0 06/2026 धारा 137(2) BNS पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 रविन्द्र सिंह को सौंपी गई थी। बच्चों की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना स्तर पर तत्काल कई टीमों का गठन किया गया।

थानाध्यक्ष लोटन दिनेश कुमार सरोज द्वारा बच्चों का हुलिया एवं विवरण जनपद व आसपास के जनपदों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया गया था। जिसके तहत 15फरवरी को शोहरतगढ़ निवासी एक जागरूक नागरिक (कन्हैया) ने पुलिस को सूचना दी कि इस तरह हुलिए से मिलते-जुलते दो बच्चे शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर देखे गए हैं। सूचना मिलते ही लोटन पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर दोनों बच्चों को अपने संरक्षण में लिया और बच्चों के परिजनों को सूचित कर नियमानुसार उन्हें सकुशल उनके घर भेज दिया गया है।परिजनों ने पुलिस की इस कार्यवाही की सराहना की ।थानाध्यक्ष लोटन ने समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील किया है कि अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उनके साथ मित्रवत व्यवहार करें। किसी भी संदिग्ध स्थिति या लावारिस बच्चे की सूचना तत्काल यूपी 112 या नजदीकी थाने को दे।

# पैरावेट के भरोसे चल रहा बढ़नी पशु चिकित्सालय, टीकाकरण अभियान में लापरवाही की आशंका

**ब्लाक कार्यालय से अधिकतर गायब रहते पशु चिकित्सक राकेश कुमार,अस्पताल पर लटक रहा ताला**

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी में पशु चिकित्सा व्यवस्था बदहाल नजर आ रहा है। 77 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी संभाल रहे ब्लाक मुख्यालय पर स्थित पशु अस्पताल एक पैरावेट के भरोसे संचालित होता है। जो कभी खुला कभी बंद रहता है। सोमवार को दोपहर बाद डाक्टर कक्ष में ताला लटक रहा था।

बढ़नी क्षेत्र में पैरावेट के भरोसे पशुओं का टीकाकरण और उपचार चल रहा है। सूत्रों की मानें तो कई पैरावेट बगैर प्रशिक्षण के इसकी जिम्मेदारी थोपी गई है।

बताया जाता है कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।खुरपका मुंहपका रोग एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर जैसे पालतू पशुओं को प्रभावित करता है। जिसमें नियमों को ताक पर रखकर उन्हें अस्पताल से लेकर वैक्सीन तक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं पशु चिकित्सक की अनुपस्थिति में टीकाकरण व इलाज करने से पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

बढ़नी क्षेत्र में पशुओं के स्वास्थ्य के साथ अक्सर इसी तरह से खिलवाड़ करने का मामला प्रकाश में आ रहा है। बढ़नी क्षेत्र के पशुपालकों ने टीकाकरण अभियान में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामले पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# कर्बला के शहीदों की याद में रक्तदान शिविर में युवाओं ने लिया भाग



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के सीमावर्ती क्षेत्र चिलवनिया स्थित कदीमी बड़ी दरगाह परिसर में राह -ए-निजात ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित रक्त दान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित शिया बहुल इलाके मुस्तफा बाद, नगपुर,आसीपुर,नई बाजार, जाफराबाद, उस्मानपुर एवं विभिन्न क्षेत्रों से 43 युवाओं ने रक्तदान शिविर में रक्त दान किया।

शिविर का उद्घाटन अल इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष ख्वाजा शिफाअत हुसैन ने किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान शिविर में 50 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। ब्लड डोनेट करने वालों में प्रमुख रूप से आरज़ू अब्बास, डॉ अली हसन, मौलाना आबिद नजफी,बेलाल अहमद, तनजीम फात्मा, अजरा हैदरी, मोहम्मद जवाद, जमान अब्बास, जाजिब , मोहम्मद रियाज़, कमर अब्बास, मोहम्मद अब्बास अमीन, मोहम्मद मेंहदी समेत अन्य लोग शामिल हैं। मरीजों की सेवा करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राह -ए-निजात ग्रुप से हजारों युवा समाज सेवा के लिए दृढ़संकल्प है। शिविर की रहनुमाई मौलाना रहबर सुल्तानी, मौलाना मीसम रज़ा जाहिद, मौलाना मुशीर, मास्टर मोहम्मद मेंहदी ने युवाओं का हौसला बढ़ाया। मुन्तजिर हुसैन, कुमैल अब्बास, औन करबलाई, कलीम अब्बास, मीसम,राजू आदि ने सहयोग किया।

## 'प्रगति-2.0' बाल उत्सव, सपनों को उड़ान, स्वाभिमान को सम्मान

**गोण्डा ।** देवीपाटन मण्डल में बच्चों के आत्मविश्वास, स्वाभिमान और सफलता की कहानियों को मंच देने के उद्देश्य से एक दिवसीय मण्डलीय बाल उत्सव प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 का आयोजन 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से प्रकाश मैरिज हाल, पन्तनगर, गोण्डा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त, देवीपाटन मण्डल द्वारा किया जाएगा।

इस बाल उत्सव का मुख्य उद्देश्य जनपदों में संचालित सेल्फ एस्टीम और मीना मंच कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों को अपने सपनों और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर देना, उनके जीवन में आए बदलावों और सफलता मूलक प्रयासों को साझा करना है। कार्यक्रम को इंटरैक्टिव गतिविधियों पर आधारित रखा गया है। मण्डलीय बाल उत्सव में देवीपाटन मण्डल के अंतर्गत सभी जनपदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा), प्रत्येक जनपद से चयनित 10-10 विद्यार्थी विद्यालय के एक शिक्षक के साथ तथा प्रत्येक जनपद से दो-दो अभिभावक प्रतिभाग करेंगे।

# महर्षि वशिष्ठ मंदिर बढनी में प्राण प्रतिष्ठा की पांच दिवसीय विशेष पूजा शुरू



बृजेश कुमार शुक्ल

**जगतगुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य के श्रीमुख से विश्व में पहली बार वशिष्ठ रामायण कथा 18 से**

**बस्ती।** महर्षि वशिष्ठ मंदिर बढनी में प्राण प्रतिष्ठा की पांच दिवसीय विशेष पूजा शुरू हो गई। सोमवार को वृंदावन धाम से पधारे आचार्य गणों ने विधि विधान से नवनिर्मित वशिष्ठ मन्दिर में मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रज्वलित कर यज्ञ किया। आचार्य नीरज परासर और प्रभाकर मिश्र के मार्गदर्शन में 11 विद्वानों द्वारा महर्षि वशिष्ठ, माता अरुंधति और श्री राम सहित चारों भाइयों की प्रतिमाओं का जलाधिवास कराया गया।मुख्य यजमान भागवत प्रसाद मिश्र, चन्द्र भूषण मिश्र,सावित्री मिश्र, साधना मिश्रा, उषा मिश्रा ने यज्ञ में हिस्सा लिया। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज 18 फरवरी को बस्ती पहुंच जाएंगे तथा उसी दिन वशिष्ठ आश्रम बढ़नी में शाम 03 बजे से विश्व में पहली बार वशिष्ठ रामायण कथा सुनाएंगे। बताया कि 18 से 26 फरवरी तक प्रत्येक दिवस 03 बजे से कथा और सायं 06 बजे से सांस्कृतिक संध्या होगी। मुंबई से बॉलीवुड गायक नीरज तिवारी मथुरा की प्रसिद्ध गायिका नम्रता सिंह, टीवी रियल्टी शो की प्रतिभागी रही उर्मिला राज, लखनऊ की मोहिनी द्विवेदी, राजेश आर्य, प्रसिद्ध गायिका डॉ रंजना अग्रहरि, सत्यम सिंह निक्कू, अमरेश पाण्डेय , धन्नू, धनुषधारी चतुर्वेदी, पंकज गोस्वामी, प्रभा त्रिपाठी, जागृति सिंह, अनमोल शाही शुभम गुप्ता सहित दर्जनों ख्यातिलब्ध कलाकार कथा पंडाल में श्रोताओं को भजन के सागर में हिलोरे लगवाने आ रहे हैं। पूजा समारोह में अध्यक्ष सतीश मिश्र, रत्नेश मिश्र, आशुतोष कुमार, संतोष मिश्र, राकेश मिश्र, विकास मिश्र अंशु मिश्र सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए ।


## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पर मेहरबान पुलिस, पीड़िता परिवार ने एसपी से लगाई गुहार

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली बांसी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, जिसमें दूसरे नामजद आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है।जिसके लिये एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के भडही मिश्रौलिया निवासी पीड़िता की मां का कहना है कि प्रभावशाली आरोपी खुलेआम गांव में घूमकर मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि 10 फरवरी को वह कार से घर पहुंचा और परिवार को जान से मारने व गांव से भगा देने की धमकी दी।परिजनों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस प्रभाव में आकर कार्रवाई से बच रही है, जिससे परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है। महिला ने एसपी से सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन पीड़िता परिवार को न्याय दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

## छत के कुंडे से लटका मिला किशोरी का शव

**बांसी सिद्धार्थनगर।** थाना शिवनगर डिंडई क्षेत्र के करमहिया गांव में 16 वर्षीय खुशबू पुत्री रामशंकर प्रजापति की असामयिक मौत से पूरा गांव गमगीन है। बताया जा रहा है कि घटना 15 व 16 फरवरी के रात की है। सुबह करीब 8 बजे तक कमरे का दरवाज़ा न खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की उपस्थिति मे दरवाज़ा खोलवा कर शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि विधिक कार्यवाही के उपरांत शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। अचानक हुई इस घटना से परिजन स्तब्ध हैं और यही सवाल हर किसी के मन में है कि आखिर खुशबू ने ऐसा कदम क्यों उठाया? गांव में शोक और सन्नाटा पसरा है, लेकिन कारणों को लेकर सभी खामोश हैं।

## टांडा तहसील का डीएम ने किया निरीक्षण दिये निर्देश



**टांडा अम्बेडकरनगर ।** जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सोमवार को टांडा तहसील में लगभग तीन घंटे तक सघन एवं मैराथन निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत परखी। उनके साथ उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेख, लेखा शाखा, नायब तहसीलदार कार्यालय तथा रजिस्ट्रार कक्ष सहित विभिन्न विभागों का गहन परीक्षण किया। लंबित प्रकरणों की फाइलें स्वयं खोलकर देखीं और संबंधित कर्मचारियों से सीधे जवाब-तलब किया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को अनावश्यक रूप से तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए कार्यप्रणाली में ठोस सुधार अनिवार्य है। साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और समय पालन पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। करीब तीन घंटे तक चले इस निरीक्षण से तहसील परिसर में प्रशासनिक सक्रियता बनी रही और अधिकारियों-कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश मिल गया कि जवाबदेही तय होगी और कार्य संस्कृति में सुधार अब प्राथमिकता है।

# कांग्रेस सेवा दल ने किया गांधी चबूतरे को अतिक्रमण मुक्त कराने और गांधी प्रतिमा लगाये जाने की मांग की

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक सुनील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला और वाल्टरगंज में स्थित गांधी चबूतरे को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ ही गांधी प्रतिमा लगाये जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को सौंपे मांगपत्र में कहा गया है कि मौजा श्रीपालपुर में स्थित वाल्टरगज बाजार थाना वाल्टरगंज, तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरब तहसील व जिला बस्ती में रेलवे लाइन के उत्तर तरफ पक्की सड़क के पश्चिम गांधी चबूतरा जो देश की आजादी के पहले का बना हुआ है जिसे कुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था तथा अतिक्रमण भी कर लिया गया है इस सम्बन्ध में कांग्रेस सेवादल द्वारा दिनांक 28.12.2023 को श्रीमान जी को शिकयती प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर श्रीमान खण्ड विकास अधिकारी बस्ती सदर ने जांच करके अपने पत्रांक 3208 दिनांक 30.01.2024 के रिपोर्ट में कहा गया कि गांधी चबूतरा काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया तथा स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया जिसे ग्राम पंचायत की पूरक कार्ययोजना में शामिल करके धनराशि तथा मूर्ति उपलब्ध होने पर नियमानुसार पूर्न निर्माण कार्य करा दिया जायेगा। परन्तु जांच रिपोर्ट लगे हुए लगभग 3 वर्ष पूरा हो रहा है परन्तु अभी तक न तो गांधी चबूतरे का निर्माण कराया गया न तो गांधी प्रतिमा स्थापित हुई, इससे कांग्रेस सेवा दल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों में काफी रोष है। ऐसी दशा में गांधी चबूतरे का निर्माण करवाकर गांधी जी की मूर्ति स्थापित कराया जाना न्यायहित में आवश्यक है। मांग की गयी है कि जीर्ण-शीर्ण चबूतरे को बनवाकर गांधीजी की प्रतिमा स्थापित करायी जाय।

प्रतिनिधि मण्डल में पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शीतला प्रसाद शुक्ल, कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष विधि विभाग, प्रदीप पाण्डेय, पूर्व जिला मुख्य संगठक पृथ्वीपाल चौधरी, पूर्व जिला मुख्य संगठक गंगा प्रसाद मिश्र, जिला महासचिव कांगेस सेवादल सुरेश प्रसाद शुक्ल, राजेश चौधरी, डी0एन0 शास्त्री, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष लक्ष्मी यादव आदि शामिल रहे।

# कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार इब्ने अली जाफरी, गिरीश मिश्र, मोहम्मद राशिद अंसारी, नियाज़ तौहीद सिद्दीक़ी एवं गोपाल सोनकर उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय के भौतिक परिवेश एवं शैक्षिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए छात्राओं को अनुशासन एवं परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की शुरुआत नमरा मरियम, इसरा एरम एवं फातमा ज़हरा द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई। तसमिया, युसरा और जिकरा ने 'वन्दे मातरम्' गीत प्रस्तुत कर देशभक्ति का वातावरण बना दिया। अरीबा और सोनाक्षी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर सभी को संवैधानिक मूल्यों की याद दिलाई। इज्जत ने माँ पर आधारित भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।

'जय हो' नृत्य की प्रतिभागी छात्राओं एवं अदीफा ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शिक्षिका सलमा, नफीस जहरा, सुमन, सभासद साजिद, सभासद मेराज आलम, सभासद अब्दुर्रब सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बांगलादेश ने लोकतन्त्र चुना

डेढ साल के अनिश्चिता के बांगलादेश चुनाव और लोकतन्त्र की जीत हुई। चुनाव का इन्तज़ार उसी दिन से जिस दिन से शेख हसीना नेता छात्र अन्दोलन की वजह से देश छोड़ा। उसके बाद अन्तरिम सरकार ने सत्ता संभाली। सवाल उठता है बांग्लादेश को इसी तरह का लोकतन्त्र चाहिये। देश के इतिहास में यह पहली बार है कि शेख हसीना का पार्टी चुनाव में नहीं थी। चुनाव में भाग न लेने का फैसला पार्टी पर थोपा गया है। जबकि यह पार्टी बांग्लादेश के मुक्ति से लेकर अब तक हर सामाजिक बदलाव की साक्षी रही है। लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से इसे दूर रखना किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। पाकिस्तान से आजादी मिलने के बाद इस चुनाव के बाद बांग्लादेश के भविष्य के लिये सबसे अहम माना जायेगा। चुनाव के नतीजे पर निर्भर करेगा कि अपने देश और देश के बाहर खासकर भारत को लेकर नीति क्या रहने वाली है। चुनाव के साथ जुलाई चार्ट को लेकर भी जनमत संग्रह हुआ है। इससे साफ होगा कि बांग्लादेश में कि सतह की व्यवस्था बनती है। इस चुनाव लोगों दिलचपी थी क्योकि चुनाव की समय सीमा समाप्त हो जाने पर भी मतदाताओं की लाइन लगी रही।

चुनाव के पहले बांग्लादेश जिस दौर से गुजर रहा था उसे देखते हुये चुनाव शान्तीपूर्ण रहा है। हालाकि कुछ जगहों से हिंसा की खबरे आई है। एक जगह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता की मौत भी हुई है। अल्पसंख्यको के खिलाफ हिंसा हालाकि चिन्ता पैदा करती है।

आवामी लीग ने चुनाव पर सवाल उठाये है। पर अन्तरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने चुनाव को सफ्ल बताया है। चुनाव की असल सफ्लता परिभाष बतायेगी। इस चुनाव मे मुख्य रूप से दो घड़े है। बीएनपी और जमातर इस्लामी बीएनपी के मुखिया ने जल्द और निष्पक्ष चुनाव कराने की अपील की है। अगर चुनाव में देरी होती है। या किसी तरह के आरोप लगते है तो तरह तरह की शंकाये सर उठायेगी।

बीएनपी पर जमात जो भी सत्ता में आये उसके ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की इच्छायें पूरी करने की होगी। क्योकि अन्तरिम सरकार देश की जनता का भरोसा जगाने में असफ्ल रही है। चुनाव में बीएनपी की जीत तय मानी जा रही है। अगर उम्मीद के मुताबिक होता है तो जो उसे जनता की आशाओं के अनुरूप या कहे जनता की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती होगी। उम्मीद है पार्टी कसौटी पर सफल उतरेगी।

## गड्ढा मुक्त अभियान सिर्फ कागजों तक?

उत्तर प्रदेश सरकार के गड्ढा मुक्ति अभियान को आइना दिखाने का काम भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा हाल ही में लोक सभा में दिए गए एक प्रश्न के जबाब में प्रस्तुत आकड़ों से पता चलता है। सरकार अपने ही निणर्य को लेकर कितनी संवेदनशील है यह आकड़ें स्वयं बयां कर रहें है। गड्ढा मुक्ति हेतु एक दो नहीं बल्कि कई बार तिथियाँ नियत की गई पर जमीनी हकीकत किसी से छिपी नहीं है यही वजह है की अब प्रदेश सरकार इस विषय पर बोलना ही छोड़ दिया है । पर ये आकड़ें इस बात की गवाही जरुर दे रहें है की हम जीवन के प्रति कितने लापरवाह है और हमारा सिस्टम महज प्रचार-प्रसार के जरियें उपलब्धि गिनाने में व्यस्त है। उसे चाहिए तो आकड़ों के आधार पर अच्छी बातें जिसे जनता को बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया जाय। आम आदमी की सहूलियतें सिर्फ कागजों में है व्यवहार में नहीं।



डॉ अजय मिश्रा

प्रस्तुत आकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है की वर्ष 2020 से 2024 के मध्य गड्ढों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या पुरे देश में 23056 है लगभग 20,000 चोट लगने की घटना हुई है । और इसी अवधि में गड्ढे से होने वाली दुर्घटनाओं से मरने वालों की संख्या 9438 है । यह आकड़ा पांच वर्षो की अवधी में मौतों में 53 त्न की को भी वृद्धि को दर्शाता है । क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है की मरने वालें लोगों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश राज्य न केवल प्रथम है बल्कि कुल मृतकों में प्रदेश की हिस्सेदारी देखी जाय तो 54.32 प्रतिशत है और पुरे देश में मृतकों की कुल संख्या में प्रदेश की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से भी अधिक है। यह उपलब्धि तब है जबकि गड्ढा मुक्ति अभियान लगातार चलाया गया और सफलता के दावें भी किये गए।

उत्तर प्रदेश राज्य से मृतको की संख्या 5127 रही है जबकि मध्य प्रदेश से 969, तमिलनाडू से 612, ओड़िशा से 425, पंजाब से 414, असम 395 और दिल्ली (यू.टी.) से महज 50 लोग। ये वो आकड़ें है जो रिपोर्ट किये गए है जबकि अनेकों घटनाएँ ऐसी भी है जो रिपोर्ट ही नहीं होती है। इन आकड़ों की मजबूत विश्वसनीयता भी है क्योंकि राज्य की पुलिस इसे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को नियमित रिपोर्ट करती है। उत्तर प्रदेश राज्य के लिए यह चुनौति पूर्ण यह भी है की आन्ध्र प्रदेश, बिहार और गोवा जैसे कुछ राज्यों में इस अवधि में गड्ढों से सम्बंधित कोई दुर्घटना या मौत की घटना दर्ज नहीं हुई है।

इस गंभीर विषय पर देश की सर्वोच्च अदालत ने स्वयं से संज्ञान लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करतें हुए यह कहा था कि किसी भी तरह से गड्ढों के कारण होने वाली बड़ी संख्या में मौतों को स्वीकारा नहीं जा सकता है जो जिम्मेदार अधिकारी है वह सड़कों के रख-रखाव का कार्य ठीक से नहीं कर रहें है। आज पूरी आबादी का अधिकांश हिस्सा विभिन्न कारणों से अपने जीवन का अहम् हिस्सा यातायात में व्यतीत कर रहा है जिसका मुख्य साधन सड़कें ही है ऐसे में जीवन को सुरक्षित करने के उपाय सम्बंधित अधिकारीयों द्वारा न उठाने से इस तरह की घटनाएँ होना न केवल दुखद है बल्कि कई प्रश्नों का जन्म भी दे रहा है।

यह और बड़ा प्रश्न सरकार से बन जाता है क्योंकि सरकार के मुख्य अजेंडे में गड्ढा मुक्ति शामिल रहा है और लगातार अभियान चलाकर इस पर कार्य भी किया जाता रहा है इसके बावजूद ये आकड़ें सरकार की असफलता को इस क्षेत्र में दर्शातें है । क्या ऐसे सभी अधिकारी जो अच्छी बातों की पब्लिसिटी करने में लगें है इस बात की भी जिम्मेदारी लेगें की किसकी लापरवाही से और क्यों इतने लोगों की जान चली गयी? क्या सरकार उन समस्त लोगों पर कार्यवाही करेगी जिन्होंने गड्ढा मुक्ति को मूर्त रूप नहीं दिया?

कहने और लिखने को बहुत कुछ है पर जरुरी यह है की जिम्मेदारों को भी जीवन की अहमियत समझनी चाहिए । उत्तर प्रदेश में आज भी अनेकों जगह सड़कें गड्ढा युक्त है जिससे लोगों को जान का ख़तरा बना हुआ है । क्या सरकार पुरानी असफलता को भूल कर यह सुनिश्चित कर पायेगी की उत्तर प्रदेश में गड्ढे की वजह से अब कोई दुर्घटना नहीं होगी?



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**


**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**कई भारतीय शहरों में एआई आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाए गए हैं, जो कैमरों और सेंसर से मिलने वाले लाइव डेटा के आधार पर सिग्नल का समय ठीक करते हैं, बेवजह रुकने का समय घटाते हैं और चौराहों की सुरक्षा बढ़ाते हैं। लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफ़ॉर्म (यूएलआईपी) जैसे डेटा प्लेटफॉर्म एआई आधारित फैसलों की दिशा में बड़ा कदम हैं। यह प्लेटफॉर्म रेलवे, बंदरगाह, सड़क परिवहन और कस्टम्स का डेटा एक साथ जोड़कर भारत के लॉजिस्टिक्स सिस्टम की एक साझा डिजिटल रीढ़ तैयार करता है।**

# परिवहन व लॉजिस्टिक्स में एआई: भविष्य की मजबूत नींव



प्रो. मनोज चौधरी



डॉ. विपुल मिश्र

परिवहन और लॉजिस्टिक्स (आवागमन और माल ढुलाई) देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख इंजन हैं। हम जो भी सामान इस्तेमाल करते हैं, जो भी यात्रा करते हैं और जिन शहरों में रहते हैं, सब कुछ लोगों, सामान और सेवाओं की सुचारु आवाजाही पर निर्भर करता है। लेकिन पूरी दुनिया में, और खास तौर पर भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देशों में, परिवहन व्यवस्था के सामने कई बड़ी चुनौतियाँ हैं, जैसे शहरों में जाम, सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी, ईंधन की बढ़ती कीमतें, प्रदूषण और जटिल होती सप्लाई चेन। पुरानी योजना और काम करने की पारंपरिक पद्धतियाँ अब इतनी बड़ी और जटिल व्यवस्था को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इसी स्थिति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस एक बड़ा बदलाव लाने वाली तकनीक बनकर सामने आए हैं, जो यह बदल रहे हैं कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स सिस्टम कैसे बनाए जाएँ, कैसे चलाए जाएँ और कैसे बेहतर बनाए जाएँ।

**एआई और डेटा साइंस से परिवहन में बड़ा बदलाव :** आज की परिवहन व्यवस्था से बहुत बड़ी मात्रा में डेटा बनता है- जैसे ट्रैफिक सेंसर, जीपीएस वाले वाहन, इलेक्ट्रॉनिक टोल सिस्टम, टिकटिंग प्लेटफॉर्म, निगरानी कैमरे, मौसम की जानकारी और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क से। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस इस कच्चे और तेज़ी से आने वाले भारी डेटा को उपयोगी जानकारी में बदल देते हैं। इससे परिवहन सिस्टम पहले से अंदाज़ा लगाने वाला, हालात के अनुसार बदलने वाला और ज्यादा मजबूत बन जाता है। यह बदलाव खास तौर पर भारत में साफ दिखाई देता है, जहाँ बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म और नई बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ यह तय कर रही हैं कि लोगों की आवाजाही और सामान की ढुलाई की योजना कैसे बनाई जाए और कैसे चलाई जाए। शहरों और हाईवे पर यातायात में अब मशीन लर्निंग पर आधारित इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम ट्रैफिक और टोल संचालन का अहम हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसका एक प्रमुख उदाहरण है फास्टैग, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल पूरी तरह डिजिटल हो गया है। इससे वाहनों की आवाजाही, ट्रैफिक की भीड़ और रास्तों के इस्तेमाल से जुड़ा रियल-टाइम डेटा मिलता है। यह डेटा जाम का विश्लेषण करने, ट्रैफिक को बेहतर तरीके से संभालने और सही आधार पर नई सड़क व ढांचा योजना बनाने में मदद करता है। इसी तरह कई भारतीय शहरों में एआई आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाए गए हैं, जो कैमरों और सेंसर से मिलने वाले लाइव



डेटा के आधार पर सिग्नल का समय ठीक करते हैं, बेवजह रुकने का समय घटाते हैं और चौराहों की सुरक्षा बढ़ाते हैं। लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफ़ॉर्म (यूएलआईपी) जैसे डेटा प्लेटफॉर्म एआई आधारित फैसलों की दिशा में बड़ा कदम हैं। यह प्लेटफॉर्म रेलवे, बंदरगाह, सड़क परिवहन और कस्टम्स का डेटा एक साथ जोड़कर भारत के लॉजिस्टिक्स सिस्टम की एक साझा डिजिटल रीढ़ तैयार करता है। इस पर एआई और उन्नत विश्लेषण से मांग का अनुमान, बेहतर रूट चुनना और सप्लाई चेन में अटकाव वाले स्थानों की पहचान करना आसान होता है। ये सुविधाएँ खास तौर पर तब बहुत जरूरी हो जाती हैं, जब देश में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, गति शक्ति कार्गो टर्मिनल और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, ताकि लॉजिस्टिक्स लागत घटे और सप्लाई चेन ज्यादा भरोसेमंद बन सके।

नई बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ एआई और डेटा साइंस की भूमिका को और मजबूत बनाती हैं। उदाहरण के तौर पर चिनाब ब्रिज जैसी बड़ी परियोजनाओं में सुरक्षा और लंबे समय तक भरोसेमंद संचालन के लिए सेंसर से मिलने वाला डेटा, ढांचे की सेहत की निगरानी और पहले से अंदाज़ा लगाने वाली तकनीक का खूब इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह वंदे भारत ट्रेनों में बहुत तेजी से और बड़ी मात्रा में डेटा मिलता है, जिससे एआई समय-सारणी बेहतर बनाने, बिजली की खपत घटाने, यात्रियों की भीड़ को संभालने और रखरखाव की योजना बनाने में मदद करता है। जैसे-जैसे भारत हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे डेटा के आधार पर नियंत्रण, रियल-टाइम निगरानी और पहले से मरम्मत की तैयारी करना बेहद जरूरी हो जाएगा, ताकि तेज रफ्तार में भी सुरक्षा, समय की पाबंदी और कामकाज की क्षमता बनी रहे।

रेलवे, विमानन और हाईवे, तीनों क्षेत्रों में एआई का सबसे असरदार उपयोग 'प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस' यानी पहले से खराबी का अंदाज़ा लगाकर रखरखाव करना है। पटरी, ट्रेन के डिब्बे, सिग्नल सिस्टम, पुल और विमान के हिस्सों से मिले डेटा का विश्लेषण करके एआई शुरुआती स्तर पर ही खराबी के संकेत पहचान लेता है। इससे हादसों का खतरा कम होता है, सेवाओं में रुकावट कम होती है और बुनियादी ढांचे की कुल लागत भी काफी कम हो जाती है। इन सभी उपयोगों को आगे बढ़ाने में कुछ सहायक तकनीकें भी बहुत महत्वपूर्ण हैं, जैसे निरीक्षण को अपने-आप करने के लिए कंप्यूटर विज़न, जटिल परिवहन सिस्टम का डिजिटल मॉडल बनाने के लिए डिजिटल ट्विन, लगातार निगरानी के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स और रियल-टाइम डेटा विश्लेषण प्लेटफॉर्म। ये सभी मिलकर परिवहन व्यवस्था को पुराने तरीके की बिखरी और समस्या आने के बाद कार्रवाई करने वाली प्रणाली से बदलकर, पहले से अनुमान लगाने वाली, आपस में जुड़ी हुई और समझदारी से चलने वाली प्रणाली बना रही हैं। यही बदलाव भारत के उस लक्ष्य का आधार है, जिसमें देश एक सुरक्षित, कुशल और दुनिया में प्रतिस्पर्धा करने वाला परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र बनाना चाहता है।

**परिवहन और लॉजिस्टिक्स को विशेष एआई विशेषज्ञों की जरूरत क्यों है:** भारत रेलवे, एक्सप्रेसवे, बंदरगाह, हवाई अड्डों और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क में बहुत बड़े स्तर पर निवेश कर रहा है। इसके लिए ऐसे पेशेवरों की जरूरत है, जिन्हें एआई की तकनीक भी आती हो और परिवहन व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की वास्तविक सीमाओं और जरूरतों की समझ भी हो। इस बदलाव के केंद्र में ऐसे नए तरह के इंजीनियरों की मांग है, जो केवल एल्गोरिदम और डेटा ही नहीं जानते हों, बल्कि परिवहन नेटवर्क, सामान की आवाजाही और बुनियादी ढांचा प्रणालियों के काम करने के तरीके को भी अच्छी तरह समझते हों।

# सी बाक्स पोर्टल: कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

**महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं।**

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला-नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है।



सावित्री ठाकुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया सी बाक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है।

आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय-मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉस एक्ट) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत सी बाक्स पोर्टल पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुनः लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और पारदर्शी बन सके।

यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों (Internal Committees IC) और स्थानीय समितियों (Local Committees LC) से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार (Central Repository) प्रदान करता है।





सी बॉक्स पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित आईसी या एलसी के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित - हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, सी बॉक्स महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।

पॉस एक्ट के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में सी बॉक्स पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है। सी बॉक्स की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक, स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो।

महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, सी बॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है - न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके।

बहुभाषी समर्थन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सी बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है। सी बॉक्स वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# 'विशिष्ट' को 'अपशिष्ट' प्रमाणित करती एपस्टीन फ़ाइल्स

**एपस्टीन को किशोरावस्था की शुरुआती उम्र वाली लड़कियों के साथ सैक्स करने में विशेष दिलचस्पी थी। उसने स्वयं यह स्वीकारोक्ति की थी कि उसे रोज़ाना कम से कम तीन बार सेक्स चाहिए और उसे युवा शरीर ही पसंद है। लड़कियों को ख़रीदना उसे गॉड जैसा एहसास दिलाता था। वह ग़रीब लड़कियों को पैसे, गिफ़्टस आदि देकर कंट्रोल किया करता था। उसकी पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल जोकि इस समय जेल में है वही एपस्टीन की हवस पूरी करने के लिये लड़कियों को भर्ती करती थी। ख़बरों के अनुसार घिस्लेन के पिता रॉबर्ट मैक्सवेल इस्राईली इंटेलिजेंस, मोसाद से जुड़े थे।**

इनदिनों जेफरी एपस्टीन फ़ाइल्स के रहस्योद्घाटनों ने पूरी दुनिया में हलचल मचाकर रख दी है। पिछले दिनों अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा 30 लाख से भी अधिक पृष्ठों की नई फ़ाइल्स आने के बाद दुनिया के कई हाई-प्रोफ़ाइल लोगों के नाम उजागर हुये। अमेरिका का रहने वाला जेफ़री एपस्टीन व उसके माता-पिता यहूदी परिवार से थे। 20 जनवरी 1953 को ब्रुकलिन न्यूयॉर्क, में जन्मे एपस्टीन की मृत्यु 2019 में बड़े ही रहस्यमयी ढंग से जेल में हुई थी। हालांकि उसकी मौत को अधिकारिक रूप से आत्महत्या घोषित किया गया था। परन्तु चूँकि उसकी मौत के दिन जेल के कैमरे ख़राब पाये गये और गार्ड्स भी उस समय सोए हुये थे। इसलिए एपस्टीन की हत्या का भी संदेह व्यक्त किया जाता है। हत्या की थ्योरी इसलिये भी रची जा रही है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि एपस्टीन के पास दुनिया की स्वयंभू विशिष्ट हस्तियों की दरिन्दिगी व काले कारनामों के ऐसे सुबूत थे जो उनके चेहरों को बेनक़ाब कर सकते थे। जेफ़री एपस्टीन के पास फ़्लोरिडा , न्यू मैक्सिको, पेरिस और कैरिबियन के यू.एस. वर्जिन आइलैंड्स में प्राइवेट द्वीप जैसी कई संपत्तियां थीं। उस पर नाबालिग़ लड़कियों का यौन शोषण और तस्करी करने,नाबालिग़ लड़कियों से सेक्स करने, अपने विशिष्ट अतिथियों को सेक्स हेतु नाबालिग़ लड़कियां परोसने यहाँ तक कि सेक्स के बाद उनकी हत्या करने जैसे संगीन आरोप थे।



तनवीर जाफ़री

अमीर यहूदी फ़ाइनेंसर एपस्टीन, सैकड़ों नाबालिग़ लड़कियों जिनमें अधिकांश 11 से 17 वर्ष आयु की होती थीं,को अपने घरों, प्राइवेट आइलैंड और प्राइवेट जेट पर लाकर उनका वहशी की तरह यौन शोषण किया करता था। वह लड़कियों को मसाज के बहाने बुलाता, पैसे देता, फिर उन्हें सेक्स के लिए मजबूर करता था। एपस्टीन को किशोरावस्था की शुरुआती उम्र वाली लड़कियों के साथ सैक्स करने में विशेष दिलचस्पी थी। उसने स्वयं यह स्वीकारोक्ति की थी कि उसे रोज़ाना कम से कम तीन बार सेक्स चाहिए और उसे युवा शरीर ही पसंद है। लड़कियों को ख़रीदना उसे गॉड जैसा एहसास दिलाता था। वह ग़रीब लड़कियों को पैसे, गिफ़्टस आदि देकर कंट्रोल किया करता था। उसकी पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल जोकि इस समय जेल में है वही एपस्टीन की हवस पूरी करने के लिये लड़कियों को भर्ती करती थी। ख़बरों के अनुसार घिस्लेन के पिता रॉबर्ट मैक्सवेल इस्राईली इंटेलिजेंस, मोसाद से जुड़े थे। और मोसाद के इशारे पर ही एपस्टीन दुनिया की प्रमुख हस्तियों को निशाना बनाकर हनीट्रैप रैकेट चलाता था। एपस्टीन की शिकार ज़्यादातर लड़कियां ग़रीब,मजबूर व कमज़ोर परिवारिक पृष्ठभूमि से होती थीं। इनमें कई पीड़िताएँ आज



भी ज़िंदा हैं और कोर्ट में बयान दे चुकी हैं। एपस्टीन को 2008 में फ़्लोरिडा में दोषी क़रार दिया गया था। परन्तु कहा जाता है कि उसके धनबल की वजह से उसे उस समय कम सज़ा मिली। 2019 में सेक्स ट्रैफ़िकिंग के आरोप में उसे फिर गिरफ़्तार किया गया। अदालत में उसके विरुद्ध 100 से भी अधिक पीड़िताओं ने गवाही दी। इन्हीं दस्तावेज़ों व फ़ोटोज़ के आधार पर उसे इसी क्लासिक चाइल्ड सेक्स ट्रैफ़िकिंग के केस में फिर सज़ा सुनाई गयी। और 2019 में ही बड़े ही रहस्यमयी ढंग से जेल में उसकी मौत भी हो गयी। अब दुनिया में कोहराम इस बात को लेकर मचा हुआ है कि आख़िर इतने बड़े अपराधी तथा मानवता के दुश्मन दुश्चरित्र व्यक्ति के साथ दुनिया के स्वयंभू विशिष्ट लोगों के संबंध की वजह क्या थी? आख़िर क्यों दुनिया के जाने माने लोग एपस्टीन के अलग अलग द्वीप पर जाया करते थे? इस समय पूरी दुनिया को अपनी उंगलियों पर नचाने की कोशिश करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ़्लाइट लॉग्स में 1990 के दशक में कई बार नाम आया। ब्लैक बुक में उनके नाम की प्रविष्टि पाई गयी। इसी तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन का भी कई फ़्लाइट्स में नाम आया और वे एपस्टीन की पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल के साथ कई फ़ोटो में भी नज़र आये। ब्रिटेन के पूर्व प्रिंस,प्रिंस एंड्रयू का नाम तो सबसे सबसे ज़्यादा विवादास्पद रहा। यौन शोषण के आरोप में एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों बार उनका नाम आया। इसी तरह इस्राईल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बाराक की एपस्टीन से नियमित मुलाक़ातें और संपर्क की चर्चा है। वहीँ स्पेन के पूर्व प्रधानमंत्री जोस मारिया आजनार का नाम भी पैकेज और ट्रैवल रिकॉर्ड्स में कई बार आया है। ब्रिटेन के पूर्व मंत्री और राजदूत पीटर मंडेलसन, पूर्व न्यू मैक्सिको गवर्नर बिल रिचर्डसन, कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति एंड्रेस पास्त्राना अरंगो जैसे राजनेताओं के नाम भी एपस्टीन फ़ाइल्स में किसी न किसी रूप में शामिल हैं।

उद्योग व फ़िल्म जगत की विश्वप्रसिद्ध हस्तियां भी एपस्टीन फ़ाइल्स से अछूती नहीं रहीं। एलन स्पेस एक्स के संस्थापक, सीईओ और मुख्य डिज़ाइनर, टेक बिलेनियर एलन मस्क, माइक्रोसॉफ़्ट को-फ़ाउंडर बिल गेट्स, वर्जिन ग्रुप के फ़ाउंडर रिचर्ड ब्रैनसन,पूर्व अमेरिकी ट्रेज़री सेक्रेटरी लैरी समर्स, फ़िल्म डायरेक्टर वुडी एलन,सिंगर माइकल जैक्सन, रोलिंग स्टोन्स के फ्रंटमैन मिक जैगर, तथा अभिनेता के विन स्पेसी जैसे अनेक लोगों के नाम किसी न किसी रूप में एपस्टीन फ़ाइल्स के रहस्योद्घाटनों में शामिल हैं। भारत में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, व्यवसायी अनिल अंबानी,भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, लेखक दीपक चोपड़ा, फ़िल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप, निर्देशक व अभिनेत्री नंदिता दास जैसे लोगों के नाम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जेफ़री एपस्टीन फ़ाइल्स में पाए गए हैं। किसी के नाम फ़्लाइट्स लॉग्स में सामने आये तो किसी के लंबे समय तक एपस्टीन के संपर्क में रहने की बात सामने आयी। किसी के संदेशों और द्वीप भ्रमण करने का ज़िक्र आया तो किसे का एपस्टीन से पुराना सम्बन्ध निकला। एपस्टीन का किसी के साथ फ़्लाइट्स में नाम आया तो किसी का जेफ़री एपस्टीन के डिनर्स में शामिल होने पर नाम आया। कोई फ़ोटो में नज़र आया तो किसी को ई मेल भेजे व प्राप्त किये गये। एपस्टीन फ़ाइल्स का व्यापक प्रभाव यह हुआ की इसमें नाम आने के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार के पूर्व प्रिंस एंड्रयू की सभी सैन्य उपाधियां छीन ली गईं। उन्हें सार्वजनिक पदों व कर्तव्यों से हटाया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाद में उन्हें शाही आवास विंडसर कैसल से बाहर भी निकाल दिया गया।

# आशाओं का भुगतान समय पर होता रहे : डीएम

अवधनामा संवाददाता



■ डीएम ने विकास खण्ड सकलडीहा सहित कंपोजिट विद्यालय व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**चन्दौली।** जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय झांसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बच्चों से रूबरु होते हुवे उनसे विद्यालय में खाने पीने से लेकर शिक्षा से जुड़ी बातें की जिसमें बच्चों द्वारा सहर्ष बताया गया कि सभी अध्यापक ठीक से पढ़ाते है, निर्धारित रोस्टर से सबको पर्याप्त मात्रा में समय से भोजन दिया जाता है। इस दौरान कक्षा 8वीं की छात्राओं ने अंग्रेजी की किताब भी पढ़ के सुनाया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त व्यक्त करते हुवे कहा कि बच्चियों में पढ़ने की शक्ति अच्छी है पर उनको शब्दों के अर्थ की जानकारी थोड़ी कम है। उन्होंने सभी अध्यापकों को प्रतिदिन कम से कम अंग्रेजी के पांच शब्दों के अर्थ अनिवार्य रूप से याद कराया जाए उनको, ताकि ओ जब पढ़े तो साथ साथ उनका अर्थ भी समझ सके। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य संबंधित रजिस्टर को देखा जिसमें उपस्थिति रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुवे निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थित संतोषजनक नहीं, स्थिति में अगले पंद्रह दिनों में सुधार लाते हुवे बच्चों की उपस्थित शतप्रतिशत सुनिश्चित हो।

विकास खण्ड नियामताबाद परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त गई कि प्रतिदिन लगभग कितने मरीज केंद्र से स्वास्थ्य लाभ ले रहे है जिसपर केंद्र प्रभारी ने बताया कि प्रतिदिन औसतन 100-120 की संख्य में लोग आते है। उन्होंने ओपीडी, लैब, गैर संचारी रोग, वार्ड, कोविड वार्ड सहित अन्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना तथा आशाओं के भुगतान की स्थिति को देखा और निर्देशित किया कि किसी भी दशा इनका भुगतान रुकना नहीं चाहिए सबका भुगतान समय समय होता रहे।

# कोर्ट ने जारी किया अभिनेत्री अमीषा के विरुद्ध गैरजमानती वारंट

अवधनामा संवाददाता

■ विवाह समारोह में कार्यक्रम में 14.50 लाख रुपये लेकर भी शिरकत नहीं करने का है आरोप



**मुरादाबाद।** अदालत ने फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया है। उनपर वर्ष 2017 में एक शादी समारोह में कार्यक्रम के लिए 14.50 लाख रुपये लेने के बावजूद कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने का आरोप है। अदालत में नौ फरवरी को हाजिर नहीं होने पर एनबीडब्ल्यू जारी किया गया है।

वादी पवन वर्मा का कहना है कि उन्होंने 2017 में एक शादी समारोह में कार्यक्रम के लिए 14.50 लाख रुपये एडवांस में लिए थे। पवन वर्मा ने बताया कि अग्रिम राशि नहीं लौटाने पर उन्होंने अदालत में अमीषा पटेल के खिलाफ चेक बाउंस होने का मामला दर्ज कराया था। कचहरी में अधिवक्ता पंकज शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। याद रहे कि अदालत द्वारा पूर्व में समन जारी करने पर अभिनेत्री पेश होने का अवसर दिया था, लेकिन निर्धारित तिथियों पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। बताया जाता है कि कंप्लेंट केस में करीब दो वर्ष पूर्व अभिनेत्री अमीषा पटेल ने जिला जज की अदालत से जमानत ली थी। जिसकी शर्तों में बिना अनुमति विदेश न जाने और न्यायालय के आदेशों का पालन करने का उल्लेख था। अदालत ने नौ फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश भी दिया गया था, लेकिन उस दिन भी पेशी नहीं हुई, जिसके बाद अदालत ने एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया।

# हयातुल्लाह अंसारी उर्दू साहित्य और पत्रकारिता की बहुआयामी व विशिष्ट शख्सियत थे : अहमद इब्राहीम

अवधनामा संवाददाता



■ उन्होंने उर्दू पत्रकारिता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया

**लखनऊ।** 'आल इंडिया तालीम घर' के तत्वावधान में ज़नाना पार्क में 'हमजहत शख्सियत : हयातुल्लाह अंसारी' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहमद इब्राहीम अलवी ने की। इस अवसर पर डॉ. इशरत नाहिद 'मानो' और दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार राजू मिश्रा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जबकि मैनेजर तहसीन मुर्तज़ा का भी उत्साहवर्धन किया गया।

अध्यक्षीय संबोधन में अहमद इब्राहीम अलवी ने कहा कि हयातुल्लाह अंसारी केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक संस्थान थे। वे उत्कृष्ट कथाकार, उपन्यासकार, बेबाक पत्रकार, शिक्षाविद और सक्रिय राजनेता थे। उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने लखनऊ में 'आल इंडिया तालीम घर' की स्थापना की तथा वयस्क शिक्षा के लिए '10 दिन में उर्दू' जैसी उपयोगी पुस्तक लिखी। वे 'कौमी आवाज़' के संस्थापक संपादक रहे और दशकों तक अपनी पत्रकारिता के माध्यम से उर्दू पत्रकारिता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

डॉ. इशरत नाहिद ने हयातुल्लाह अंसारी के साहित्यिक और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे विशिष्ट शैली के कथाकार और उपन्यासकार थे। उनका महत्त्वपूर्ण उपन्यास 'लहू के फूल' पाँच खंडों में प्रकाशित हुआ, जो स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक ऐतिहासिक दस्तावेज माना जाता है। इसके लिए उन्हें वर्ष 1970 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि अंसारी साहब सक्रिय राजनीति में भी रहे और उत्तर प्रदेश विधान परिषद तथा बाद में राज्यसभा के सदस्य चुने गए।

लंदन से आए अमीर मेहदी ने कहा कि हयातुल्लाह अंसारी की कहानी 'ढाई सेर आटा' पढ़कर वे भावुक हो गए। संजय मिश्रा 'शौक' ने कहा कि 1901 में जन्मे और 1999 में दिवंगत हुए अंसारी साहब को लंबा जीवन मिला, जिसमें उन्होंने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें 1985 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया, जो उनकी प्रतिष्ठा और योगदान का प्रमाण है। संगोष्ठी में डॉ. मंसूर हसन खान और शकील गयावी ने उन्हें काव्यात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एसपी अनूप सिंह ने जनसुनवाई कर सुनी जनता की समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

■ एसपी ने समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



**फतेहपुर।** सोमवार को अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, घरेलू विवाद, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न, धोखाधड़ी, गुमशुदगी सहित कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से भटकाया नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करना है, ताकि लोग बिना भय के अपनी समस्याएं साझा कर सकें।

# भ्रष्टाचार के मामले में एसपी ने पूरी एसओजी टीम को निलंबित किया



**संभल।** एसपी केके विश्नोई ने भ्रष्टाचार के मामले में पूरी एसओजी टीम को किया निलंबित। कबाड़ा व्यापारी से अवैध वसूली के मामले में हुई कार्यवाही। कबाड़ी जफरूद्दीन और उनके बेटे पर 2 फरवरी को एसओजी टीम ने कबाड़ा जब्त कर 30 हजार रुपये वसूले, साथ ही धातु लौटाने के लिए अतिरिक्त 40 हजार मांगे। एसपी ने सीओ आईपीएस आलोक कुमार भाटी से जांच कराई, जो सही पाई गई। निलंबित पुलिसकर्मी में प्रभारी एसआई मोहित चौधरी हेड कांस्टेबल कुलवंत, अरशद कांस्टेबल अजनबी, आयुष, विवेक, बृजेश, हिरेश है। नया प्रभारी बोबिंद्र शर्मा नियुक्त किया गया है। टीम पहले भी कई हत्याओं और लापता मामले में नाकाम रही थी।

# विधानसभा का घेराव करने लखनऊ जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया हाऊस अरेस्ट

अवधनामा संवाददाता



■ कैंप कार्यालय पर शुरू किया सरकार के खिलाफ धरना

**मुरादाबाद।** मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और प्रदेश में हो रहे अनियोजित विकास (तोड़फोड़) के विरोध में विधानसभा भवन का घेराव के लिए लखनऊ कूच करते कांग्रेसियों को पुलिस ने रोकते हुए महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम को समर्थकों समेत हाऊस अरेस्ट कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने नोकझोंक हुई और विरोध में कांग्रेसी भूड़ा चौराहे पर धरना देकर बैठ गए हैं। कांग्रेसियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी भी की है।

सोमवार दोपहर को महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ के साथ विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ जाने के लिए निकले थे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस के साथ पहुंची गलशहीद पुलिस ने सभी को रोक लिया है। हाजी जुनैद इकराम ने पुलिस का विरोध किया और इस कदम को अलोकतांत्रिक बताया है। उनकी पुलिस ने नोकझोंक भी होती रही। इसके बाद महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने मीडिया से बात करते हुए बताया यह सीधे तौर पर आम जनता के हक पर हमला है। लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिशें अब खुलकर सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता हर हाल में सच्चाई और जनता की आवाज के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की तानाशाही के कारण भाजपा अब जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के साथ ग्रामीणों का रोजगार छीना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभाकर एकेडमी उरई पंहुची फाइनल में

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** जालौन प्रीमियर लीग सीजन 3 का दूसरा सेमीफाइनल का मुकाबला प्रभाकर एकेडमी उरई और डायमंड क्रिकेट एकेडमी औरैया के बीच खेला गया। प्रभाकर एकेडमी उरई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनने का निर्णय लिया। छत्रसाल इंटर कॉलेज के मैदान में जीपीएल टूर्नामेंट का आयोजन



किया जा रहा है, जिसमे सेमीफाइनल का दूसरा मैच उरई तथा औरय्या के बीच खेला गया, उरई टीम के कप्तान ने टॉस जीता तथा बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनर और टीम के कप्तान श्रीकांत जीरो रन पर आउट हो गये। 69 रनों पर 6 विकेट गवाने के बाद विनय प्रताप सिंह 24 रन और अभी कुशवाहा ने 34 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 9 विकेट पर 20 ओवर में 148 रनों का लक्ष्य दिया। औरैया की ओर से गेंदबाजी करते हुए आरव ने 4 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट लिये।

### बुराईयों से दूर रहकर इबादते इलाही करे : प्रो.डॉ आबिद



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह हाजी अजहर मे आयोजित मजलिस में को खिताब करते हुए डॉ आबिद हुसैन हैदरी ने कहा है कि माहे रमजान में रोजा अल्लाह की मर्जी के मुताबिक ही रखे तमाम बुराईयों से दूर रह कर रोजा रखे जो बारगाह ए इलाही में क़बूल हो सकें इन्होंने कहा कि माहे रमजान में अल्लाह ने अपने बन्दों को अपना मेहमान बनाया है। इस लिए इस मुबारक महीने में तमाम बुराईयों से दूर रहकर इबादते इलाही करे और अपने गरीबों का ख्याल करे मजलिस में मर्सिया शमाईम रज़ा और इसके साथियों ने पेश किया शायर पैकर संभली ने पेश ख्वानी की मजलिस के आखिर में मरहूम अंसार हुसैन को याद किया गया।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



■ अधिवक्ता मुफीज व अशोक की प्रभावी पैरवी के चलते पीड़ित को मिला न्याय

**फतेहपुर।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का एक गंभीर मामला जनपद फतेहपुर में सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय ने संबंधित थाना प्रभारी को प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर मामले की विधिक विवेचना करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

पीड़ित मोहम्मद शकीम पुत्र फहीमुद्दीन, निवासी ग्राम सराय आराम मजरा उमरपुर गौंती, थाना सुलतानपुर घोष, जनपद फतेहपुर ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी रितेश तिवारी, निवासी थाना मुंगरा बादशाहपुर, मछलीशहर जनपद जौनपुर ने स्वयं को एक अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनी का अधिकृत एजेंट बताकर विदेश में उच्च वेतन वाली नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने भरोसा दिलाने के लिए पीड़ित को फर्जी नियुक्ति पत्र, जॉब ऑफर लेटर, क्रू एग्रीमेंट, वीजा और यहां तक कि एयर टिकट भी उपलब्ध कराए। पीड़ित के अनुसार, जब वह निर्धारित तिथि पर एयरपोर्ट पहुंचा तो एयरलाइन काउंटर पर उसे बताया गया कि टिकट पूरी तरह फर्जी है और सिस्टम में उसका कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। यहीं से पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मई 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच आरोपी को विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से लगभग तीन लाख रुपये ट्रांसफर किए गए, जबकि कुल मांग करीब पांच लाख रुपये की की गई थी। इसके अतिरिक्त कुछ रकम नकद भी दी गई थी। पीड़ित ने पहले पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नंबर-1, फतेहपुर ने प्रस्तुत तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाया। इसके बाद न्यायालय ने धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल एफआईआर दर्ज कर विधि अनुसार विवेचना करने तथा एक सप्ताह के भीतर अनुपालन आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए। बताया जा रहा है कि इस मामले में अधिवक्ता मुफीज अहमद एवं अशोक कुमार पटेल की प्रभावी और सशक्त पैरवी के चलते ही पीड़ित को न्याय की दिशा में राहत मिली है।

# महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात, उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता



**जालौन(उरई)।** महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर नगर में भगवान शिव की भव्य बारात बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ निकाली गई। बारात में भगवान शिव के गणों की आकर्षक झांकियों के साथ-साथ शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी नंदी पर सवार होकर चल रही थी, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

बारात का शुभारंभ मुरली मनोहर अस्पताल के पास बाजपेई मकान के निकट स्थित शिव मंदिर से किया गया। इसके बाद बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। यात्रा छोटी माता मंदिर, छोटे बिजली घर, तहसील रोड स्थित काली माता मंदिर, कोतवाली रोड, पेट्रोल पंप हनुमान जी मंदिर, देवनगर चौराहा, कांजी हाउस होते हुए तहसील रोड से सीधे बड़ी माता मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ बारात का समापन किया गया। बारात के दौरान नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शिव भक्त मौजूद रहे। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक मित्तल, अभिनव सिंह राजावत, श्याम गुप्ता एवं दीपू पुरवार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन जय बाबा अमरनाथ बर्फानी ग्रुप जालौन तथा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अवधनामा संवाददाता



■ पंचमुखी महादेव मंदिर मेले में दिखी शिव भक्ति की अनुपम छटा

**फतेहपुर।** ऐरायां ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत इजूरा खुर्द स्थित श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर चौथा वार्षिक मेला श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य रूप से आयोजित हुआ। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया और दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मेले की अध्यक्षता मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं पत्रकार ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के लीगल सेल चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान रहे। उनके साथ संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान, प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी, प्रदेश उपाध्यक्ष ज़र्रेयाब खान, जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह सहित कई वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जावेद खान ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान शिव 'सत्यम, शिवम, सुंदरम' के प्रतीक हैं और शिव भक्ति मानव को सत्य, करुणा और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाती है। राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने महाशिवरात्रि को आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का पर्व बताया, जबकि ज़र्रेयाब खान ने शेरो-शायरी के माध्यम से गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनपद भर से आए पत्रकारों को फूल-मालाएं और शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जावेद खान को माला, शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, वहीं शीबू खान को विशेष रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार 18 अक्टूबर 2022 को गांव के एक खेत से भगवान शिव की प्रतिमा प्रकट हुई थी, जिसके बाद इस स्थान को शिवधाम के रूप में पहचान मिली और पंचमुखी महादेव मंदिर का निर्माण हुआ। अंत में मेला कमेटी अध्यक्ष ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेला आस्था और भाईचारे का प्रतीक है।

इस दौरान पत्रकारों ने शिवशरण बंधु, इसरार अहमद मुमताज, पारुल सिंह, सैय्यद शारिब क़मर अज़मी, धीर सिंह यादव, मेराज अहमद, करम मोहम्मद, पंकज सक्सेना, राजेश कुमार यादव, रमेश, प्रदीप कुमार, गुलाब सिंह, पुष्पेंद्र सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# 'पीएम विकसित भारत के लिए बुंदेलखंड राज्य का गठन करें'

अवधनामा संवाददाता

■ राष्ट्रीय सेमिनार में उठी बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग, पीएम मोदी से की अपील



**फतेहपुर।** छोटे राज्यों के गठन के लक्ष्य को लेकर चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत तृतीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन नई दिल्ली स्थित सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट के सेमिनार हाल में किया गया। सेमिनार का संयोजन उत्तरांध्र पार्टी के संस्थापक एवं नए राज्यों के लिए महासंघ के उपाध्यक्ष मेट्टा रामा राव गारू के नेतृत्व में हुआ। यह इस श्रृंखला का तीसरा राष्ट्रीय सेमिनार था, जिसमें देशभर से विभिन्न राज्य आंदोलनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासनिक विकेंद्रीकरण और छोटे राज्यों का गठन जरूरी है। बड़े राज्यों में क्षेत्रीय असंतुलन और विकास की असमानता बनी रहती है, जबकि छोटे राज्यों में स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होता है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि बिना पृथक बुंदेलखंड राज्य के क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए बुंदेलखंड राज्य का गठन किया जाना आवश्यक है। जब तक बुंदेलखंड विकसित नहीं होगा, तब तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

# साइबर क्राइम कॉन्फ्रेंस में खुशी को मिला दूसरा स्थान



**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की छात्रा व विश्वविद्यालय के साइबर क्लब की वॉलिंटियर खुशी मिश्रा ने इंटरनेशनल साइबर क्राइम कॉन्फ्रेंस 2026 के अंतर्गत आयोजित सीटीए रील चैलेंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न भागों से 80 से अधिक रील प्रतियोगिता के लिए प्राप्त हुए थे। सम्मेलन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य एवं साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर को भी विशेष व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया था।

# सिया के लेके जा हो पिया राम के शरण में...

अवधनामा संवाददाता



■ कार्यक्रम में श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना-प्रवाह के अन्तर्गत कवि-गोष्ठी एवं गीत-संगीत का कार्यक्रम लोकगीत गायक रामअलम सिंह मधुर के बिठौरा गाँव स्थित उनके आवास पर आयोजित हुआ। अध्यक्षता गीता गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगन,अमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी एवं संचालन संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी 'अमर' ने किया। शुभारंभ संजय पाण्डेय की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद कवियों एवं गायकों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत की रसधार में श्रोता रससिक्त होते रहे। प्रथम चरण में कवि-गोष्ठी में युवा शायर गोपाल गौरव ने हुस्न जब इश्क में उतर जाए, जिन्दगी आपकी संवर जाए सुनाकर श्रोताओं की ढेर सारी वाहवाही लूटी। गजलकार नागेश मिश्र ने कुछ दिल की,कुछ दुनियाँ के नजारे होते हैं। शेर सिर्फ अल्फाज नहीं इशारे होते हैं सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरीं। युवा व्यंग्यकार आशुतोष श्रीवास्तव की पंक्तियाँ मन की खुलती गाँठों का सिर्फ सरल अनुवाद हूँ मैं बहुत सराही गई। वरिष्ठ व्यंग्यकार अमरनाथ तिवारी अमर ने जाऊँ विदेश तो किस देश, बहुत सोचा दिमाग दौड़ाया, अंत में अपना देश ही भाया सुनाकर श्रोताओं को गुदगुदाया। कन्हैया गुप्त विचारक एवं डॉ.शशांक शेखर पाण्डेय ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामयिक परिदृश्य का यथार्थ चित्रण किया। डॉ.विद्या निवास पाण्डेय ने सीता हरण के बाद मंदोदरी द्वारा रावण को समझाने के प्रसंग को सिया के लेके जा हो पिया राम के शरण में,पईया पड़ीलां बार-बार की सुन्दर और भावपूर्ण प्रस्तुति की। रामअलम सिंह मधुर ने जेकर घर ना भेंटाइल भटकाव में, ए गली ओ गली में धइबे करी सुनाकर सभी को आनन्दित किया।संजय कुमार पाण्डेय ने भजन सुनाकर सभी को झूमने के लिए विवश कर दिया। कार्यक्रम में के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद उपाध्याय, हिमांशु राय, अशोक मिश्र, गुरु प्रताप सिंह, आशुतोष सिंह आदि उपस्थित थे।

# मशीन के दौर में उर्दू अदब को आगे कैसे बढ़ाया जाए



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के उर्दू विभाग में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार समकालीन उर्दू साहित्य में प्रगतिशील विचारधाराओं पर फिर से विचार पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो सौबान सईद ने सेमिनार में आए हुए विद्वानों का स्वागत करते हुए परिचय कराया। उन्होंने बताया कि हमारे समाज में आज उर्दू अदब एक महत्वपूर्ण किरदार अदा कर रहा है।, जनाब आमिर मेंहदी (चीफ एडिटर सहाफत, यू.के) ने अपने पेपर पढ़ते हुए तरक्की पसंद सोच को समाज के विकास के लिए बहुत जरूरी बताया। उन्होंने बताया कि जब तक दुनियां में जब तक जुल्म और ज्यादती एवं नाइंसाफी रहेगी तब तक तरक्की पसंद आंदोलन की आवश्यकता रहेगी, तरक्की पसंद सोच की एक और कोशिश समाज में महिलाओं की आज़ादी है कि हमारे समाज में हमारे समाज में महिलाओं को बराबर दर्जा मिले बिना समाज का विकास नामुमकिन है। सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा से डॉ सैयद सिब्ते हसन नकवी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रो सैयद शफ़ीक़ अहमद अशरफी ने तरक्की पसंद तहरीक को समझने की आवश्यकता पर और काम करने पर जरूरत है इसी कड़ी में प्रो अशरफी ने एक महत्वपूर्ण पुस्तक विभाग की लाइब्रेरी को भेंट किया। प्रो ख्वाजा इकरामुद्दीन, जे.एन.यू, बताया कि यह भाषा अब पूरी दुनियां में बोली जाती है, उन्होंने बताया कि वह पूरे तौर पर तरक्की पसंद तहरीक को सही नहीं मानते।

# प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में मिस्टर कन्नौज बने अर्पित मिश्रा

- अजीजी क्लासिक द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में नगर के अर्पित मिश्रा ने प्रदेश में प्राप्त की चौथी रैंक
- अतिथियों ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**




**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कहते हैं पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ऐसी ही एक कहावत गुरसहायगंज के अर्पित मिश्रा ने उस समय चरितार्थ कर दी जब उसने कन्नौज में आयोजित बॉडीबिल्डिंग मिस्टर यूपी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में चौथा रैंक प्राप्त किया, इतना ही नहीं कार्यक्रम में उसे मिस्टर कन्नौज की उपाधि भी दी गई।

सोमवार को अब्दुल कादिर फिटनेस जिम गांधीनगर के कोच मिस्टर रेहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की शाम कन्नौज स्थित अजीजी क्लासिक फिटनेस सेंटर में मिस्टर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम मिस्टर नियाज हसन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें प्रदेश के तमाम जनपदों से युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके सेंटर से केवल एकमात्र कैंडिडेट मोहल्ला रामगंज निवासी मिस्टर अर्पित मिश्रा पुत्र वेद भूषण मिश्रा पहुंचे थे जिसने स्टेज पर शानदार परफॉर्मेंस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कमेटी के जजेज द्वारा उसके परफॉर्मेंस को देखते हुए उसे प्रदेश में चौथा रैंक देकर मिस्टर कन्नौज की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अर्पित मिश्रा ने 50 किलो से 55 किलो कैटिगरी डेनियल मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें उसने अपनी मेहनत और लगन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया। प्रतियोगिता में मिली सफलता का श्रेय अर्पित ने अपने कोच मिस्टर रेहान को दिया है। इस दौरान उनके साथ फैसल पठान, बाबू खान, समीर कुरैशी, छोटू ठाकुर आदि लोग भी मौजूद रहे

# सपा ने राज्यपाल को संबोधित सात सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राज्यपाल को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। बरहज सपा नेता मुरलीमनोहर जैसवाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बरहज क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बरसों से निर्माणाधीन मोहन सिंह सेतु का कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे आवागमन प्रभावित है। इसे शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की गई। इसके साथ ही नौतनङ्कबरहज मार्ग, जो तहसील को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, के जर्जर हालात का उल्लेख करते हुए सड़क निर्माण कराने की आवश्यकता बताई गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि मार्चङ्कअप्रैल में गेहूं की फसल तैयार होने पर आग लगने की घटनाओं में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए बरहज तहसील में फायर स्टेशन की स्थापना की मांग उठाई गई। ज्ञापन में एसआईआर के तहत बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस मिलने और कम समय में निस्तारण की समस्या का जिक्र करते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए काउंटर बढ़ाने की बात भी कही गई। इसके अलावा बरहज में बस स्टेशन निर्माण, किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए मंडी व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा केंद्र की स्थापना की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन इन मुद्दों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## सरसों के खेत में युवक का क्षत-विक्षत शव मिला जांच में जुटी पुलिस

**जौनपुर।** जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के आशापुर फेरूपुर गांव स्थित वरुणा नदी किनारे सरसों के खेत में 23 वर्षीय अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के चेहरे को ईंट से कुचला गया था, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने सोमवार सुबह खेत के पास स्थित घाट पर शव देखा तो दहशत फैल गई। सूचना पर थानाध्यक्ष रामपुर विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। हालात संदिग्ध देख उन्होंने तत्काल क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं परमानंद कुशवाहा व फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौके की स्थिति से प्रतीत होता है कि घटना स्थल पर एक से अधिक लोग मौजूद रहे होंगे। शव से कुछ दूरी पर एक बाइक बरामद हुई है। बाइक के साइलेंसर पर जूते के निशान पाए गए हैं।

# महिला संबंधी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटायें



- एसपी ने जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्याएं सुनकर दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को तत्काल, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सोमवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान कई मामले सामने आए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर अधीनस्थ कर्मियों को प्रत्येक शिकायत की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा शिकायतकर्ता को समयबद्ध रूप से निराकरण की जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु आदेशित करनें के उपरान्त उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिला संबंधी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने तथा साइबर अपराधों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने बताया कि जनता दर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने की दिशा में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संबंधित शाखाओं के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के बीच जमकर हुई नोकझोंक

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)** बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पास पकड़ी पूर्वी केबिन के पास वाराणसी, प्रतापगढ़, लखनऊ रेल लाइन पर अंडरपास और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सोमवार को समाजसेवी जय सिंह अन्ना के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में समाजसेवी जय सिंह अन्ना, सपा नेता विवेक यादव, प्रधान बिंदु कुमार, जीत लाल विश्वकर्मा, राजनाथ, फूलचंद, रीता पाल, गीता देवी, संजय कुमार, रमेश पाल, सीता देवी, महेंद्र कुमार, रामकली, आशू सिंह, विजय पटेल, राम शिरोमणि, मोहन पटेल, प्यारी लाल यादव, अभय राज, सरस्वती देवी, बाबूलाल पाल व मोनू यादव आदि शामिल थे।ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे ट्रैक के सटा हुआ मंडी समिति होने के कारण पकड़ी, कमालपुर, रामपुर, शिवपुर, नारायनडीह, सुजनीडीह, कोदहूं, सोहांसा, सुभाष नगर व तरहठी गांवों के हजारों किसानों का आवागमन सदैव बना रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे लाइन पार करने के लिए तरहठी रोड से प्रयागराज मार्ग से होते हुए लगभग चार किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। अंडरपास अथवा ओवरब्रिज बनने से यह दूरी आधा किलोमीटर में सीमटकर रह जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि अंडरपास न होने के कारण बीते 10 वर्षों में दर्जनों लोगों ने रेलवे ट्रैक पार करते समय अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन, रेलवे अधिकारी और ग्रामीणों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। 3 घंटे के बाद असिस्टेंट इंजीनियर प्रतापगढ़ बलराम अरुण, तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ,नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव ने अंडरपास बनाने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।समाजसेवी जय सिंह अन्ना सहित ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 4 माह के बाद रेलवे अंडरपास या ओवर ब्रिज नहीं बनाया गया और अर्चना व नीरांचल एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ, तो वे अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए मजबूर होंगे।

# भाषा विवि में वर्कशॉप का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 14 फरवरी को "Prompt Engineering – Agentic AI" विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सम्भव जैन, डेटा एनालिस्ट (Analyze Infotech) व श्री पंकज मिश्रा (Director, Analyze Infotech, Lucknow) थे। उन्होंने प्रतिभागियों को Prompt Engineering की तकनीकों, Agentic AI की अवधारणा, AI Agents की कार्य प्रणाली तथा उद्योग एवं शोध क्षेत्र में इनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, ऑटोमेशन, निर्णय-निर्माण प्रणाली एवं ؍द्ध आधारित समाधानों पर भी प्रकाश डाला गया। वर्कशॉप का आयोजन संयोजक डॉ. मज़हर ख़ालिक एवं सह-संयोजक डॉ. रज़ा अब्बास हैदरी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की वर्कशॉप छात्र-छात्राओं को नई तकनीकों से अवगत कराने के साथ-साथ उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। इस वर्कशॉप में विभाग के सभी शिक्षकगण (डॉ. वली उल्लाह, एस. ज़फर मेंहदी काज़मी, सौरभ सिंह राठौर, मुस्कान चौधरी व श्रीयांशी गुप्ता) एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विषयवस्तु को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। कार्यशाला के अंत में आयोजित प्रश्न-उत्तर सत्र में छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# रक्त के लिये मरीजों को अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा : अरबिन्द प्रताप

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।**जनपद के छिबरामऊ नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पूर्व विधायक अरविन्द प्रताप सिंह ने फीता काटकर वंशिका चैरिटेबल ब्लड सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। सोमवार को वंशिका चैरिटेबल ब्लड सेंटर का उद्घाटन करनें के उपरान्त पूर्व विधायक अरविन्द प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ब्लड सेंटर की स्थापना से क्षेत्रवासियों को आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों एवं प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह केंद्र समाज के लिए एक बड़ी सौगात है। ब्लड सेंटर के संचालकों ने बताया कि यहां प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। सभी आवश्यक मशीनें एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की, ताकि जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रुप से डॉ. शरद द्विवेदी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. वीरपाल, डॉ. एस.सी. चंद्रा, डॉ. विपिन यादव, डॉ. संदीप, डॉ. इजहार आलम, डॉ. सुरेंद्र शाक्य, डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. विवेक शाक्य सहित कन्नौज एवं जनपद फर्रुखाबाद के अनेक चिकित्सकगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## दोस्तों के साथ निकले युवक की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** झूंसी थाना क्षेत्र के बजहा गांव में घर के भीतर कुलदीप बिंद (24) पुत्र राममूरत बिंद की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को अपने घर के बाहर सड़क पर फेंक दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झूंसी थाना क्षेत्र के बजहा गांव निवासी राममूरत बिंद के छह बेटों और चार बेटियों में कुलदीप बिंद आठवें नंबर पर था। वह मेहनत मजदूरी कर कर परिवार का भरण पोषण करता था। अभी उसका विवाह नहीं हुआ था। परिजनों के मुताबिक रविवार की शाम को तकरीबन छह बजे वह गांव में देखा गया था। इसके बाद रात में तकरीबन 10 बजे बड़ी बहन जया ने भी उसे घर के पास में ही देखा था। इसके बाद सोमवार की सुबह तकरीबन सात बजे उसकी हत्या की खबर गांव में फैली तो खलबली मच गई। युवक कुलदीप अपने घर के आगे रहने वाले सगे भाई मुन्ना और पप्पू बिंद के घर गया था। वहीं पर शराब पीने के बाद घर के भीतर ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घर के भीतर ही लोहे की कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी गई। शव को सोमवार की भोर में हत्यारोपियों ने अपने घर के सामने ही सड़क के किनारे फेंक दिया।

# खेल टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल विकसित करते हैं

- पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने किया विवेकानंद प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुगरापुर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम चांदापुर बांगर में आयोजित विवेकानंद प्रीमियर लीग-2026 क्रिकेट टूर्नामेंट के चतुर्थ दिवस के मुकाबले का शुभारंभ पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंनें पहली गेंद पर शॉट लगाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। सोमवार को विवेकानंद प्रीमियर लीग-2026 क्रिकेट टूर्नामेंट के चतुर्थ दिवस के मुकाबले का उदघाटन करनें के उपरान्त पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। क्रिकेट जैसे खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। इससे पूर्व आयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा ने मुख्य अतिथि राजीव ठाकुर को फूला मालायें पहनाकर स्वागत करनें के उपरान्त बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों ने प्रतिभाग किया है। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन मैच बड़े ही रोमांचक मुकाबले के साथ शुरू हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

# साइबर ठगी करने वाला गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

- फोन हैक कर रुपये उड़ाए, बैंक अफसर बनकर की ठगी

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक गैंग के तीन बदमाशों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। ये जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर ठगी करते थे। साथ ही क्रेडिट कार्ड मे लगी इन्श्योरेन्स सर्विस हटाने के नाम पर फिशिंग लिंक एपीके फाइल भेजकर साइबर ठगी को अंजाम देते थे। ठगों के पास से जाली दस्तावेज, साइबर ठगी में इस्तेमाल 7 एंड्रॉइड व 01 कीपैड फोन, 07 सिम कार्ड, 05 एटीएम व 10 पासबुक बरामद हुई है। पकड़े गए तीनों जालसाज बिहार के हैं जो दिल्ली में रहकर साइबर ठगी कर रहे थे। ज्ञात हो कि शहर के सिविल लाइंस थाने में एक मामला दर्ज हुआ था कि बैंक अफसर बनकर एक परिवार से लाखों रुपये ठगे गए। इसके बाद साइबर क्राइम पुलिस टीमें सक्रिय हुई। जांच से साफ हुआ कि एसबीआई क्रेडिट कार्ड टीम का अधिकारी बनकर कॉल किया गया था। कारोबारी से कहा गया कि क्रेडिट कार्ड पर इन्श्योरेन्स लगा है, जिसे हटाने के सम्बन्ध में लिंक भेजा गया है, उसे एक्टीवेट करने से वह हट जाएगा। जैसे ही कारोबारी ने लिंक ओपन किया मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद क्रेडिट कार्ड से 98,638 रुपये साइबर ठगी कर ली गई।

पकड़ गए ठगों में मोनू कुमार पुत्र विनय सिंह निवासी बाबा अपार्टमेन्ट कपासहेड़ा जिला साउथ वेस्ट दिल्ली, स्थाई पता ग्राम जिकटी जनपद मुजफ्फपुर बिहार, मो. साजिद उर्फ गोलू पुत्र मो. असलम निवासी वर्तमान कापसहेड़ा साउथ वेस्ट दिल्ली, स्थाई पता ग्राम हरीनगर थाना नेवतन जनपद पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) बिहार और समीर आलम पुत्र अब्दुल कय्यूम मियां निवासी अम्बेडकर कोलोनी बिजवासन जनपद साउथवेस्ट दिल्ली, स्थाई पता ग्राम रामनगर थाना रामनगर जनपद पश्चिमी चम्पारण बेतिया बिहार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ में शातिरों ने कबूल किया कि फर्जी मोबाइल नंबरों से स्वयं को बैंक का अधिकारी बनकर कॉल करते थे। कई बार कॉल ट्रांसफर आदि का नाटक करते थे ताकि लगे कि बैंक से कॉल आई है। टार्गेट सेट होता था। कारोबारी आदि के बारे में पहले से जानकारी जुटा लेते थे। इसके बाद उन्हें बताते थे कि आपके क्रेडिट कार्ड पर इन्श्योरेन्स लगा जिससे आपका पैसा समय-समय पर कटता रहेगा, जिसको हटवाने के लिये व क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर यह लोग फिशिंग लिंक /एपीके फाइल पीड़ित को भेजते है।

इसके बाद शातिर फोन का रिमोट एक्सेस लेकर खातों से पैसें उड़ा देते है व म्यूल एकाउन्ट्स् में पैसे मंगवाकर विभिन्न एटीएम से पैसे निकाल कर आपस में बांट लेते है । पुलिस से बचने के लिए यह लोग फर्जी सिम, म्यूल एकाउन्ट्स का इस्तेमाल करते है और वाट्सएप कॉल का ही प्रयोग करते है।

## पर्यावरण जल मिट्टी व जन जीवन बचाना है: जय प्रकाश

**जौनपुर (रामपुर )** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन विकासखंड सभागार रामपुर में किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय परिषद सदस्य भारतीय जनता पार्टी प्यारेलाल बिन्द व सहायक विकास अधिकारी कृषि धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डा.शिवानंद मौर्या नंद किशोर वरिष्ठ तकनीकी सहायक

स्र्क्क से सुभाश्री उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ जय प्रकाश गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण जल मिट्टी व जन जीवन बचाना है ।तो परंपरागत जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर आना होगा हमें उर्वरक की जगह जीवामृत घन जीवामृत व कीटनाशक की जगह ट्राइकोडर्मा बबेरिया बैस्सियाना, हर्बल अर्क बनाकर प्रयोग करने समाज में होने वाले गंभीर महामारी बीमारी कैंसर जैसे रोगों से निजात पाया जा सकता है। तकनीकी सहायक जिलाजीत यादव ने फसलों के विकास हेतु आवश्यक जैविक पोषक तत्व बनाने की विधि बताएं। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉक्टर गुरु प्रसाद मौर्य शिव शंकर सिंह पटेल ए डी ओ कृषि रक्षा मिंटू प्रजापति, तकनिकी सहायक जोखन राम, पूजा मंजू प्रीति बहने भी उपस्थित रहीं।

# 2.29 लाख लाख बच्चों को लगेगा एमआर का टीका : सीएमओ

- नगर के गुरुगोविन्द सिंह प्राथमिक विद्यालय से हुआ अभियान का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** मीजल्स-रूबेला (एमआर) के प्रति बच्चों को सुरक्षा कवच देने के लिए सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता व बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने सोमवार को नगर के न्यू कॉलोनी स्थित गुरु गोविन्द सिंह प्राथमिक विद्यालय से फीता काटकर टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का टीकाकरण कर बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित किया गया।

इस दौरान सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि 27 फरवरी तक चलने वाले अभियान में जिले के 3039 स्कूलों और मदरसों के पांच से दस वर्ष आयुवर्ग के 2.29 लाख बच्चों को टीका लगेगा।सीएमओ ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए कार्ययोजना तैयार है। स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित होंगे। एएनएम को प्रतिदिन सौ से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया है। अभिभावकों से अपील है कि वे बच्चों को एमआर वैक्सीन जरूर लगवाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. डॉ एसके सिन्हा ने कहा कि टीकाकरण टीमें स्कूलों में पहुंचने से एक दिन पहले सूचना देंगी। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी बच्चे को खाली पेट टीका न लगाया जाए, बच्चों को मिड-डे मील या लंच के बाद ही वैक्सीन दी जाएगी।उन्होंने कहा कि एमआर टीकाकरण से न केवल बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है, बल्कि समाज को भी इन रोगों से मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन और समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वह इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि जिले को खसरा-रूबेला मुक्त बनाया जा सके। खसरा के लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, बहती नाक, आंखों का लाल होना और चेहरे व शरीर पर चकत्ते शामिल हैं। अभियान की दैनिक रिपोर्टिंग यूविन पोर्टल से होगी।

कार्यक्रम में अरबन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, एआरओ राकेश चंद, डीएमएचसी विश्वनाथ मल्ल, लालबचन चौधरी सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ़, जेएसआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## होटल में चोरी के मामले में मप्र से गिरफ्तार महिला भेजी गई जेल

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में जज के भतीजे के सगाई समारोह के दौरान गहने, 1.40 लाख रुपये की नकदी, मोबाइल फोन आदि सामान से भरा बैग चुराने के मामले में फरार चल रही 25 हजार की इनामी महिला आरोपी को पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। मूलरूप से मध्यप्रदेश के राजगढ़ निवासी बीना बाई मई 2022 से फरार चल रही थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मई 2022 को जज के भाई ने पुलिस को बताया था कि सिविल लाइंस के एक होटल में बेटे का सगाई समारोह था। इसी दौरान रात करीब 8:50 बजे पता चला कि बैग चोरी हो गया है। इसमें हीरे, सोने व चांदी के जेवरात, 1.40 लाख रुपये की नकदी, मोबाइल फोन, घर की चाबी व अन्य सामान था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जांच में पता चला कि जैकी गैंग ने घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद सिविल लाइंस पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मध्य प्रदेश राजगढ़ निवासी जैकी कुमार सांसी, कुणाल, संतोष सांसी, कोहिनूर सांसी व नैनी निवासी रामू पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पसमंदा समाज पर टिप्पणी को लेकर महाज़ का विरोध

**अवधनामा संवाददाता**

- अख्तरुल ईमान के बयान की कड़ी निंदा
- बिहार विधानसभा अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग
- लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ टिप्पणी: महाज़

**लखनऊ/नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जारी संयुक्त बयान में अख्तरुल ईमान (AIMIM विधायक) द्वारा पसमंदा मुस्लिम समाज, विशेषकर जुलाहा/अंसारी (बुनकर) बिरादरी के संदर्भ में मुहावरा शब्द के प्रयोग की कड़ी निंदा की गई है। संगठन ने इस टिप्पणी को आपत्तिजनक, असंवेदनशील और सामाजिक गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। बयान में कहा गया कि किसी भी सामाजिक समूह की ऐतिहासिक पहचान, जनसंख्या या सामाजिक स्थिति को व्यंग्य अथवा मुहावरे के रूप में प्रस्तुत करना लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय की भावना और संवैधानिक मर्यादाओं के विरुद्ध है।

महाज़ ने स्पष्ट किया कि पसमंदा मुस्लिम समाज लंबे समय से सामाजिक उपेक्षा, शैक्षिक पिछड़ेपन और आर्थिक असमानता का सामना करता आ रहा है। ऐसे समय में जब यह समाज अपने अधिकारों, समान प्रतिनिधित्व और सम्मानजनक पहचान के लिए संगठित प्रयास कर रहा है, इस प्रकार की टिप्पणियां उसके संघर्ष और पीड़ा का उपहास प्रतीत होती हैं। संयुक्त बयान में यह भी कहा गया कि भारतीय संविधान समानता, गरिमा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है और किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग सामाजिक सौहार्द के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को भी प्रभावित करता है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने माननीय बिहार विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि संबंधित आपत्तिजनक टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए, मामले पर सदन में स्पष्टीकरण लिया जाए तथा आवश्यकता अनुसार उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संगठन का कहना है कि विधानसभा लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण संस्था है और वहां किसी भी समाज की अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाली अभिव्यक्ति स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

साथ ही संगठन ने असदुद्दीन ओवैसी से भी औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि इस बयान पर सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी किया जाए और यदि टिप्पणी अनुचित पाई जाती है तो पार्टी स्तर पर आवश्यक अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएं। महाज़ का कहना है कि जो राजनीतिक दल स्वयं को वंचितों और पिछड़ों का प्रतिनिधि बताता है, उसके लिए पसमंदा समाज की गरिमा और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना नैतिक जिम्मेदारी है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने पसमंदा समाज, विशेषकर अंसारी (बुनकर) बिरादरी से अपील की है कि वे संगठित, सजग और एकजुट रहें तथा केवल चुनावी समय पर नाम लेने वाले, लेकिन व्यवहार में सम्मान और अधिकारों की अनदेखी करने वाले नेताओं एवं दलों से सतर्क रहें। संगठन ने दोहराया कि पसमंदा समाज की अस्मिता, अधिकारों और समान भागीदारी की रक्षा के लिए वह सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक उपाय अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने रचा इतिहास, 700 टी20 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बने



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने इतिहास रच दिया। उन्होंने टी20 में 700 विकेट पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मुकाबले में इतिहास रच दिया। वह टी20 प्रारूप में 700 विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। राशिद पहले ही इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज थे, लेकिन अब उन्होंने 700 विकेट का आंकड़ा छू लिया है।

टी20 विश्व कप 2026 का 28वां मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान और यूएई के बीच खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाए और पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। ग्रुप डी में शामिल अफगानिस्तान की यह मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है। इससे पहले उसे अफगानिस्तान को शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत के साथ अफगानिस्ता ने सुपर-8 की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है।

इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अपने चार ओवर के स्पैल में सिर्फ 24 रन खर्च किए और एक विकेट हासिल किया। मुहम्मद अरफान को आउट करते ही राशिद टी20 में 700 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। बता दें कि, राशिद पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में 191 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः न्यूजीलैंड के टिम साउदी (164) और ईश सोढ़ी (162) मौजूद हैं।

## अपने देश नहीं......नेपाल में बांग्लादेश के कप्तान को मनानी पड़ी शिवरात्रि, पत्नी के साथ किया जलाभिषेक

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान लिटन दास ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नेपाल के एक मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में लिटन दास शिवलिंग पर जल चढ़ाते और विधि-विधान से पूजा करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी देवश्री भी दिखाई दीं।

बांग्लादेश में अल्पसख्यकों के साथ हो रहे अपराधों के बीच पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान लिटन दास ने नेपाल में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया। रविवार को लिटन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तमाम तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह अपनी पत्नी देवश्री के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक करते दिखे। बता दें कि, लिटन टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की कप्तानी करने वाले थे। हालांकि, मुस्तफिजुर रहमान से शुरू हुए विवाद के बाद उनके बोर्ड ने खुद ही वैश्विक टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया और उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया।

**महाशिवरात्रि**

> **बांग्लादेश में अल्पसख्यकों के साथ हो रहे अपराधों के बीच पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान लिटन दास ने नेपाल में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया।**

विवाद की शुरुआत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई।





बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फिर भारत में सुरक्षा का हवाला देकर टी20 विश्व कप के मैच भारत में नहीं खेलने की मांग की।

उन्होंने आईसीसी के सामने यह भी विकल्प रखा कि बांग्लादेश को ग्रुप सी से हटाकर ग्रुप बी में शामिल किया जाए और आयरलैंड को ग्रुप सी में भेजा जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रुप बी के मैच श्रीलंका में होने हैं।

आईसीसी के अधिकारियों ने बांग्लादेश में बीसीबी के अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

फिर 21 जनवरी को आईसीसी बोर्ड की बैठक हुई जिसमें बांग्लादेश की मांग बहुमत के आधार पर खारिज कर दी गई।

आईसीसी ने बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया कि या तो वह तय कार्यक्रम के अनुसार भारत में खेले या उसकी जगह स्कॉटलैंड की टीम में शामिल किया जाएगा।

22 जनवरी को बांग्लादेश ने फिर पुराना राग अलापा और भारत में विश्व कप खेलने से इनकार कर दिया।

24 जनवरी को आईसीसी ने बीसीबी को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से हटाने का फैसला किया और उनकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी का हिस्सा बना दिया।

## भारत से हार के बाद पाकिस्तान में भूचाल, बाबर समेत सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की उठी मांग

**कोलंबो।** टी20 विश्व कप में भारत से 61 रन की हार के बाद पाकिस्तान टीम की जमकर आलोचना हो रही है और बाबर आजम समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की मांग उठी है। पूर्व खिलाड़ियों ने रणनीति और टीम चयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैच पहली पारी में ही पाकिस्तान के हाथ से निकल गया था। टी20 विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से 61 रन की करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में उथल-पुथल मच गई है। कोलंबो में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम आलोचनाओं के केंद्र में आ गए हैं और कई पूर्व खिलाड़ियों ने उन्हें टी20 टीम से बाहर करने की







मांग की है। भारत की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने 40 गेंदों में 77 रन की विस्फोटक पारी खेलकर पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। मध्यक्रम से उपयोगी योगदान मिला और टीम ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की बल्लेबाजी भारतीय तेज और स्पिन आक्रमण के सामने बिखर गई।

पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर उनके हाथ में होता तो वे बाबर, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी को दोबारा टी20 टीम में नहीं चुनते। उनका मानना है कि अब इस प्रारूप में युवाओं को मौका देने का समय आ गया है। इस मैच में शाहीन ने दो ओवर में 31 रन दिए, जबकि बाबर को पांच रन पर आउट कर दिया गया।

जावेद मियांदाद ने भी उठाए प्रदर्शन पर सवाल

पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने माना कि बड़े मैचों में पाकिस्तान दबाव झेलने में नाकाम रहा। वहीं बाबर के समर्थक माने जाने वाले मोहम्मद यूसुफ ने भी कहा कि इस हार के बाद बाबर और शाहीन का टी20 करियर समाप्त हो जाना चाहिए। बाबर के आलोचक अहमद शहजाद ने भी उनके प्रदर्शन को लेकर तीखी टिप्पणी की।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने स्वीकार किया कि मौजूदा समय में भारत किसी भी प्रारूप में पाकिस्तान से बेहतर टीम है। मियांदाद ने टीम संयोजन पर भी सवाल उठाए और पूछा कि फहीम अशरफ से गेंदबाजी क्यों नहीं करवाई गई तथा छह स्पिनरों के साथ उतरने का क्या तुक था। इस बीच पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने कहा कि पाकिस्तान ने मैच पहली पारी में ही गंवा दिया था। उनके अनुसार जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत ने 175 रन बना लिए, तभी मुकाबला पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो गया था। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने स्पिनरों का बेहतर इस्तेमाल किया और गेंदबाजी में समझदारी दिखाई।

## अयोग्य व्यक्ति को काम देना जुर्म, हार के बाद पीसीबी प्रमुख पर भड़के अख्तर, सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** भारत से मिली हार के बाद पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी और बाबर आजम को निशाने पर लिया। अख्तर ने नकवी को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। पाकिस्तान की हार के बाद पड़ोसी मुल्क में विवाद बढ़ता ही जा रहा है। टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर निशाना साधा है और उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े किए हैं। पाकिस्तान को कोलंबो में खेले गए टी20 विश्व कप के मुकाबले में भारत के खिलाफ 61 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान की बल्लेबाजी इस दौरान बेहद खराब रही और टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी।

पाकिस्तान की हार के बाद अख्तर के निशाने पर नकवी रहे। अख्तर ने एक समाचार चैनल से बात करते हुए कहा, अब एक आदमी को तो यह भी नहीं पता कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन है। अब टीम कैसे चलेगी? आप कह रहे हैं कि एक आदमी (बाबर आजम) को आपने सुपरस्टार बना दिया, लेकिन वह एक भी मैच नहीं जीता सकता। आपने उसे ऐसा स्टार बना दिया जो एक भी मैच नहीं जीत सकता। भाई, जब आप इस तरह के स्टार बनाते हैं, जब आप उन्हें चुनते हैं, जब आप उन्हें छांटते हैं, तभी आपको यह समस्या आएगी। लेकिन बात यह है कि अगर आप देखें तो आपको पता है दुनिया का सबसे बड़ा अपराध क्या है? दुनिया का सबसे बड़ा अपराध यह है कि आप किसी अयोग्य व्यक्ति को कोई बड़ा काम सौंप दें।

अख्तर ने कहा, जब आप किसी अयोग्य और अज्ञानी व्यक्ति को कोई बड़ा काम सौंपते हैं, तो वह देश को बर्बाद कर देगा। वह किसी भी संगठन को ध्वस्त कर देगा। उदाहरण आपके सामने है, आप इतने बुद्धिमान हैं कि इसे समझ सकें।

स्टार बल्लेबाज बाबर आजम आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं तथा देश के कई पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ उन्हें भी टीम से बाहर करने की मांग की है। पूर्व कप्तान बाबर, शादाब खान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी जैसे अनुभव खिलाड़ी रविवार रात कोलंबो में खेले गए एकतरफा मुकाबले में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा, अगर यह मेरे हाथ में होता तो मैं बाबर, शादाब और शाहीन को दोबारा टी20 टीम में नहीं चुनता। उन्हें पाकिस्तान के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के कई मौके मिले हैं, लेकिन वे फिर से नाकाम रहे।

## सोमवार को दर्शकों को रिझाने में नाकाम हुई ओ रोमियो, जानें तू या मैं के चौथे दिन का कलेक्शन





**मुंबई।** सिनेमाघरों में इन दिनों नई रिलीज हुई फिल्में ओ रोमियो और तू या मैं चल रही हैं। दोनों फिल्में 13 फरवरी को रिलीज हुई थीं। ओ रोमियो ने पहले दिन और वीकएंड पर अच्छा कलेक्शन किया। आज इसकी कमाई में गिरावट दर्ज की जा रही है। %तू या मैं% की हालत शुरू से ही खराब है। आज इसने कुछ ज्यादा ही निराश किया है।

अपनी रिलीज के चौथे दिन %ओ रोमियो% ने खबर लिखे जाने तक 2.99 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। तीसरे दिन यानी रविवार को इसने 9 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 12.65 करोड़ रुपये रही थी। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 8.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कलेक्शन 33.14 करोड़ रुपये हो गया है।

फिल्म तू या मैं पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर पकड़ नहीं बना पा रही है। सोमवार को फिल्म की कमाई और घट गई है। चौथे दिन इसने 27 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। रविवार को इसने 80 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 1.45 करोड़ रुपये था। ओपनिंग डे पर फिल्म का कलेक्शन 60 लाख रुपये था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अब तक 3.12 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

'ओ रोमियो' में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी, अरुणा ईरानी और तमन्ना भाटिया हैं। यह फिल्म हुसैन जैदी की किताब 'माफिया क्वींस ऑफ मुंबई' पर आधारित है। इसमें शाहिद कपूर ने उस्तरा का किरदार निभाया है। जबकि तृप्ति डिमरी अफशा के रोल में नजर आई हैं। ओ रोमियो बदले की कहानी है। इसकी कहानी 1995 के दौर पर आधारित है। तू या मैं का निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। फिल्म के लेखक अभिषेक बेंडेकर हैं। इसमें आदर्श गौरव और शनाया कपूर के अलावा मोना सिंह, पारुल गुलाटी और सिद्धार्थ ने अहम किरदार निभाए हैं। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थाई फिल्म द पूल का हिंदी रीमेक है।

## शबाना आजमी ने शेयर किया डांस वीडियो, बॉबी देओल से की तुलना

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी ने सोशल मीडिया पर अपना एक पुराना वीडियो शेयर किया है। वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। वीडियो में वह डांस कर रही हैं। इसमें उनके साथ कई दूसरी महिलाएं भी हैं। फैंस को वीडियो का कैप्शन पसंद आ रहा है।

इंस्टाग्राम पर शबाना आजमी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि वह डांस कर रही हैं। खास बात यह है कि वह अपने सिर पर गिलास रखकर डांस कर रही हैं। उनके साथ कई महिलाएं इस पल का आनंद ले रही हैं। वीडियो में मुकाबला मुकाबला गाना बज रहा है।

वीडियो शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा एक खास डांस जो पर्णा पाटकर ने शुरू किया था और मैंने उसे फॉलो किया। बॉबी देओल के उस डांस से बहुत पहले जो वायरल हो गया था।

वायरल वीडियो पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है आप वाकई महान हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा है बहुत मजा आया। एक और यूजर ने लिखा है शबाना आंटी रॉक। कई यूजर्स ने इस वीडियो पर दिल और फायर वाला इमोजी कमेंट किया है।

फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाने वाली शबाना आजमी अक्सर ऑफ-स्क्रीन खुशी के पल साझा करती हैं। यह पुराना वीडियो उसी का हिस्सा है।

**बॉबी देओल ने किया था डांस**

आपको बता दें कि फिल्म एनिमल में बॉबी देओल का गिलास-बैलेंसिंग डांस काफी मशहूर हुआ था।

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल में बॉबी देओल ने एक खतरनाक रोल निभाया था। फिल्म में उनका रोल छोटा था लेकिन असरदार था। इसमें लीड रोल में रणबीर कपूर थे।

## पीआर के साथ काम करने पर शोभिता धुलिपाला ने दिया बड़ा बयान

**मुंबई।** एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने हाल ही में पीआर के साथ काम करने को लेकर बातचीत की। इसमें उन्होंने अपने पब्लिक अपीरियंस को लेकर भी कहा कि वो क्यों ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहती।

हाल ही में एचटीसिटी को दिए इंटरव्यू में शोभिता धुलिपाला ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल पसंद को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि भले ही उन्होंने कभी-कभी पीआर टीम के साथ काम किया है, लेकिन वह खुद को उस सिस्टम से ज्यादा जुड़ा हुआ महसूस नहीं करतीं।

शोभिता ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में मैंने थोड़े-बहुत समय के लिए पीआर फर्म के साथ काम किया है। लेकिन मेरी पर्सनैलिटी और जिस तरह की जिंदगी मैं जीना चाहती हूं, उसके हिसाब से मैंने तय किया है कि मुझे इस तरह की 'एम्प्लीफिकेशन' की जरूरत नहीं है। मैं 24×7 दिखाई नहीं देना चाहती और न ही चाहती हूं कि हर समय मेरे बारे में बातें हों। यह मेरी रुचि नहीं है और मुझे यह अपने लिए जरूरी नहीं लगता।'

उन्होंने आगे साफ किया कि वह फिलहाल पीआर के साथ काम नहीं कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि यह हर किसी की अपनी पसंद होती है। उन्होंने कहा, 'मैं पीआर के साथ काम नहीं करती, लेकिन शायद यह किसी और के लिए सही हो। इस मामले में कोई नियम तय नहीं है। हर किसी की अपनी पसंद होती है, और मुझे अपनी पसंद को लेकर पूरी स्पष्टता है।'


शोभिता का यह बयान दिखाता है कि वह लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम और निजी जीवन को अहमियत देती हैं। शोभिता आखिरी बार लव सितारा में नजर आईं थीं, जो फिलहाल जीफाइव पर स्ट्रीम हो रही है। इससे पहले वो %चीकाटिलो% फिल्म में नजर आईं थीं, जो कि एक सस्पेंस-थ्रिलर है

## आनंद सागर की प्रार्थना सभा में शामिल हुईं हेमा मालिनी

**मुंबई।** टीवी शो रामायण के निर्माता-निर्देशक रामानंद सागर के बेटे आनंद रामानंद सागर की आज प्रार्थना सभा हुई। इस सभा में उनके परिवार के लोगों के साथ फिल्म जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो वायरल हैं। प्रार्थना सभा में हेमा मालिनी, जया बच्चन, रजा मुराद और सोनाक्षी सिन्हा की मां भी पहुंची हैं। आनंद सागर का 13 फरवरी को निधन हो गया था। ख्याल रहे कि 13 फरवरी को आनंद सागर का निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार उसी शाम 4:30 बजे मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट में संपन्न हुआ। आनंद रामानंद सागर भारतीय टेलीविजन के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक के सदस्य थे। 2005 में रामानंद सागर के निधन के बाद आनंद सागर ने सागर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर 'रामायण' और अन्य क्लासिक प्रोजेक्ट्स के नए तरीके से फिर से टेलीकास्ट करने का काम जारी रखा।

## 'एक्टर्स और उनकी टीम की बढ़ती फीस चिंता की बात', अनुभव सिन्हा बोले, यह मॉडल ज्यादा दिन नहीं चलेगा





**मुंबई।** अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले निर्देशक अनुभव सिन्हा इंडस्ट्री और सिनेमा दोनों पर खुलकर राय रखते हैं। यूनिट के बढ़ते आकार से लेकर बॉक्स ऑफिस की बहस, बढ़ते बजट और 'रा.वन' को लेकर बनी धारणा तक... अमर उजाला से बातचीत में उन्होंने हर सवाल पर बेबाकी से बात की। बता दें, अनुभव की फिल्म अस्सी जल्द ही बड़े परदे पर रिलीज होने वाली है।

**'कहानी से ज्यादा मैनेजमेंट चल रहा है'**

इंडस्ट्री में इतने साल काम करने के बाद अनुभव सिन्हा बदलाव को साफ नजर से देखते हैं। उनके मुताबिक समय के साथ बहुत कुछ बदला है। 'सबसे बड़ा बुरा बदलाव यह है कि यूनिट बहुत बड़ी हो गई है। पहले फिल्म बनाना शांत और निजी काम होता था। अब सेट पर बहुत लोग होते हैं, बहुत शोर होता है। कई बार लगता है कि कहानी से ज्यादा मैनेजमेंट चल रहा है।'

**'दर्शक थिएटर नहीं जाते, मैं यह नहीं मानता'**

वे यह भी मानते हैं कि बदलाव सिर्फ नकारात्मक नहीं हैं। 'अब फिल्मों में पैसा आ रहा है। लोग कहते हैं कि दर्शक थिएटर नहीं जाते, लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता। मैं हाल ही में कई शहरों में गया हूं। लोग फिल्में देख रहे हैं। कोविड के बाद भी कई फिल्में हजार करोड़ तक पहुंची हैं। इसका मतलब ऑडियंस हैं। रिटर्न बढ़े हैं, निवेश बढ़ा है। फाइनेंसिंग पहले से ज्यादा व्यवस्थित और साफ हुई है। इंडस्ट्री बेहतर हो रही है, लेकिन अभी हम पूरी तरह प्रोफेशनल नहीं बने हैं। हम अभी भी सीख रहे हैं।'

**'फिल्में महंगी होती जा रही हैं'**

कलाकारों की बड़ी टीम और बढ़ते बजट पर वे साफ कहते हैं, 'हां, फिल्में लगातार महंगी हो रही हैं। अब सिर्फ कलाकार नहीं आते, उनके साथ पूरी टीम आती है और खर्च बढ़ता है। इस पर दोबारा सोचने और बात करने की जरूरत है। यह मॉडल लंबे समय तक नहीं चल सकता। अगर खर्च ऐसे ही बढ़ता रहा, तो अच्छी फिल्म बनाना मुश्किल हो जाएगा।'

**'अब एक प्रॉपर म्यूजिकल बनाना चाहता हूं'**

संगीत को लेकर उनका उत्साह आज भी बरकरार है। उन्होंने बताया 'मुझे सही मायने में एक म्यूजिकल फिल्म बनानी है। काफी समय हो गया है वैसा सुपरहिट म्यूजिक किए हुए, जो रिलीज होते ही लोगों की जुबान पर चढ़ जाए। 'रा.वन' के बाद मैंने उस तरह का म्यूजिक नहीं किया। 'तुम बिन', 'दस बहाने' और 'कैश' के गाने आज भी बजते हैं। कई लोगों को यह भी नहीं पता कि वह म्यूजिक मैंने बनाया था। अब मन है कि ऐसी फिल्म बनाऊं, जिसमें कहानी संगीत के साथ आगे बढ़े। गाने सिर्फ गाने न हों, कहानी का हिस्सा हों। मुझे लगता है म्यूजिक की ताकत बहुत बड़ी होती है।'

**'रा.वन फ्लॉप नहीं थी'**


'सबसे पहले यह साफ कर दूं कि 'रा.वन' फ्लॉप नहीं थी। 2011 में 130 करोड़ का बिजनेस छोटा आंकड़ा नहीं था। हां, हमारी उम्मीदें ज्यादा थीं। हम 300 करोड़ की सोच रहे थे। जब वह नहीं हुआ, तो निराशा हुई। लेकिन निराशा का मतलब असफलता नहीं होता। 'नहीं चली' की बात इतनी दोहराई गई कि वही सच मान ली गई। जहां तक री-रिलीज की बात है, यह कहना आसान है कि आज आती तो आग लगा देती। लेकिन फिल्म को अपने समय में ही जीना पड़ता है।'


## धुरंधर एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ में कंगना रनौत ने पढ़े कसीदे, बोलीं- इस बच्ची में कुछ अलग है

**मुंबई।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स आफिस पर कई रिकॉर्ड ब्रेक किए हैं। फिल्म में सारा अर्जुन के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में सारा ईशा फांउडेशन में शिवरात्रि मनाने पहुंची थीं। जहां से उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। अब इस वीडियो को साझा करते हुए अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की।

मंडी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए जानी जाती हैं। हर मामले पर खुल कर बोलने वाली एक्ट्रेस ने अब सारा अर्जुन पर अपना प्यार बरसाया है। कंगना ने सारा की तारीफ करते हुए लिखा जमीन से जुड़ी हुई और एक अलग सी लड़की, आगे अपने जीवन में और अच्छा करो। तुम्हारे भविष्य के लिए मैं शुभकामनाएं देती हूं बच्चे।

कंगना इससे पहले सारा की फिल्म धुरंधर की भी तारीफ कर चुकीं हैं। एक्ट्रेस ने कहा था, मैंने





धुरंधर देखी और बहुत अच्छी लगी। यह फिल्म आर्ट और क्राफ्ट का एक शानदार मास्टर पीस है। मगर मैं फिल्ममेकर की इस फिल्म को बनाने के लिए ही काफी तारीफ करती हूं।

आगे कंगना ने लिखा डियर आदित्य धर जी, बॉर्डर पर हमारे डिफेंस फोर्स, सरकार में मोदी जी और बॉलीवुड में आप पाकिस्तानी आतंकियों की खूब कंबल कुटाई करो, मजा आ गया। फिल्म की सारी कास्ट ने काफी अच्छा काम किया है। मगर इसके असली धुरंधर आदित्य धर हैं।'

बात करें सारा की तो 'धुरंधर' के बाद इनकी अगली फिल्म यूफोरिया रिलीज हो चुकी है। यूफोरिया एक तेलुगु फिल्म है जो इसी साल 6 फरवरी को रिलीज हुई है। अभिनेत्री सारा 19 मार्च को सारा एक बार फिर रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर पार्ट 2' में नजर आएंगी।

## दोनों देशों के रिश्तों को नई रफ्तार, न्यूजीलैंड के मंत्री बोले एआई सहयोग पर भी जोर



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा दे रहा है। न्यूजीलैंड के विज्ञान मंत्री शेन रेटी ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार, तकनीक और एआई जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे।

भारत और न्यूजीलैंड के रिश्तों में एक नया अध्याय जुड़ गया है। हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों देशों के बीच बढ़ते भरोसे और साझेदारी का बड़ा संकेत माना जा रहा है। इसी बीच न्यूजीलैंड के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री शेन रेटी ने इस व्यापार समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता व्यापार, तकनीक और सहयोग के नए अवसर खोलेगा। उनके मुताबिक यह एफटीए न सिर्फ आर्थिक संबंध मजबूत करेगा, बल्कि भारत और न्यूजीलैंड की रणनीतिक साझेदारी को भी नई ऊंचाई देगा। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में रेटी ने कहा कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पहले से ही अच्छे और गहरे संबंध हैं और यह एफटीए उसी रिश्ते को आगे बढ़ाने का अगला कदम है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों को व्यापार, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने का बड़ा अवसर मिलेगा।

रेटी ने भारत की वैश्विक स्तर पर बढ़ती भूमिका, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में, की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि दुनिया भारत को एआई के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण देश के रूप में देखती है। उन्होंने इसे अपने लिए सम्मान की बात बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला।

# अबू सलेम को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने सजा पूरी होने के दावे वाली याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**मामले**

**जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सलेम के वकील से कहा कि वे इस मामले को बॉम्बे हाई कोर्ट में ही उठाएं।**



**नई दिल्ली।** गैंगस्टर अबू सलेम ने 25 साल की सजा पूरी होने का दावा कर सुप्रीम कोर्ट से रिहाई मांगी थी। कोर्ट ने सुनवाई से इनकार करते हुए उसे बॉम्बे हाई कोर्ट जाने को कहा। सलेम को पुर्तगाल से इस शर्त पर लाया गया था कि उसे 25 साल से ज्यादा सजा नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई बम धमाकों के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उसने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की थी। सलेम का दावा है कि वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और पिछले 10 महीनों से उसे गैर-कानूनी हिरासत में रखा गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सलेम के वकील से कहा कि वे इस मामले को बॉम्बे हाई कोर्ट में ही उठाएं। बेंच ने साफ किया कि हाई कोर्ट ने अभी सिर्फ अंतरिम राहत देने से मना किया है, इसलिए सलेम को वहीं जाकर अपनी अंतिम बहस पूरी करनी चाहिए। सलेम ने बॉम्बे हाई कोर्ट के जुलाई 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्यता में उसकी 25 साल की सजा अभी पूरी नहीं हुई है। सलेम के वकील ने महाराष्ट्र जेल नियमों का हवाला देते हुए दलील दी कि अगर अच्छे बर्ताव के बदले मिलने वाली छूट को जोड़ लिया जाए, तो सलेम अपनी सजा काट चुका है। वकील ने यह भी आरोप लगाया कि जेल प्रशासन ने जो हलफनामा दिया है, उसमें गिनती की गलती है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नाथ ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सलेम को समाज के लिए कुछ अच्छा न करने की वजह से 25 साल की सजा मिली थी। उसे टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट (टीएडीए) जैसे गंभीर कानून के तहत दोषी ठहराया गया है। कोर्ट ने सलेम को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दी और उसे हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई के लिए अर्जी देने की छूट दी। अबू सलेम 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस का दोषी है। उसे लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर 2005 को पुर्तगाल से भारत लाया गया था। भारत और पुर्तगाल के बीच हुए समझौते के तहत सलेम को मौत की सजा नहीं दी जा सकती और उसकी जेल की सजा 25 साल से ज्यादा नहीं हो सकती। जुलाई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि केंद्र सरकार पुर्तगाल को दिए गए वादे को निभाने के लिए बाध्य है। जैसे ही सलेम की 25 साल की सजा पूरी होगी, उसे रिहा करना होगा। हालांकि, जेल प्रशासन के रिकॉर्ड के मुताबिक सलेम ने अब तक केवल 19 साल की सजा काटी है। सलेम को 1995 में हुए बिल्डर प्रदीप जैन की हत्या के मामले में भी उम्रकैद की सजा मिली हुई है। सलेम का कहना है कि उसकी कस्टडी 2005 से गिनी जानी चाहिए।

## चुनौतियों के बीच भारत को निर्यात में बढ़त

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद भारत के निर्यात में जनवरी में 0.61% की बढ़ोतरी दर्ज हुई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, अप्रैल से जनवरी तक कुल निर्यात 2.22त्न बढ़ा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। भारत के निर्यात में जनवरी महीने में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि जनवरी में देश का निर्यात 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह बढ़ोतरी वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक संकेत मानी जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी तक कुल निर्यात 2.22 प्रतिशत बढ़कर 366.63 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। सरकार का कहना है कि लगातार बढ़ता निर्यात देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की स्थिति बेहतर हो रही है।

## डेटा संरक्षण कानून 2023 पर सरकार से जवाब तलब; कुलदीप सेंगर-सोनम वांगचुक मामले पर भी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 के कई प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। पत्रकार नितिन सेठी द्वारा दायर याचिका में तर्क दिया गया है कि नई डेटा व्यवस्था सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम को गंभीर रूप से कमजोर करती है और केंद्र को व्यक्तिगत डेटा पर व्यापक शक्तियां प्रदान करती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने अधिनियम की कानूनी जटिलताओं की जांच करने पर सहमति जताते हुए, विवादित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करते हुए अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि निजता की रक्षा करने के अपने प्रयास में अधिनियम में सटीक कार्यप्रणाली का अभाव है। वरिष्ठ वकील ने कहा, छेनी का इस्तेमाल करने के बजाय, (विधानमंडल ने) हथौड़े का इस्तेमाल किया है और इस तरह (आरटीआई को) करारा प्रहार किया है। याचिका में कहा गया है कि डीपीडीपी अधिनियम व्यक्तिगत जानकारी के प्रकटीकरण पर पूर्णतः रोक लगाता है, जिससे आरटीआई अधिनियम द्वारा स्थापित पारदर्शिता ढांचा प्रभावी रूप से समाप्त हो जाता है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट में उन्नाव दुष्कर्म मामले में कुलदीप सेंगर के खिलाफ सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई करेगा। इसी के साथ क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली अर्जी पर भी शीर्ष अदालत सुनवाई करेगी।

## भाजपा के दरवाजे खुले, सुरक्षित सीट से लड़ाएंगे चुनाव; भूपेन बोरा के इस्तीफे के बाद सीएम सरमा का ऑफर

**नई दिल्ली।** असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का खुला न्योता दिया और सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ाने की बात कही। बोरा ने पार्टी नेतृत्व द्वारा नजरअंदाज किए जाने का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया, जिसे असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। असम की राजनीति में सोमवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। वरिष्ठ नेता और पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ दी है। इसके बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का खुला न्योता दे दिया। सीएम सरमा ने कहा कि अगर भूपेन बोरा भाजपा में शामिल होते हैं, तो उन्हें सुरक्षित सीट से चुनाव जिताने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि वह मंगलवार शाम को बोरा के आवास पर जाकर उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। हालांकि, सरमा ने स्पष्ट किया कि अब तक बोरा या भाजपा के बीच किसी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत नहीं हुई है। इससे पहले भूपेन बोरा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अपने पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा था और राज्य इकाई में उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा था। उनका इस्तीफा असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

भूपेन बोरा 2021 से 2025 तक असम कांग्रेस के अध्यक्ष रहे और पिछले वर्ष उनकी जगह गौरव गोगोई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। वह असम के दो बार विधायक भी रह चुके हैं।मुख्यमंत्री सरमा ने बोरा को लेकर कहा कि वह कांग्रेस में आखिरी हिंदू नेता थे जिनका कोई राजनीतिक पारिवारिक बैकग्राउंड नहीं था। उन्होंने कांग्रेस पर साधारण परिवारों से आने वाले नेताओं को महत्व न देने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा आम परिवार से आने वाले लोगों को आगे बढ़ने का अवसर देती है।

## भारत युद्धाभ्यास मिलन के लिए तैयार, नौसेना ने तीन देशों के जहाजों का किया स्वागत

**जापान**

**दो चरणों में होने वाले इस नौसैनिक युद्धाभ्यास में अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान सहित कई देशों के साथ संयुक्त अभ्यास होगा।**



**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम भारत युद्धाभ्यास मिलन के लिए पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में भारतीय नौसेना ने तीन देशों (थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका) के नौसैनिक जहाज का स्वागत किया। यह नौसैनिक युद्धाभ्यास 19-20 फरवरी को बंदरगाह चरण में और 21-25 फरवरी को बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण में होगा। भारत मिलन-2026 नौसैनिक युद्धाभ्यास की मेजबानी करने जा रहा है। ऐसे में भारतीय नौसेना ने रविवार को थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के नौसैनिक जहाजों का स्वागत किया। हर दूसरे वर्ष आयोजित होने वाले इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। तीन देशों के नौसैनिक जहाजों के बारे में एक्स पर कई पोस्टों में विवरण साझा करते हुए भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान ने कहा, स्वागत है! भारतीय नौसेना रॉयल थाई नौसेना के अपतटीय गश्ती पोत एचटीएमएस क्राबी का विशाखापत्तनम पहुंचने पर स्वागत करती है, जो आईएफआर 2026 इंडिया और मिलन 2026 में भाग लेने के लिए आई है।% ऐसे ही दो अन्य पोस्ट में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का फ्रिगेट एचएमएएस वारामुंगा और श्रीलंकाई नौसेना के एसएलएनएस नंदी मित्रा और एसएलएनएस सागरा की भी जानकारी दी। भारत के सबसे बड़े नौसैनिक आयोजनों में से एक अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (आईएफआर) में मिलन अभ्यास के दौरान इस बार 65 देशों के प्रतिनिधित्व के साथ 19 विदेशी युद्धपोतों सहित 71 जहाजों की भागीदारी देखने को मिलेगी। मिलन अभ्यास 19-20 फरवरी को बंदरगाह चरण में और 21-25 फरवरी को बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण में होगा। गौरतलब है कि आईएनएस विक्रांत पहले ही विशाखापत्तनम पहुंच चुका है और इस भव्य आईएफआर का हिस्सा होगा। 18 फरवरी को राष्ट्रपति द्वारा समुद्र में आईएफआर की समीक्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम में कुल 71 जहाज भाग लेंगे, जिन्हें छह श्रेणियों में व्यवस्थित किया गया है, जिनमें 19 विदेशी युद्धपोत और भारतीय नौसेना के 45 जहाज शामिल हैं। शेष जहाजों में तटरक्षक बल, व्यापारिक नौसेना और अनुसंधान पोत शामिल हैं।

दो चरणों में होने वाले इस नौसैनिक युद्धाभ्यास में अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान सहित कई देशों के साथ संयुक्त अभ्यास होगा। हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी में 25 तटीय देशों के नौसेना प्रमुख शामिल हैं।

समुद्री डकैती, आपदा राहत और अवैध गतिविधियों से निपटने के लिए साझा कार्यप्रणाली पर भी चर्चा होगी। बता दें कि मिलान सैन्य अभ्यास, जिसकी शुरुआत 1995 में केवल चार देशों के साथ हुई थी, अब विश्व भर की 65 नौसेनाओं को शामिल कर चुका है।

## भारत दौरे पर पहले मुंबई आएंगे मैक्रों

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत के दौरे पर आने वाले हैं। इस बीच वे सबसे पहले मुंबई आएंगे। यहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। आइए जानते हैं पूरा कार्यक्रम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मुंबई की यात्रा करेंगे। वे यहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों नेता भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान वे एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे। इसके साथ ही मुंबई में प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन करेंगे। यह राष्ट्रपति मैक्रों की भारत की चौथी और मुंबई की पहली यात्रा होगी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 17 फरवरी को दोपहर लगभग 3:15 बजे दोनों नेता मुंबई के लोक भवन में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस वार्ता के दौरान वे भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। उनकी चर्चा रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने और इसे नए एवं उभरते क्षेत्रों में विस्तारित करने पर केंद्रित होगी। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। बयान में आगे कहा गया है कि शाम करीब 5:15 बजे दोनों नेता भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 का उद्घाटन करेंगे।

# बांग्लादेश में चुनाव के बाद भी हिंसा जारी

**चुनाव**

**बांग्लादेश आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इस चुनाव में सत्ता की कमान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के हाथों में आ गई है।**



**ढाका।** बांग्लादेश में चुनाव के बाद हुई हिंसा में पांच जिलों में भारी नुकसान हुआ है। बीएनपी और जमात कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों में कई लोग घायल हुए और घरों में आगजनी की गई। इस दौरान एक पत्रकार पर भी हमला हुआ।

बांग्लादेश आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इस चुनाव में सत्ता की कमान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के हाथों में आ गई है। चुनाव के नतीजे आने के बाद देश के कई हिस्सों में हिंसा हुई। पांच अलग-अलग जिलों में हुई हिंसक घटनाओं में कम से कम नौ लोग घायल हो गए। उपद्रवियों ने एक घर में आग भी लगा दी। नटोर जिले के लालपुर उपजिला में शनिवार रात को तनाव काफी बढ़ गया। यहां बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के ही दो गुट आपस में भिड़ गए। इस आपसी लड़ाई में छह लोग घायल हुए हैं। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने लालपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी मोहम्मद मोजिबर रहमान ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से एक बंदूक भी बरामद की है और घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया है। एक अलग घटना में, शेरपुर जिले के सदर उपजिला में भी हिंसा की खबर आई। यहां जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों ने एक बीएनपी कार्यकर्ता पर हमला कर दिया। घायल कार्यकर्ता का नाम गियासुद्दीन रसेल है और उनकी उम्र 35 साल है। रसेल शेरपुर-1 सीट से बीएनपी की उम्मीदवार संसिला जेब्रिन प्रियंका के चुनाव एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। इसी तरह की एक और घटना फेनी जिले के दगनभुयान उपजिला में हुई। यहां के दक्खिन भवानीपुर गांव में बीएनपी के लोगों ने जमात कार्यकर्ता नूरुल अबसार बेलाल को निशाना बनाया। हमलावरों ने बेलाल के घर में उन पर हमला किया। उन्हें गंभीर हालत में पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और फिर फेनी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, जमालपुर जिले में एक पत्रकार को भी हिंसा का शिकार होना पड़ा। स्थानीय पत्रकार शमसुल हुदा रतन शनिवार को दीवानगंज उपजिला में चुनावी हिंसा की रिपोर्टिंग कर रहे थे। इसी दौरान बीएनपी की युवा शाखा जुबो दल के एक नेता ने उन पर हमला कर दिया। रतन ने बताया कि वह जानकारी जुटाने के लिए मोंडोल बाजार गए थे। वहां जुबो दल के सीनियर जॉइंट कन्वीनर फारुक अहमद ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें पीटा। रतन ने कहा कि वह अभी भी अस्वस्थ हैं और जल्द ही पुलिस में इसकी शिकायत करेंगे।

खुलना जिले के फुलतला उपजिला में भी आगजनी की घटना हुई। मशियाली गांव में एक गिरोह ने जमात समर्थक शोकोर अकुंजी के घर में आग लगा दी। शोकोर के बेटे अब्दुर रज्जाक ने बताया कि वे हमलावरों को पहचान नहीं सके क्योंकि उन्होंने अचानक हमला किया था।

ढाका की संस्था ह्यूमन राइट्स सपोर्ट सोसाइटी ((एचआरएसएस) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में डराने वाले आंकड़े पेश किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 13वें संसदीय चुनाव के दौरान अक्टूबर 2025 से 14 फरवरी के बीच भारी हिंसा हुई।

# बांग्लादेश में नए सरकार गठन की तैयारी: कार्यकाल के अंतिम दिन यूनुस ने ली विदाई


**तनाव**

**गौरतलब है कि यूनुस के कार्यकाल के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंधों में कुछ तनाव देखने को मिला।**



**ढाका।** बांग्लादेश में लंबे राजनीतिक खींचतान के बाद अब नई सरकार का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में अंतरिम मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अपने कार्यकाल के आखिरी दिन कर्मचारियों से विदाई ली। 13वें चुनाव में भारी जीत के बाद तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद संभालने जा रहे हैं। इसके लिए वो कल शपथ ग्रहण करेंगे। बांग्लादेश की राजनीति में लंबे समय से चले आ रहे रस्साकशी, संघर्ष और सियासत के बाद कल यानी मंगलवार को नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। इससे एक दिन पहले यानी सोमवार को अपने कार्यकाल के आखिरी दिन अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अपने कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से विदाई ली। इस दौरान यूनुस ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद कहा। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार अपने भाषण के बाद यूनुस ने कार्यालय के कर्मचारियों के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। बता दें कि कल होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान नई सरकार का नेतृत्व संभालेंगे। इसी दिन बांग्लादेश सेना प्रमुख जनरल वेकर उज जमान ने भी यूनुस से शिष्टाचार मुलाकात की। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार यूनुस ने आम चुनाव के दौरान सशस्त्र बलों के सहयोग के लिए सेना प्रमुख का आभार जताया।बता दें कि यूनुस का कार्यकाल मंगलवार को नए सरकार के शपथ लेने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। हाल ही में हुए 13वें संसदीय चुनाव में बीएनपी ने 297 में से 209 सीटें जीतकर बड़ी जीत हासिल की है। पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान अब देश के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन सुबह 10 बजे नव-निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद शाम 4 बजे राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन नई बीएनपी सरकार को शपथ दिलाएंगे।गौरतलब है कि यूनुस के कार्यकाल के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंधों में कुछ तनाव देखने को मिला। इसका बड़ा कारण बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर बढ़ता अत्याचार है, और खासकर हिंदू समुदाय पर। जब इस बात पर भारत ने चिंता जताई। तब दोनों देशों के संबंधों में तल्खियां देखने को मिला। हालांकि अब इस नई सरकार से रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद बढ़ गई है।

## बॉन्डी बीच पर आतंकी हमला करने वाला आरोपी कोर्ट में हुआ पेश, अप्रैल में होगी अगली सुनवाई



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर 14 दिसंबर को यहूदी समुदाय पर हुए आतंकी हमले के आरोपी नवीद अकरम को दो महीने बाद कोर्ट में वीडियो लिंक के जरिए पेश किया गया। यह 30 वर्षों में देश की सबसे घातक मास शूटिंग के बाद उसकी पहली सार्वजनिक सुनवाई थी।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के बॉन्डी बीच पर दो महीने पहले 14 दिसंबर को यहूदी लोगों पर हमला हुआ था। हमलावार आतंकी नवीद अकरम को सोमवार कोर्ट में पेश किया गया। अकरम वीडियो लिंक के जरिए ऑस्ट्रेलिया की सुपरमैक्स कोर्ट में पेश हुआ। देश में लगभग तीन दशकों में हुई सबसे बड़ी मास शूटिंग के बाद यह उसकी पहली सार्वजनिक सुनवाई थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पुलिस ने 24 साल के नवीद पर कुल 59 आरोप लगाए हैं जिनमें 15 हत्याएं, 40 लोगों को घायल करने के इरादे से हमला और एक आतंकी कृत्य शामिल है।अकरम और उसके पिता साजिद पर आरोप है कि दोनों ने दिसंबर में हनुक्का समारोह के दौरान हमला किया था। हमले के दौरान पुलिस की गोली लगने से पिता मारा गया था। अदालत के बयान और स्थानीय मीडिया के मुताबिक, वह जेल से वीडियो लिंक के जरिए कोर्ट में लगभग पांच मिनट के लिए पेश हुआ। कोर्ट ने कहा कि सबूतों की टाइमलाइन पर भी चर्चा हुई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सोमवार को सुनवाई के दौरान अकरम ज्यादातर चुप रहा। इसके साथ ही उसने तभी बोला जब पीठासीन न्यायाधीश ने उससे सीधे बात की। उसके वकील बेन आर्चबोल्ड ने बाद में कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि उसका मुवक्किल कौन सी दलील देगा। यह केस की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। इस बीच, इस महीने की शुरुआत में, ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ) के सुरक्षा महानिदेशक माइक बर्गेस ने सीनेट में कहा कि हमलावरों ने योजनाबद्ध तरीके से पूरी वारदात को अंजाम दिया। पूरे कृत्य को छिपाने के लिए बहुत ऐहेतियात बरता। उन्होंने कहा, ÷ऐसा लगता है कि कथित आतंकवादियों ने अपनी साजिश छिपाने के लिए बहुत ज्यादा ऐहेतियात रखा। आसान शब्दों में कहूं तो, वे रडार से छिपने के लिए अंधेरे में चले गए। यह हमला यहूदी त्योहार हनुक्का को टारगेट करके किया गया था, जो 1996 के बाद पिछले 30 वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर हुआ सबसे घातक आतंकी हमला था।

# हिरासत में एक और आवामी लीग नेता की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के नेताओं की न्यायिक हिरासत में मौत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। 60 वर्षीय शमीकुल इस्लाम की गाइबांधा जिला जेल में हिरासत में मौत हो गई।

बांग्लादेश में आम चुनाव के परिणाम आ चुके है। एक दिन बाद यानी 17 फरवरी को प्रधानमंत्री के रूप में तारिक रहमान शपथ लेने जा रहे हैं। इस बीच बांग्लादेश में अवामी लीग के सदस्यों की हिरासत में मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हालिया घटना में आवामी लीग के एक 60 वर्षीय नेता की मौत हो गई।

ताजा मामले में अवामी लीग के एक नेता की गाइबांधा जिला जेल में हिरासत में मौत हो गई। 60 साल के अवामी लीग के नेता का नाम शमीकुल इस्लाम है, जो कि पलाशबाड़ी उपजिला के अवामी लीग के अध्यक्ष थे। बताया जा रहा है कि वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और रविवार को रंगपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। वहीं घटना की पुष्टि करते हुए गाइबांधा जिला जेल के प्रमुख मोहम्मद अतीकुर रहमान ने बताया कि अवामी लीग नेता को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए रंगपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। गाइबांधा जेल के सूत्रों के हवाले से बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने बताया कि 5 अगस्त, 2024 को अवामी लीग की सरकार के सत्ता से हटने के बाद शमीकुल के खिलाफ कई केस दर्ज किए गए थे।

उन्हें उसी साल 8 दिसंबर को ढाका में एक केस में गिरफ्तार किया गया था और वे लंबे समय तक जेल में रहे।हालांकि बाद में जमानत मिलने के बावजूद उन्हें कथित तौर पर एक अन्य केस में फिर गिरफ्तार किया गया और पिछले साल जेल भेज दिया गया।

इस घटना ने बांग्लादेश की जेलों में अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों की हिरासत में मौतों की बढ़ती संख्या में इजाफा कर दिया है, जिससे मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समय में राजनीतिक दमन और लक्षित कार्रवाई के आरोप तेज हो गए हैं।

इससे पहले स्थानीय मीडिया ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से जानकारी दी थी कि सात फरवरी को बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र सेन की दिनाजपुर जिला जेल में पुलिस हिरासत में बीमार पड़ने के बाद मौत हो गई थी। वह पहले जल संसाधन मंत्री रह चुके थे और ठाकुरगांव-1 (सदर उपजिला) सीट से सांसद थे। उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के इमरजेंसी में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया था।

वहीं अवामी लीग लगातार आरोप लगा रही है कि बांग्लादेशी अधिकारी राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के लिए जेलों को मूक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। पार्टी ने कहा था कि जेल अधिकारियों ने इसे %प्राकृतिक मृत्यु% कहा है, लेकिन सच्चाई बिल्कुल अलग है।

## बुडापेस्ट में रुबियो-ऑर्बन की मुलाकात

**बुडापेस्ट।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुडापेस्ट में प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन से मुलाकात की। अमेरिका और हंगरी के बीच नागरिक परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर की तैयारी है। डोनाल्ड ट्रंप ने ऑर्बन का खुला समर्थन किया है, जिससे चुनावी माहौल गरमा गया है। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन के बीच अहम बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर की तैयारी की गई। इस समझौते को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही समर्थन दिया है।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब हंगरी में 12 अप्रैल को आम चुनाव होने वाले हैं और ऑर्बन की पार्टी फिदेस को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2010 में सत्ता में वापसी के बाद से यह चुनाव उनके लिए सबसे कठिन माना जा रहा है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 17 फरवरी, 2026



# सरकारी विद्यालय कान्वेंट विद्यालय से बेहतर है : अनुराग सिंह



- छात्रों सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों किया मंत्रमुग्ध

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** रामनगर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास से सोमवार को मनाया गया। सत्य प्रकाश मिश्र व ग्राम प्रधान अनुराग कुमकुम सिंह कृष्ण कुमार गुप्ता , रजनीश सिंह व प्रभाकर मिश्र मिडिया प्रभार, तथा विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्य तथा ग्राम सभा के सभी सदस्य व सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति में सरस्वती पूजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश ने किया कार्यक्रम में 185 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।जिसमें सरस्वती वन्दना का कार्यक्रम की सजावट करने वाले गुलशन कुमार आर्ट्स की लोगों ने जमकर तारीफ की।40 कार्यक्रम का प्रदर्शन बच्चों ने किया कार्यक्रम 12: 30 बजे से 2:30 बजे तक कार्यक्रम हुआ। अनुराग सिंह द्वारा प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र व पूरे विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम देखकर ऐसा लगता है कि यह विद्यालय किसी कान्वेंट विद्यालय से किसी मामले में भी कम नहीं है। इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार की जितनी भी सराहना की जाय कम है। उन्होंने कहा कि जब से मिश्रा ने विद्यालय का कार्यभार संभाला है विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र अनुराग सिंह के हाथों वितरित किया गया किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र ने उपस्थित ग्राम प्रधान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बच्चों द्वारा जन्मदिन कार्यक्रम भी अनुराग सिंह के साथ मनाया गया। सिंह की तरफ से सभी बच्चों को तिथि भोजन व गिफ्ट पैक भी दिया गया जिस पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। सभी बच्चों ने भी सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर स अ . अरविन्द कुमार पटेल, भरत सिंह,चन्द्र शेखर, रूस्व राज यादव, राजबहादुर यादव, सुनील कुमार उपाध्याय, शिक्षा मित्र उमेश कुमार, चित्रांश श्रीवास्तव व मीरा निषाद, मदीना बेगम, आशीष गोंड, पंचायत सहायक, सुरज तपस्वी, लालजी, सन्तोष कुमार यादव, विवेक कुमार मौर्य व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बक्शा थाने पर SPEL कार्यक्रम आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बक्शा थाना परिसर में सोमवार को छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (SPEL) का तीसरा चरण आयोजित किया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन और सहायक पुलिस अधीक्षक गोल्डी गुप्ता व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. सोमाश राम प्रजापति के समन्वय से संपन्न हुआ। इसमें समरजीत एस.जे. पीजी कॉलेज, धर्मा देवी पीजी कॉलेज, माँ गुजराती पीजी कॉलेज, श्री विद्याधर तिवारी महिला महाविद्यालय और सल्तनत पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बक्शा के धनियांमऊ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक परमानंद त्रिपाठी और थाना पुलिस स्टाफ ने विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा, नैतिक मूल्यों, हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा और शिकायत पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को विशेष रूप से सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।छात्र-छात्राओं को वृद्धा आश्रम, अनाथालय, महिला आश्रम, किशोर गृह, नशा उन्मूलन केंद्र और मिशन शक्ति केंद्र जैसे विभिन्न सामाजिक संस्थानों के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें थाना परिसर का भ्रमण कराया गया और थाने के विभिन्न कार्यालयों में होने वाले कार्यों से परिचित कराया गया। पुलिस विभाग के अनुसार, इस SPEL कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जागरूकता, नैतिकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह पहल समाज और पुलिस के बीच संबंधों को मजबूत करने तथा छात्र-छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करने में सहायक होगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं तराशने की जरूरत : राज्यमंत्री

- स्कॉलर डेल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता
- राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने कंप्यूटर कक्ष का किया उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरिश चंद्र यादव ने जमुहाई के स्कॉलर डेल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता समापन के अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें तरसते की जरूरत है, आज दुनिया मे खेल को लेकर भारत का डंका बज रहा है । खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार काम कर रही है । उन्होंने विद्यालय के संस्थापक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह को याद करते हुए कहा कि उनकी बहुयामी सोच से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को अच्छी पढ़ाई मिल रही है इस दौरान उन्होंने विद्यालय के नवीन कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया । उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा आज की जरूरत है। इसके पूर्व प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव का स्वागत विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य अश्विनी राम ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम भेटकर किया। खेलकूद में सफल टीमों के खिलाड़ियों को राज्यमंत्री ने सम्मानित किया । कुल 34 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें कबड्डी में सीनियर बालक वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस दितीय, ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा । वहीं बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस पहले, ब्लू हाउस दूसरे, रेड हाउस तीसरे स्थान पर रहा 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम, ब्लू हाउस सेकंड, येलो हाउस थर्ड पर रहा । जबकि बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम ,ब्लू हाउस सेकंड, रेड हाउस थर्ड पर रहा । 200 मीटर दौड़ में बालक ग्रीन हाउस प्रथम, रेड हाउस सेकंड ,ब्लू हाउस थर्ड पर रहा । जबकि बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम , ब्लू हाउस सेकंड, रेड हाउस थर्ड पर रहा। सभी टीमों के खिलाड़ियों को अतिथियों ने ट्रॉफी स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर डॉ सचिन सिंह, वीरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह ,शरद सिंह, घनश्याम सिंह, तेज बहादुर सिंह, पिंटू सिंह, अभिषेक सिंह मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा कल से होंगी शुरू, 12 मार्च तक होंगे एग्जाम

- 8033 केंद्रों में 52 लाख से ज्यादा छात्र छात्राएं देंगे परीक्षाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं कल 18 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। इस बार बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से शुरू होकर 12 मार्च 2026 तक चलेंगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दोनों ही कक्षाओं का पहला पेपर हिन्दी विषय का रखा गया है। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने जानकारी दी कि हाईस्कूल की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 14 कार्य दिवसों में पूरी कराई जाएंगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8ः30 बजे से 11ः45 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः15 बजे होगी। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में कुल 52,30,297 परीक्षार्थी शामिल होंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले साल (2025) की तुलना में इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में 2,06,877 की कमी आई है। इस बार

हाईस्कूल में कुल 27,50,945 परीक्षार्थी जिसमें 14,38,682 छात्र और 13,12,263 छात्राएं शामिल है। इंटरमीडिएट में कुल 24,79,352 परीक्षार्थी हैं, जिसमें 13,03,012 छात्र और 11,76,340 छात्राएं शामिल है। इससे पता चलता है कि जहां हाईस्कूल में परीक्षार्थियों की संख्या में 18,780 की मामूली बढ़ोतरी हुई है, वहीं इंटरमीडिएट में 2,25,657 परीक्षार्थी कम हुए हैं।

छात्रों की संख्या घटने का सीधा असर परीक्षा केंद्रों पर पड़ा है। यूपी बोर्ड के मानकों के अनुसार, एक केंद्र पर औसतन 500 से 1000 छात्र आवंटित होते हैं। इस लिहाज से इस बार प्रदेश भर में 200 से अधिक परीक्षा केंद्र कम हो गये हैं। ज्ञात हो कि 2025 में 8,140 केंद्र बनाए गए थे, जबकि 2024 में इनकी संख्या 8,265 थी। इस बार 8033 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कराई जायेगी।

# डॉ. रागिनी का कुपोषण और एनामिया के मामले में सरकार पर हमला

- विस में मातृशक्ति पर सीएम की टिप्पणी पर भी किया कटाक्ष
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 30,000 मानदेय की मांग उठाई

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज सोमवार को समाजवादी पार्टी की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की नीतियों और प्रदेश में बढ़ते कुपोषण को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला बोला। डॉ. सोनकर ने तथ्यों और आंकड़ों के साथ सदन को अवगत कराया कि प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे, गर्भवती महिलाएं और किशोरियां अब भी कुपोषण और एनीमिया के शिकार हैं।

सदन में डॉ. रागिनी सोनकर ने सरकार के संस्कारों पर सवाल उठाते हुए कटाक्ष करते हुए कहा, जहाँ सत्ता



पक्ष मातृशक्ति के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करता है, वहीं हम समाजवादी लोग महिलाओं को माई (माँ) स्वरूप मानकर उनके सम्मान की लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने विभागीय मंत्री से पूछा कि क्या सरकार इन माताओं और बच्चों के दुख को क्यों नजरअंदाज कर रही

कुपोषण के बढ़ते आंकड़ों पर बोलते हुए डॉ. सोनकर ने कहा कि आज के समय में जब चना 80 किलो और दूध 66 लीटर है, तब सरकार एक बच्चे के पोषण के लिए मात्र 8 और गर्भवती महिला के लिए 9 का मानक रखे हुए है। उन्होंने सवाल किया, यदि एक बच्चे को मात्र 250 मिली दूध भी दिया जाए, तो उसकी कीमत 16. 5 होती है। सरकार बताए कि 8 में वह बच्चों को 600 किलो कैलोरी और 20 ग्राम प्रोटीन कैसे उपलब्ध करा रही है यह विभाग आज सिर्फ गोलमाल और झोलमाल का केंद्र बनकर रह गया है। विधायक डॉ. रागिनी ने विभाग की रीढ़ कही जाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के शोषण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आंगनबाड़ी बहनें अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर बैठने को मजबूर हैं। डॉ. सोनकर ने सरकार से मांग की कि क्या सरकार इन महिलाओं को डराना बंद कर उन्हें 30,000 प्रति माह मानदेय देने, उन्हें स्थायी (परमानेंट) करने और उन्हें रिटायरमेंट प्लान व स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने का काम करेगी डॉ. रागिनी सोनकर ने अंत में कहा कि जब तक पोषण के बजट को महंगाई के अनुरूप नहीं बढ़ाया जाता, तब तक उत्तर प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाना असंभव है।

## पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया स्मरण

**प्रयागराज।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक रोहतास प्रजापति के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकी हमले में भारतीय सेना के शहीद जवानों की सातवीं पुण्यतिथि पर संस्था पदाधिकारियों ने डीके पार्क में पुलवामा के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था मार्गदर्शक मीना जोशी एवं सदस्य शांति रावत ने संयुक्त रूप से कहा की जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकी हमले में शहीद भारतीय सेना के जवानों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। क्योंकि भारतीय सेना के जवान अपनी जान की परवाह न करते हुए भारत एवं भारतवासियों को हमेशा सुरक्षित रखते है। भारतीय सेना के जवान हजारों फुट की ऊंचाई पर अपनी हड्डियाँ गलाकर दुश्मनों की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर दुश्मनों को संभलने तक का मौका भी नहीं देते है तब जाकर हम अपने घरों में सुरक्षित रहते है।

## बच्चों में स्कूल बैग से लेकर स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से अहिरौला ब्लॉक के प्राथमिक पाठशाला बिलारी के बच्चों में स्कूल बैग से लेकर स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। वितरण से बच्चों के चेहरे खिल उठे वहीं संगठन ने ऐसे कार्यक्रम को आवश्यक बताया। प्रयास अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के 57 बच्चों में शिक्षण सामग्री, स्कूली बैग, कॉपी पेंसिल आदि का वितरण हुआ है। संस्था द्वारा शुरू से ही ऐसे कार्यक्रम के जरिये विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की आवश्यकता की पूर्ति कर आमजन में प्रेरणा जगाई जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कला भूषण चौबे ने प्रयास के कार्यो की सराहना की। इस मौके पर दिनेश कुमार मौर्य, लालपरी सिंह के साथ प्रयास के ओम नारायण श्रीवास्तव, राजीव कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भजन संध्या की प्रस्तुति ने श्रोतागण को झूमने पर किया विवश



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** एक शाम राधा रानी के नाम, भक्ति और प्रेम की बही अविरल धारा, बरसाने की लाडली ने भजनों का ऐसा चलाया बाण की जमकर झूमे भक्त, खेली फूलों की होली। गौरतलब है कि श्री लाला जगरनाथ प्रसाद मुकुंदलाल अग्रवाल चैरिटेबुल न्यास के तत्वधान में शहर के चौक स्थित श्री बिहारी जी मंदिर में मंत्री गोपाल दास अग्रवाल के नेतृत्व में रविवार की शाम राधा रानी के नाम करते हुए भजन संध्या एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें बरसाने से आई कथावाचक लाडली जी ने राधा रानी के एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति ने श्रोतागण को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद भक्तों ने जमकर ऐसी फूलों की होली खेली की पूरा प्रांगण गुलाब की खुशबू से सुगंधित हो उठा। आरती प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसके बाद आयोजित भंडारे में प्रसाद पाने श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कथावाचक लाडली ने बताया कि इस पूरे संसार में ईश्वर के प्रति निस्वार्थ प्रेम ही कल्याण का एकमात्र मार्ग है। इस दौरान संत प्रसाद अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, वल्लभ दास अग्रवाल, रमेश चंद अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, हेमराज अग्रवाल, राज कृष्ण दास अग्रवाल, अजय सर्राफ, अभिषेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या ने भक्तगण शामिल हुए।

# एसएनआरडी पब्लिक स्कूल में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सिधारी स्थित एसएनआरडी पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल व प्रबंधक सत्य प्रकाश तिवारी जी द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं व सम्मानित अभिभावक संग विद्यालय निदेशक शिवम् तिवारी मार्गदर्शक तथा प्रधानाचार्य संदीप गुप्ता व जनार्दन गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्राओं ने विज्ञान एवं कला से संबंधित 51 विभिन्न आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडलों की प्रस्तुति दी जिसमें ड्रिप इरीगेशन, डायनमो वर्किंग मॉडल, चंद्रयान - 3, श्वसन तंत्र, जल चक्र, पाइथागोरस प्रमेय मॉडल, ज्यामिति पार्क, लिप्पन आर्ट, मंडाला आर्ट,विंड मिल मॉडल , ऑटोमैटिक वॉटर डिस्पेंसर,सोलर कुकर , सौर ऊर्जा सिंचाई, मेश एंड बस टोपोलोजी संग विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा मन मोहित कर लिया। अतिथियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छात्राओं ने आत्मविश्वास एवं स्पष्टता के साथ दिए, जिसे सुनकर उपस्थित सभी लोग अत्यंत प्रभावित हुए। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र अग्रवाल ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास को



बढ़ावा देती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरणादाई भाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को एक मंच प्रदान होता है जहां वह अपनी प्रतिभा को दिखा सकते हैं। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं को नसीहत देते हुए कहा कि अगर अपना कोई उद्देश्य बनाए हैं उसे किसी के कहने में आकर भटके नहीं,अपने लक्ष्य को मजबूती से पकड़े रहे। जिससे आने वाले दिनों में निश्चित ही आप सबको सफलता मिलेगी। शिवम् तिवारी ने भी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम और नवाचार के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण के बीच हुआ। विद्यालय के समस्त स्टाफ साहब जाँ, विनय गिरी, हर्षदीप, रचित,सागर, अब्दुल मन्नान, सविता, समीरा, सुनीता, डीपी, निशा,उजमा, स्वेता, सुजाता, नेहा,प्रदीप, मुकेश श्रवण संग राकेश यादव उपस्थित रहे।

# वेटरन्स इन्डिया ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** वेटरन्स इन्डिया प्रयागराज ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए अपने शूर वीर बहादुर शेरों को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। लगभग 200 से अधिक वेटरन्स कि संख्या रही होगी। सभी श्रद्धांजलि देने के बाद पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाते रहे। जिला अध्यक्ष वेटरन्स अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन के शुरुआत भावुक होकर किया। उन्होंने कहा कि सामने से हमें कोई चोट पहुंचा दे ऐसा किसी की मां ने दूध नहीं पिलाया है। पुलवामा हमला एक साजिश थी क्योंकि उन्हें पता है हमारे सामने आकर लड़ने का तो दम नहीं है उनमें इसलिए साजिश कर गए। उन्होंने कहा कि यह समाज तो उन शहीदों को भूल ही गया है। हम कैसे भूल सकते हैं अपनों का दर्द सिर्फ अपने ही जानते हैं।

## कलेक्ट्रेट में कार की टक्कर से से अधिवक्ता घायल

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार सुबह अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की कार से टक्कर लगने के कारण एक वकील घायल हो गया। इससे आक्रोशित साथियों ने हंगामा किया। इस दौरान जिलाधिकारी पहुंचे तो उनसे मुआवजा आदि की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11.15 बजे कलेक्ट्रेट में भीड़भाड़ थी। बताया जाता है कि इसी दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (ट्रेनी आइएएस) की कार से एक अधिवक्ता को टक्कर लग गई जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य वकील आक्रोशित हो गए और हंगामा किया। हो-हल्ला मचने पर वहां भीड़ भी जुट गई। इसी बीच घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझाया- बुझाया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से घायल का इलाज कराने के साथ ही मुआवजा देने की मांग की।

# प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर डटे रहे डीसीपीसी के स्वयंसेवक

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रशासन एवं जिला अपराध निरोधक समिति के समन्वय से आज शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद प्रयागराज में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। लाखों श्रद्धालुओं ने संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। प्रशासन की सुदृढ़ व्यवस्था एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। आज से संगम क्षेत्र पूर्णतः भीड़-भाड़ मुक्त हो गया है। जिला अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन (पूर्व सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार), डॉ.

- महाशिवरात्रि पर आस्था का महासंगम, निकलीं भव्य शिव बारातें



आर.एस. वर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस) एवं सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में समिति के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने जिलाधिकारी प्रयागराज, पुलिस आयुक्त प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला प्रयागराज के निर्देशन में पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्य किया। स्वयंसेवकों ने संगम घाटों, प्रमुख मंदिरों एवं शिव बारात मार्गों पर तैनात रहकर श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन, स्नान व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों- मेजा, कोरांव, खीरी, नैनी, करेली, मुट्ठीगंज, कोतवाली, शाहगंज एवं खुल्दाबाद सहित अनेक स्थानों से पारंपरिक एवं भव्य शिव बारातें निकाली गईं। कटरा शिव बारात समिति ने अपने 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष शोभायात्रा का आयोजन किया। जिसका संचालन जिला बार इलाहाबाद के उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा द्वारा किया गया। महाशिवरात्रि महोत्सव शिव पूजा मानस समिति के पदाधिकारियों ने समिति प्रतिनिधियों का पारंपरिक साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## मिक्चर मशीन से टकरा कर युवक की हुई मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के भावापुर चौराहे के पास एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मोटरसाइकिल एक मिक्सर मशीन से टकरा गई।

मृतक की पहचान नीवी गारापुर निवासी के रूप में हुई है। यह घटना सोरांव टोल प्लाजा के निकट भावापुर चौराहे पर हुई। जानकारी के अनुसार, एक मिक्चर मशीन शहर से शिवगढ़ की ओर आ रही थी, तभी शहर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवक की उससे टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर सोरांव पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को भी कब्जे में ले लिया गया है और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# डीएम ने तहसील करहल का किया निरीक्षण

- लंबित वादों और आरसी वसूली में तेजी के निर्देश
- करहल तहसील में 14 लाख से अधिक की आरसी बकाया



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने तहसील करहल के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को आदेशित करते हुए कहा कि वादों के निस्तारण की प्रगति पर ध्यान दें, दायरा के अनुसार वादों का निराकरण किया जाए। उन्होने संग्रह अनुभाग के निरीक्षण के दौरान पटल सहायक को निर्देशित करते हुए कहा कि माह जनवरी में अमीनों द्वारा बकायेदारों से रसीद के माध्यम से कुल कितनी धनराशि वसूल की, इसकी डिटेल कल तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जानकारी करने पर पाया कि तहसील करहल में वाणिज्य कर की 03 लाख 74 हजार, विद्युत की 08 लाख 66 हजार, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन की 02 लाख 86 हजार की आर.सी. बकाया हेतु लंबित है, जिस पर उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आर.सी. की प्राथमिकता पर वसूली कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान बरनाहल की 1408 फसली की खतौनी के निरीक्षण के दौरान बस्ता सूची अद्यावधिक न पाए जाने पर पटल सहायक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परगनाओं के बस्तों की सूची तत्काल अपडेट की जाए। उन्होंने नजारत अनुभाग के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर नंबर-03, 04, 06 का अवलोकन करने पर पाया कि रजिस्टर नंबर-04 में 27 लाख 29 हजार 637 उपलब्ध है, धनराशि समय से बैंक खातों में जमा कराई जा चुकी है। उन्होंने आपूर्ति अनुभाग के निरीक्षण के दौरान पाया कि तहसील करहल क्षेत्र के अंतर्गत कुल 136 राशन की दुकान स्थापित है, सभी राशन विक्रेताओं से ई-पॉश मशीन के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, शहरी क्षेत्र में 39 हजार 205 पात्र गृहस्थी एवं 04 हजार 751 अंत्योदय कार्ड धारक है जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 02 लाख 53 हजार 513 पात्र गृहस्थी तथा 41 हजार 75 अन्त्योदय कार्ड धारक है, सभी राशन कार्ड धारकों को प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत निर्धारित मात्रा में निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान आई.जी.आर.एस., तहसील दिवस, जिलाधिकारी जन-सुनवाई के प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की जानकारी करने पर पाया कि अभी तहसील स्तर पर 194 प्रार्थना पत्र निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत अवशेष हैं, पटल सहायक ने बताया कि प्रतिमाह लगभग 100 से 120 शिकायती प्रार्थना पत्र विभिन्न स्तर से तहसील में प्राप्त होते हैं, माह फरवरी के 47 शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी जन-सुनवाई के अनिस्तारित है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

# हरे निशान पर बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा, निफ्टी 25600 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बिजली, बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते सोमवार को इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 1 प्रतिशत की तेज उछाल आई। तीन दिनों की लगातार गिरावट को पलटते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 650.39 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 83,277.15 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.65 अंक या 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में पावरग्रिड 4.45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष लाभ कमाने वाली कंपनी के रूप में उभरी, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया,

**ग्राहक**

**वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत गिरकर 67.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।**

बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट पिछड़ गए।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सीमित शुरुआत के बाद, घरेलू बाजारों में बैंकिंग और बिजली क्षेत्र के शेयरों में नए सिरे से खरीदारी के कारण मामूली तेजी आई। मांग में निरंतर तेजी की उम्मीदों पर बिजली क्षेत्र में बढ़त देखी गई। साथ ही, बेहतर ऋण वृद्धि और स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता ने बैंकों में विश्वास



को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में, अनुकूल मुद्रास्फीति आंकड़ों के बाद अमेरिकी 10-वर्षीय यील्ड में लगातार गिरावट ने इस साल के अंत में फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को मजबूत किया है, और निवेशक अब आगे के दिशा-निर्देशों के लिए आगामी फेड मिनट्स का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच, रुपये में स्थिरता और अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले कच्चे तेल की कीमतों का सीमित दायरे में रहना घरेलू शेयर बाजारों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान कर रहा है।

एशियाई बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.52 प्रतिशत बढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.22 प्रतिशत गिरा। चीन और दक्षिण कोरिया के बाज़ार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में सत्र के मध्य में तेजी देखी जा रही है। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत गिरकर 67.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 7,395.41 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,553.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,048.16 अंक गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 336.10 अंक गिरकर 25,471.10 पर बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में चांदी की फीकी पड़ी चमक, कीमतों में 2% की गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 2% घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचा। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर इंडेक्स की कमजोरी ने बाजार को प्रभावित किया। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें करीब 2 प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। वहीं, सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर 1,59,200 रुपये पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो सोमवार को 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने की कीमत 1,58,500 रुपये से बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध



विश्लेषक गौरव गर्ग ने बताया कि सप्ताहांत की तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा लिया, जिससे चांदी में नरम रुख दिखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक की खरीदारी, प्रौद्योगिकी और एआई शेयरों में गिरावट के बीच सुरक्षित निवेश की मांग और कमजोर डॉलर इंडेक्स ने नुकसान को कम करने में मदद की।

वैश्विक बाजारों में भी चांदी करीब 1 प्रतिशत घटकर 76.94 डॉलर प्रति औंस और सोना 40.10 डॉलर घटकर 5,003.01 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि डॉलर में मामूली मजबूती और उसके बाद खरीदारी की कमी से सोने पर दबाव पड़ा।

उन्होंने बताया कि चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के कारण चीनी बाजार बंद होने से कारोबारी गतिविधियां धीमी रही। चीनी निवेशकों की गैरमौजूदगी से चांदी के उतार-चढ़ाव में बाजार की धारणा कमजोर हुई। इस तरह, सोमवार को चांदी में गिरावट और सोने में हल्की बढ़त देखी गई, लेकिन वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों ने कुल मिलाकर कीमतों को नियंत्रित रखा।

# जनवरी में बढ़ी थोक मूल्य मुद्रास्फीति

## दिसंबर में 0.83 फीसदी थी, अब 1.81% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर में लगातार तीसरे महीने में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जनवरी 2026 में यह 1.81 प्रतिशत रही। यह वृद्धि खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में महीने-दर-महीने आई तेजी के कारण हुई। पिछले वर्ष जनवरी में डब्ल्यूपीआई महंगाई 2.51 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर 2025 में यह 0.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

उद्योग मंत्रालय के बयान के मुताबिक जनवरी 2026 में सकारात्मक महंगाई दर का मुख्य कारण बेसिक मेटल, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य पदार्थों और वस्त्रों की कीमतों में बढ़ोतरी रहा।

विश्व खाद्य प्रौद्योगिकी आयोग (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति 1.55 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर में यह 0.43 प्रतिशत थी। सब्जियों के मामले में, जनवरी में मुद्रास्फीति 6.78 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर में यह 3.50 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों के मामले में, विश्व उत्पाद सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति दिसंबर में 1.82 प्रतिशत के मुकाबले मामूली रूप से बढ़कर 2.86 प्रतिशत हो गई।

गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 7.58 प्रतिशत हो गई, जबकि दिसंबर में यह 2.95 प्रतिशत थी।

ईंधन और बिजली क्षेत्रों में नकारात्मक मुद्रास्फीति, या अपस्फीति, जनवरी में 4.01 प्रतिशत पर जारी रही, जबकि दिसंबर में यह 2.31 प्रतिशत थी।

पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में देश की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 2.75 प्रतिशत हो गई।

# भारत की तरक्की की रफ्तार बरकरार सरकारी खर्च से बढ़ेगी कंपनियों की कमाई-पीएल वेल्थ मैनेजमेंट



**मुंबई।** पीएल कैपिटल (प्रभुदास लीलाधर) की वेल्थ मैनेजमेंट शाखा, पीएल वेल्थे ने अपनी नई रिपोर्ट 'मार्केट आउटलुक फरवरी 2026' में कहा है कि हालांकि भारतीय शेयर बाजार अभी कंसोलिडेशन के दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था की बुनियादी रफ्तार पूरी मजबूती से बरकरार है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं, मुद्रा के उतार-चढ़ाव और कंपनियों की कमाई के अनुमानों में बदलाव ने फिलहाल निवेशकों के उत्साह को थोड़ा कम किया है। इसके बावजूद, सरकारी खर्च और मजबूत आर्थिक आधार के कारण बाजार में अगली बड़ी बढ़त की नींव मजबूत हो रही है। इंदरबीर सिंह जॉली, सीईओ, पीएल वेल्थ मैनेजमेंट ने कहा, ÷भारतीय बाजार अभी वैश्विक उतार-चढ़ाव और कंपनियों की कमाई के नए आकलन को सहन कर रहे हैं, लेकिन देश के अंदरूनी हालात बहुत मजबूत हैं। सरकार लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च कर रही है और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने वाली नीतियां चला रही है, जिससे कंपनियों के लिए लंबे समय तक अच्छी ग्रोथ का रास्ता बन रहा है। हालांकि अगले कुछ समय में बाजार में वैश्विक खबरों की वजह से ऊपर-नीचे होता रहेगा, लेकिन हमारा मानना है कि आने वाले 1-2 साल में मौके बहुत अच्छे दिख रहे हैं। जैसे-जैसे सरकार का खर्च असर दिखाएगा, कंपनियों की कमाई बढ़ेगी और निवेशकों का भरोसा मजबूत होगा, बाजार धीरे-धीरे ज्यादा स्थिर और मजबूत बुनियाद पर चलने वाले चक्र में आएगा। वित्त वर्ष 2027 के केंद्रीय बजट ने नीतिगत निरंतरता और लंबी अवधि के विकास पर जोर दिया है, जिसमें पूंजीगत व्यय (कैपेक्सक) को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है और राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा गया है।

सरकार का इंफ्रास्ट्र क्च र, लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल क्षमता पर लगातार ध्यान देना यह दर्शाता है कि यह सिर्फ थोड़े समय का सुधार नहीं, बल्कि देश के विकास का एक स्थायी ब्लूप्रिंट है। हालांकि, सरकारी उधारी बढ़ने से बॉन्ड यील्ड पर कुछ दबाव है, लेकिन इंफ्रास्ट्र क्चएर, डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक सप्लाई चेन जैसे क्षेत्रों में कंपनियों की कमाई बढ़ने की अच्छी संभावना दिख रही है। रिपोर्ट के मुताबिक निकट भविष्य में सेक्टोरल रोटेशन में तेजी आ सकती है, खासकर वैल्यूएशन-सेंसिटिव और फ्लो से संचालित सेगमेंट्स में। निवेशकों की पोजिशनिंग घरेलू नीति संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में स्पष्टता के विकास के अनुसार गतिशील रूप से बदलती रहेगी, जिसका प्रभाव निर्यात-उन्मुख और पूंजी-गहन उद्योगों पर पड़ सकता है। मध्यम अवधि में इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, लॉजिस्टिक्स, कैपिटल गुड्स और चुनिंदा मैन्युफैक्चरिंग थीम्स से जुड़े सेक्टर मजबूत समर्थन प्राप्त करते रहने की उम्मीद है। इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल्स तथा जेम्स एंड ज्वैलरी जैसे निर्यात-प्रधान सेगमेंट को व्यापार में बेहतर विजिबिलिटी और वैश्विक सप्लाई चेन डाइवर्सिफिकेशन का लाभ मिल सकता है।

# क्रोमा के समर सेल में एसी और प्रीमियम टीवी पर पाए 71% तक की भारी छूट

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा ग्रुप का एक हिस्सा, क्रोमा ने क्रोमा समर सेल 2026 की घोषणा की है। बढ़ते तापमान को देखते हुए, ग्राहकों के लिए कूलिंग सॉल्यूशंस और रोज़मर्रा की टेक एक्सेसरीज पर शानदार डील्स पेश की गई हैं। यह सेल देशभर के क्रोमा स्टोर्स पर 28 फरवरी, 2026 तक चलेगी, जिसमें चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर विशेष कीमतें, कैटेगरी ऑफर्स और सीमित समय के लाभ दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही, पार्टनर बैंक या फाइनेंस शर्तों के अधीन कैशबैक और आसान ईएमआई के विकल्प भी उपलब्ध हैं। कीमतें और ऑफर्स ब्रांड, मॉडल, स्टोर, शहर और स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। इसके अलावा, एचडीएफसी टाटा नेउ क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहक चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10% तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। गर्मी को मात देना होगा बेहद आसान क्योंकि क्रोमा समर सेल में एयर कंडीशनर्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स, ताकि आप नए सीजन के लेटेस्ट मॉडल्स के साथ घर को रखें एकदम कूल।

गर्मी को मात देना होगा बेहद आसान क्योंकि क्रोमा समर सेल में एयर कंडीशनर्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स, ताकि आप नए सीजन के लेटेस्ट मॉडल्स के साथ घर को रखें एकदम कूल।

अब सिर्फ 26,990 की शुरूआती कीमत पर (एमआरपी 50,490 पर 47% की छूट)। इसमें 3,000 तक की एक्सचेंज वैल्यू और 2,000 का एडिशनल एक्सचेंज बोनस शामिल है।

सिर्फ 30,490 की शुरूआती कीमत पर (एमआरपी 64,890 पर 53% की छूट)। इसमें 3,000 तक की एक्सचेंज वैल्यू, 2,000 एडिशनल एक्सचेंज बोनस और 1,500 का फ्लैट बैंक कैशबैक शामिल है।

# आईडीबीआई बैंक ने 15 लाख के हेल्थ इंश्योरेंस कवर के साथ 'आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट' स्कीम शुरू की

IDBI BANK

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने आज 'आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट' स्कीम शुरू की। यह एक अद्वितीय फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम है, जिसमें हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज के साथ एश्योर्ड रिटर्न भी मिलता है। इससे ग्राहकों के कल्याण और वित्तीय सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम में ग्राहक 7.50 लाख की निश्चित राशि 370 दिनों के लिए जमा कर सकते हैं, जिसमें उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज के साथ 15 लाख तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज भी मिलेगा। हेल्थ इंश्योरेंस कवर इस प्रोडक्ट के लिए बैंक के इंश्योरेंस पार्टनर केयर हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा दिया जाएगा। यह स्कीम उन रेजिडेंट व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए पेश की गई है, जिनकी उम्र 18 साल से लेकर 58 साल 11 महीने के बीच है स्कीम के बारे में आईडीबीआई बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सुमित फक्का ने कहा, आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम आईडीबीआई बैंक का ग्राहकों पर लगातार केंद्रित इनोवेशन प्रदर्शित करती है। हम एश्योर्ड रिटर्न के साथ हेल्थ इंश्योरेंस कवर देकर एक ऐसा व्यवहारिक समाधान पेश कर रहे हैं, जो ग्राहकों को वित्तीय स्थिरता के साथ हेल्थ सिक्योरिटी भी प्रदान करता है।

# पल्सर एन160 अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन स्टाइल और परफ़ॉर्मेंस



बजाज पल्सर एन160 ठीक इसी तरह की अनिश्चितता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसका मस्कुलर डिज़ाइन इंजन स्टार्ट होने से पहले ही अपनी छाप छोड़ देता है। शार्प टैंक एक्सटेंशंस, आक्रामक फ्रंट लुक और आकर्षक गोल्डन फ्रंट फोर्क्स इसे एक प्रीमियम पहचान देते हैं। लखनऊ के किसी कॉलेज के बाहर खड़ी हो या देहरादून के किसी बाज़ार में, यह मोटरसाइकिल बिना कोई शोर किए भी लोगों का ध्यान खींच लेती है। रास्ते पर निकलते ही एन160 का स्वभाव साफ़ झलकने लगता है। यह बाइक नियंत्रण और संतुलन को केंद्र में रखकर तैयार की गई है। ज़रूरत पड़ते ही इंजन तुरंत साथ देता है, जिससे ओवरटेक आत्मविश्वास से हो पाते हैं और लंबे सफ़र में रफ्तार भी सहज बनी रहती है। जो राइडर्स रोज़मर्रा की कम्यूटर बाइक से आगे बढ़ रहे हैं, उन्हें पहली ही सवारी में फर्क महसूस होता है। पावर भी ज़्यादा है, प्रतिक्रिया भी तेज़, फिर भी बाइक पूरी तरह काबू में रहती है।असल भरोसा इसके फ्रंट हिस्से से मिलता है। यूएसडी फोर्क्स खराब सड़कों पर भी बाइक को स्थिर रखते हैं और मोड़ों पर बेहतर संतुलन देते हैं। जहाँ दूसरी बाइक्स अस्थिर लग सकती हैं, वहीं एन160 मजबूती से सड़क पर टिकी रहती है, जिससे राइडर पूरे सफ़र में निश्चिंत और सटीक महसूस करता है। ब्रेकिंग परफ़ॉर्मेंस इस भरोसे को और मज़बूत करती है। अचानक ट्रैफ़िक में रफ्तार कम करनी हो या किसी मोड़ से पहले ब्रेक लगाना हो, हर हाल में ब्रेक का एहसास साफ़ और संतुलित बना रहता है। बाइक में जोश है, लेकिन वह कभी बेकाबू नहीं लगती।ऐसी मोटरसाइकिल, जो अपने माहौल को समझती है। जहाँ रफ्तार ज़रूरी है, वहाँ तेज़, और जहाँ संयम चाहिए, वहाँ पूरी तरह काबू में। क्योंकि जिन सड़कों पर हर मोड़ पर हालात बदलते हैं, वहाँ सटीकता कोई लग्ज़री नहीं, बल्कि ज़रूरत होती है।

# एनपीसीआई वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल भुगतान सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दे रहा है

**लखनऊ।** डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना, दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, क्योंकि वे छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है, क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है, चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन-देन इतिहास में सुरक्षित रहता है।कभी भी अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे यूपीआई पिन, ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाता विवरण या लॉगिन क्रेडेंशियल साझा न करें। जो भी इनकी मांग करता है, वह धोखाधड़ी कर रहा है।अनजान लिंक पर क्लिक न करें और कॉल करने वालों या स्वयं को अधिकारी बताने वाले अजनबियों द्वारा साझा किए गए ऐप इंस्टॉल न करें। स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस ऐप का उपयोग अक्सर डेटा चोरी और फोन पर नियंत्रण पाने के लिए किया जाता है।यदि कोई निवेश बहुत अच्छा लग रहा है, तो संभवतः वह धोखाधड़ी है। निवेश करने से पहले सेबी, आरबीआई या अन्य आधिकारिक नियामक वेबसाइट पर संबंधित संस्था की जांच करें। वेबसाइट के पते में HTTPS देखें, आधिकारिक डोमेन नाम जांचें और अनचाहे लिंक पर क्लिक करने से बचें जब कोई संदेश तुरंत कार्रवाई का दबाव बनाए, तो रुकें और सोचें। आज ही खाता बंद हो जाएगा, केवाईसी समाप्त हो जाएगी, सिम बंद हो जाएगी या पेंशन रोक दी जाएगी जैसे संदेश आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए बनाए जाते हैं। वास्तविक संस्थाएं सत्यापन के लिए समय देती हैं।यदि आपको कानूनी मामलों से संबंधित कोई अप्रत्याशित कॉल या संदेश मिलता है, तो शांत रहें और सत्यापन करें।

# जिंदल स्टेनलेस और अमीदा क्लीनटेक ने 'संजीवन' पहल के तहत श्री काशी विश्वनाथ धाम में स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए की साझेदारी

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस श्री काशी विश्वनाथ धाम (एसकेवीडी) रैम्प भवन में एक नई, स्वदेशी उन्नत 'एयर प्यूरीफिकेशन' प्रणाली स्थापित करने के लिए वित्तीय सहयोग कर रही है। इस परियोजना में ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट भी शामिल है। 'संजीवन' नामक यह पहल (जिसका अर्थ 'जीवन को पुनर्स्थापित करना' है) जिंदल स्टेनलेस की अब तक की सबसे बड़ी सीएसआर परियोजना है। इसे अमीदा क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड (ृस्द्धष्ठ) के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत अमीदा की नवीन परिवेशीय वायु शुद्धिकरण तकनीक को लागू किया जाएगा। यह पहल पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य शहर, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ एवं स्वस्थ हवा सुनिश्चित करना है। इस पहल को श्री काशी विश्वनाथ धाम प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पहल के तहत मणिकर्णिका घाट पर दाह संस्कार स्थल के निकट स्थित एसकेवीडी परिसर के रैम्प भवन में विशिष्ट वायु शोधन प्रणाली स्थापित की जाएगी। इसका उद्देश्य मणिकर्णिका घाट पर जलती चिताओं से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकना है।

दाएँ से बाएँ: श्री अभ्युदय जिंदल, प्रबंध निदेशक, जिंदल स्टेनलेस; श्री विश्व भूषण मिश्रा - पीसीएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास; तथा श्री सिद्धार्थ दीक्षित, प्रबंध निदेशक, अमीदा, श्री काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी, में वायु शुद्धिकरण इकाइयों की स्थापना हेतु एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान

यह अपनी तरह की एक अनोखी और नई परियोजना है, जिसमें अमीदा की अट्रेक्ट-कैप्चर-एलिमिनेट (एसीई+) तकनीक का उपयोग है। इस तकनीक को नीति आयोग सहित प्रमुख सरकारी संस्थाओं द्वारा परीक्षण, सत्यापन और अनुमोदन प्राप्त है। यह प्रणाली हवा में मौजूद विभिन्न प्रदूषकों को आकर्षित कर, पकड़कर और समाप्त करने (एसीई - अट्रेक्ट-कैप्चर-एलिमिनेट) के सिद्धांत पर काम करती है, जो न केवल नैनो ब्लैक कार्बन, पोलेन और जैविक कणों समेत विभिन्न आकार के कणों (100 नैनोमीटर से 50 माइक्रॉन तक) को प्रभावी रूप से पकड़कर नष्ट कर देती है, बल्कि वाहनों से निकलने वाली जहरीली गैसों, जैसे सल्फर ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड, के साथ-साथ वायरस और बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों को भी निष्क्रिय करती है, जिससे वातावरण अधिक स्वच्छ और स्वस्थ बनता है। इस परियोजना में स्टेनलेस स्टील की 58 वायु शुद्धिकरण इकाइयाँ शामिल हैं, जिनसे प्रति घंटे 3,00,000 घन मीटर से अधिक वायु शुद्धिकरण क्षमता हासिल की जाएगी।


इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, जिंदल स्टेनलेस ने कहा-

÷यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की सतत प्रतिबद्धता के अनुरूप है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में वायु गुणवत्ता में सुधार के माध्यम से हमारा उद्देश्य स्थानीय निवासियों के साथ-साथ इस पावन स्थल पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। अमीदा क्लीनटेक के साथ हमारा सहयोग नवोन्मेषी भारतीय तकनीक के प्रति हमारे समर्थन को दर्शाता है, साथ ही यह सार्थक परिवर्तन लाने और ठोस पर्यावरणीय लाभ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।÷

अमीदा क्लीनटेक ने कहा कि स्वच्छ और सतत वायु के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता ने निरंतर नवाचार को प्रेरित किया है, जिसके परिणामस्वरूप अत्याधुनिक एसीई+

# आईआईएफएल फाईनेंस ने 9 प्रतिशत सालाना रिटर्न के साथ 2,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए

**लखनऊ।** देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं, जो मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज़ 500 करोड़ रुपये है, और 1,500 करोड़ रुपये तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प है। इस प्रकार कुल इश्यू साईज़ 2,000 करोड़ रुपये का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है।इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा और यह 24 महीनों, 36 महीनों, और 60 महीनों की अवधियों के लिए उपलब्ध होगा। ब्याज का पे-आउट मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी के बाद लिया जा सकता है। इस इश्यू को




क्राईसिल रेटिंग्स ने क्राईसिल एए/स्टेबल रेटिंग दी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा इसे बीडब्लूआर एए+ (स्टेबल) रेटिंग दी गई है, जिससे प्रदर्शित होता है कि इनमें बहुत कम क्रेडिट रिस्क है और ये फाईनेंशियल दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए बहुत ज्यादा सुरक्षित हैं।श्री निर्मल जैन, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा कि'आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है। इसका डाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो 4.6 मिलियन से अधिक वंचित ग्राहकों को क्रेडिट प्रदान करता है। इस प्रस्तावित फंड के माध्यम से हम क्रेडिट की उपलब्धता और अधिक बढ़ाएंगे तथा अपने फंडिंग स्रोतों का विस्तार करेंगे। पिछले कुछ सालों में आईआईएफएल फाईनेंस ने बॉन्ड के माध्यम से फंड एकत्रित करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है तथा मूल राशि एवं ब्याज का समय पर भुगतान किया है।''31 दिसंबर, 2025 को आईआईएफएल फाईनेंस के पास 98,336 करोड़ रुपये के कंसोलिडेटेड लोन एस्सेट्स अंडर मैनेजमेंट (ए.यू.एम) थे। कंपनी लगातार मजबूत एस्सेट क्वालिटी बनाकर रखती है। 31 दिसंबर, 2025 को कंपनी की कंसोलिडेटेड लोन बुक के प्रतिशत हिस्से में कंपनी के पास 1.60 प्रतिशत ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एस्सेट (एनपीए) और 0.75 प्रतिशत नेट एनपीए हैं। इसके अलावा, 31 दिसंबर, 2025 को कंपनी की 83.61 प्रतिशत कंसोलिडेटेड लोन बुक को पर्याप्त कोलेटरल द्वारा सुरक्षित कर लिया गया था, ताकि जोखिम और कम हो जाए।वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में आईआईएफएल फाईनेंस ने 501.3 करोड़ रुपये का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) दर्ज किया, जो सालाना 514 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तवर्ष 2026 के नौ महीनों के लिए पीएटी 1,193.5 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना 265 प्रतिशत अधिक है।

# पैंथर का ये बातें सादगी भरे रोमांस का एक खूबसूरत जश्न




**मुंबई।** भारतीय हिप-हॉप की दुनिया में अपनी रॉ और ईमानदार आवाज़ के लिए पहचान बना चुके पैंथर अब एक ताज़गी भरे अंदाज़ के साथ वापसी कर रहे हैं। वह अपने व्यक्तित्व के एक कम चर्चित पहलू को उजागर करते हुए अपना नया रोमांटिक बैलेड ये बातें प्रस्तुत कर रहे हैं, जो अनकहे शब्दों के जादू को खूबसूरती से अभिव्यक्त करता है। पैंथर का लिखा और गाया हुआ, ये बातें लेस्स इज मोर की फिलॉसफी पर बना है। यह एक सपनों जैसा रोमांटिक ट्रैक है जो पैंथर की रीजनल आत्मा को ग्लोबल साउंड के साथ मिलाता है, जिससे यह आपकी प्लेलिस्ट में नंबर 1 बन जाता है। यह गीत प्यार में खामोशी की सुंदरता, ठहराव, नज़र और आधी मुस्कान को बहुत अच्छे से दिखाता है, जहां प्यार पूरी तरह से व्यक्त किए बिना भी पूरा महसूस होता है। एक खास खुशमिजाज पॉप गाना, यह रोमांटिक गाना पैंथर के अनकहे शब्दों के जादू को दिखाता है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे प्यार में आँखें बिना बोले सब कुछ दिखा देती हैं। ट्रैक पैंथर को अपने पूर्ण शायराणा प्राइम में दिखाता है क्योंकि वह अपनी सिग्नेचर शैली और ताल में आत्मा और लय को आसानी से जोड़ता है। सच कहें तो पहली ही पंक्ति से इसका हुक इस तरह दिल में बस जाता है कि घंटों तक साथ बना रहता है और अनायास ही बार-बार होंठों पर लौट आता है। ये बातें के रचनात्मक सफर के बारे में बात करते हुए पैंथर कहते हैं, यह गीत मेरे दिल के बेहद करीब है। मैंने हमेशा खुद को दमदार बार्स और हार्ड रैप के जरिए व्यक्त किया है, लेकिन इस बार मैं अपने श्रोताओं को कुछ अलग देना चाहता था और ये बातें के साथ अपने सॉफ्ट और ज़्यादा शायराना साइड को अपनाना चाहता था, और मुझे यकीन है कि मेरे फैंस भी इस फीलिंग से रिलेट करेंगे।

# कुशीनगर में बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता भंग, निजी वाहनों से पेपर ले जाने का मामला

- वीडियो में कैद 'पेपर मूवमेंट, बिना पुलिस अभिरक्षा में कैसे निकले प्रश्नपत्र
- रिजर्व पेपर कांड के बाद अब परिवहन सवाल, क्या नहीं सुधरा परीक्षा तंत्र

अवधनामा ब्यूरो



राजकीय कन्या इंटर कालेज से निजी वाहन से भेजे जा रहे प्रश्नपत्र का दृश्य

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की शुरुआत से ठीक पहले ही उसकी गोपनीयता व सुरक्षा भंग का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पडरौना स्थित राजकीय कन्या इंटर कालेज के जिम्मेदारों द्वारा बोर्ड नियम की खूब धज्जियां उड़ाई गई है। जिस प्रश्नपत्र को पुलिस अभिरक्षा में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाना था, वह निजी वाहनों से ले जाया जा रहा था। यह दृश्य 'सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा' के सरकारी दावों की बुनियाद हिला दी है। नियम और परीक्षा प्रोटोकॉल को ताक पर रखकर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था के नाम पर परीक्षा की गोपनीयता की धज्जियां उड़ाते दिखे। सवाल यह है कि यह लापरवाही है या जिम्मेदारों का सुनियोजित खेल?

बेशक! क्या बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता 'जिम्मेदारों की मर्जी' पर टिकी है? बोर्ड परीक्षा के प्रति जिम्मेदारों की सार्वजनिक हुई यह गैरजिम्मेदाराना कारस्तानी यह संकेत दे रहा है कि निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार कर प्रश्नपत्रों को पुलिस सुरक्षा के बिना निजी गाड़ियों से भेजा गया जिसका वीडियो साक्ष्य के तौर पर मौजूद हैं, जो परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार है। इधर अफसरशाही की खामोशी पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। कहना ना होगा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं के संचालन नियमावली में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। गाइडलाइन पर गौर करे तो प्रश्नपत्रों सुरक्षित कोठार के स्ट्रांग रूम में सीलबंद रखने का नियम है। वितरण के समय अधिकृत अधिकारी की अनिवार्य रुप से उपस्थिति में प्रश्नपत्रों का परिवहन पुलिस अभिरक्षा में करने का प्राविधान है। इसके अलावा विभाग द्वारा अधिकृत वाहन अथवा बस में प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखकर पुलिस अभिरक्षा में केन्द्र तक प्रश्नपत्रों को सकुशल व सुरक्षित भेजवाने का नियम है जिसका विधिवत अभिलेखीकरण व वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य है। इन प्रावधानों का उद्देश्य स्पष्ट है कि गोपनीयता अक्षुण्ण रहे और परीक्षा की निष्पक्षता पर कोई आंच न आए। उद्देश्य यह भी है कि किसी भी प्रकार की पेपर लीक, छेड़छाड़, अथवा अनधिकृत हस्तक्षेप की आशंका न हो।

**परिवहन बजट हड़पने की साजिश :** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले जिले में उठे सवाल सिर्फ लापरवाही तक सीमित नहीं रहे। चर्चा जोरों पर है कि प्रश्नपत्रों को पुलिस अभिरक्षा और अधिकृत बस के बजाय निजी वाहनों से भेजने के पीछे परिवहन बजट हड़पने की योजना है।

**पिछले परीक्षा में भी सुर्खियों में रहा है जिला :** कहना ना होगा कि जनपद में यह पहला अवसर नहीं है जब परीक्षा संचालन पर सवाल उठे है। पिछले वर्ष विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के कार्यकाल में ही बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया था। उस समय अशोक विद्यापीठ इंटर कॉलेज में नियमित प्रश्नपत्र के स्थान पर रिजर्व पेपर से परीक्षा कराए जाने का मामला सुर्खियों में रहा। इस घटना ने परीक्षा प्रबंधन की सतर्कता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। अब जब फिर प्रश्नपत्रों के परिवहन में अनियमितता का आरोप सामने आया है, तो पिछली घटना की याद ताजा हो गई है। सवाल यह है कि क्या जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने पिछले अनुभवों से कोई सबक लिया या नहीं?

**सवालों के घेरे में डीआईओएस कार्यालय :** जिले में चर्चा-ए-सरेआम है कि नियम विरुद्ध यह कृत्य जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त व परीक्षा लिपिक सुभाष प्रसाद यादव की जानकारी और निगरानी में हुआ। यदि ऐसा है, तो यह साधारण चूक नहीं, बल्कि मनबढ़ई का जीता-जागता उदाहरण है जो उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के विरुद्ध है। सबब यह है कि परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है, वही नियमों को ताक पर रख रहे हैं। मजे की बात यह है कि जिला विद्यालय निरीक्षक व परीक्षा लिपिक द्वारा बिना सुरक्षा व्यवस्था के निजी वाहनों से भेजे जा रहे प्रश्न पत्रों को मीडिया ने साक्ष्य के तौर में कैमरे में कैद कर लिया है।

**प्रभारी जिलाधिकारी को दी गई जानकारी:** डीआईओएस और परीक्षा लिपिक ने इस मामले में अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी तो मीडिया ने प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव से इसकी जानकारी दी। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रभारी जिलाधिकारी तथ्यात्मक जांच कर जिम्मेदारी तय करती है या फिर मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## सवाल - पे- सवाल

गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों को बिना पुलिस सुरक्षा के निजी वाहनों में चालक और संबंधित प्रधानाचार्य के भरोसे केंद्रों तक रवाना किया गया है। ऐसे में यह न केवल बोर्ड परीक्षा नियमों की खुली अवहेलना है बल्कि परीक्षा की गोपनीयता को जोखिम में डालने जैसा कृत्य भी है। अब सवाल यह है कि क्या प्रश्नपत्रों के परिवहन से पूर्व पुलिस विभाग को सूचना दी गई थी? क्या अधिकृत वाहनों को सूचीबद्ध कर रूट प्लान स्वीकृत किया गया था? क्या वितरण रजिस्टर और सुरक्षा अभिलेख पूर्ण हैं?यदि इन प्रश्नों के उत्तर नकारात्मक हैं, तो यह सीधे तौर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त व परीक्षा लिपिक सुभाष प्रसाद यादव की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

# विराट दंगल में महिला एवं पुरुष पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही के ब्रह्मदेव गिरि स्वतंत्रता सेनानी नगर वार्ड स्थित खेल मैदान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विराट महिला एवं पुरुष दंगल का भव्य आयोजन किया गया। दंगल में दूर दराज जनपदों से पहुंचे महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न भार वर्गों की कुश्तियां आयोजित की गईं, जिन्हें देखने के लिए ग्रामीणों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिला पहलवानों की कुश्तियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया जायसवाल ने किया। वहीं पुरुष वर्ग की कुश्तियों का उद्घाटन पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू द्वारा किया गया। अयोध्याधाम हनुमान मंदिर के पुजारी पहलवान भगवानदास ने भी दंगल में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके मुकाबले का उद्घाटन कार्यक्रम के सह-संयोजक एवं अभिप्रियम ग्रुप के सीएमडी अभिषेक मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार करता है। उन्होंने उत्साहवर्धन करते हुए कहा म्हारी छोरियां किसी छोरो से कम हैं क्या। कानपुर की महिला पहलवान किरण ने बरेली की नीलम को पराजित किया। प्रयागराज की पायल ने गोरखपुर की नेहा को पटकनी दी, जबकि प्रयागराज की साहिबा तथा कानपुर की नीलू पर भी जीत दर्ज की।

# कम्पोजिट विद्यालय के छात्रों ने किया आरआरएसजीएस का भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पश्चिम दुवारा के विद्यार्थियों को सोमवार को राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल अमेठी का भ्रमण कराया गया। जहां विद्यार्थियों ने विद्यालय की स्मॉर्ट कक्षाओं म्यूजिक रूम कम्प्यूटर लैब कम्पोजिट लैब पुस्तकालय आदि का भ्रमण किया। पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों को आरआरएसजीएस के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने विद्यालय के बारे में जानकारी दी।

इसके पश्चात विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मॉर्ट कक्षाओं का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को कम्पोजिट लैब तथा मैथ लैब में गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान से संबंधित उपकरणों को दिखाया गया तथा उनके बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को कम्प्यूटर लैब का भ्रमण कराया गया। वहाँ पर कम्प्यूटर शिक्षक वीर बहादुर सिंह द्वारा बच्चों को एमएस ऑफिस का प्रयोग करना सिखाया गया। बच्चों को फिजिक्स केमिस्ट्री तथा बॉयोलॉजी लैब का भी भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को विज्ञान शिक्षक सोमेश्वर सिंह तथा मुकेश बरनवाल ने लिटमस टेस्ट तथा सूक्ष्मदर्शी का प्रयोग करना सिखाया और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए अनेक विज्ञान मॉडल भी दिखाए। इसके पश्चात विद्यार्थियों को क्रीड़ा शिक्षक शिवेन्द्र प्रताप सिंह विपिन कुमार तथा गरिमा यादव ने अनेक प्रकार के फ़न गेम खिलाए। विद्यार्थियों को हिन्दी शिक्षक अभिजित त्रिपाठी ने तुकबंदी करने तथा कविता लेखन के गुण सिखाए और शिक्षक हर्षित सोनी और शशांक शर्मा ने वैदिक गणित के सूत्र और ट्रिक्स सिखाई।

विद्यार्थियों ने इस अवसर पर प्रोजेक्टर पर फिल्म भी देखी और गीतों पर फ्रीजिंग डांस खेल का भी आनंद उठाया। पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह ने आरआरएसजीएस के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों को धन्यवाद दिया और कहा कि निश्चय ही उनके विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी इस भ्रमण से काफी ज्ञान अर्जित किया।

# एजेंट के जाल में फंसा युवक, दुबई में बना लिया गया बंधक

अवधनामा ब्यूरो

- पीड़ित पिता ने एजेंट के विरुद्ध एसपी को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने बेटे को विदेश भेजने वाले एजेंट पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को शिकायती पत्र देकर बेटे को सकुशल घर वापस बुलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि एजेंट ने उनके बेटे को दुबई भेजकर बंधक बना लिया है और जबरन काम करवाते हुए घर भेजने के नाम पर लगातार धनउगाही की जा रही है।

रामप्रवेश पुत्र नथुनी यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि हनुमानगंज थानाक्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी सागर यादव पुत्र हरि यादव ने करीब छह माह पूर्व उनके बेटे को दुबई में एक कंपनी में वेल्डर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। इसके एवज में एजेंट ने उनसे ?75,000 हजार रुपये लिए थे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण रामप्रवेश ने अपने गहने और खेत बंधक रखकर तथा कर्ज लेकर यह रकम एजेंट को दिया था। पीड़ित पिता के अनुसार उनका बेटा जब दुबई पहुंचा तो उसे वेल्डर का काम देने के बजाय निम्न स्तर का दूसरा काम कराया जाने लगा। जब युवक ने विरोध किया तो एजेंट और संबंधित लोगों ने उसका वीजा, पासपोर्ट, एटीएम कार्ड और आधार कार्ड समेत सभी जरूरी दस्तावेज छीन लिए और उसे बंधक बनाकर जबरन काम करवाया जाने लगा। आरोप है कि कई बार युवक से भूखे पेट काम लिया जाता है और उसे भरपेट भोजन भी नहीं दिया जाता, जिससे उसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। परिजनों ने जब एजेंट से संपर्क कर बेटे को वापस बुलाने की बात कही तो एजेंट ने दो दिन के भीतर घर भेजने का आश्वासन दिया, लेकिन ऐसा नहीं किया।

# सेवरही गन्ना शोध संस्थान से 8 जिलों को 3241 कुंतल बीज गन्ना आवंटन

अवधनामा संवाददाता




**सेवरही, कुशीनगर।** बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए गन्ना प्रजनन एवं संस्थान सेवरही कुशीनगर से 8 जिलों को 3241 कुंतल अभिजनक (ब्रीडर सीड) बीज गन्ना, गन्ना आयुक्त कार्यालय लखनऊ से अपर गन्ना आयुक्त विकास एवं शोध समन्वय द्वारा आवंटन किया गया है। किसान अपने गन्ना पर्यवेक्षक से मिलकर बीज गन्ना लेकर बुवाई करें। यह जानकारी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि शीघ्र पकने वाली चार प्रजातियां को. शा. 17231, 13235, को. लख- 14201, यू.पी. 05125 तथा मध्य देर से पकने वाली दो प्रजातियां को. शा. 9232 व 10239 का आवंटन हुआ है। इन जिलों को हुआ है आवंटन - देवरिया जनपद को 200 बलिया 20 कुंतल, कुशीनगर को 640 कुंतल, मऊ- 150 कुंतल, आजमगढ़ 630 कुंतल, गोरखपुर- 420 कुंतल, बस्ती-781 कुंतल तव्या महराजगंज को 400 कुंतल आवंटन हुआ है। लक्ष्मीपुर कुशीनगर गन्ना शोध संस्थान के वरि. बैज्ञानिक डॉक्टर के. पी सिंह ने बताया कि इस केन्द्र से 2361 कुंतल आवंटन हुआ है सेवरही गन्ना शोध संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. सुभाष सिंह के अनुसार 32 लाख आंख गन्ना का अलग से आवंटन हुआ है जो किसान को 1.40 रुपया प्रति आंख की दर से दिया जायेगा। उप गन्ना आयुक्त देवरिया श्री ए. पी. सिंह ने सम्बंधित अधिकारियो को शत प्रतिशत उठान समय से कराने के लिए निर्देश जारी कर दिया है। पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ना कृषकों को सलाह दिया कि बसंत कालीन गन्ने के साथ अपनी सुविधानुसार प्याज, भिंडी, मूंग, लोभिया, कोहडा, लौकी आदि की सहफसली खेती अवश्य करें, इससे आय बढ़ेगी उत्पादन लागत घटेगा। मूंग का वीज कृषि विभाग दे रहा है। है। बकनहा गांव में चौपाल लगाया। तथा पेड़ी प्रबंधन पर विस्तार से बताया।

# आरसीसी सड़क की ढलाई मानक विहीन, दूसरे दिन सड़क में पड़ी दरारें



- बोदरवार पशु चिकित्सालय में ब्लाक प्रमुख निधि से हो रही आरसीसी का मामला

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार पशु चिकित्सालय में ब्लाक प्रमुख निधि से सड़क की आरसीसी ढलाई रविवार को छुट्टी के दिन आनन फानन में ढालकर कोटा पूरा कर लिया गया और ढलाई के दूसरे दिन चौबीस घंटे के भीतर ही सड़क में दरारें पड़ना शुरू हो गई। मौके पर पहुंचे पशु पालकों ने सड़क की जांच कर कार्रवाई की मांग की।

सोमवार को बोदरवार बाजार में संचालित पशु अस्पताल पर काफी दिनों से सड़क की मांग चल रही थी। सड़क की अति आवश्यकता को देखते हुए ब्लाक प्रमुख निधि से सड़क आरसीसी कराने की स्वीकृति मिल गई। कार्य प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह की अगुवाई और जेई आरईडी संतोष कुमार की देखरेख में सड़क को रविवार छुट्टी के दिन सफेद बालू और आठ एक के मसाले से आनन फानन में ढाल दिया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि सोमवार को आरसीसी सड़क में दरारें पड़ने लगी।सुबह अस्पताल खुलते ही पशु पालक अपने पशुओं को लेकर अस्पताल पहुंचे। सड़क में दरारें और सड़क ढलाई की मोटाई कम होने पर आश्चर्य करने लगे। मौके पर मौजूद ठिकेदार से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह काम मंत्री जी का है और काम जेई संतोष कुमार द्वारा कराया जा रहा है। इस संबंध में जेई आरईडी संतोष कुमार का कहना है कि अगर मानक के विपरित काम हुआ है तो इसकी जांच होगी और पेमेंट बाधित होगा। जब इसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज अमरनाथ पांडेय को दी गई तो उन्होंने कहा कि मैं इस समय मीटिंग में हूं। खाली होते ही दिखवाता हूं।

पशु पालक राजेन्द्र, सुरेश, समीउल्लह, गोवर्धन, मेवाती, मनोज ने बताया कि रविवार को ढलाई कराने के पीछे मंशा यही रही होगी कि छुट्टी का दिन है। कोई भी अधिकारी देखने नहीं आयेगा। पशु पालकों ने ब्लाक प्रमुख से मांग की है कि इसका संज्ञान लेकर कांट्रेक्टर के खिलाफ जांच कराकर सड़क मानक के अनुसार सही कराएं। अगर ऐसा नहीं होता है तो आपकी छबि खराब होगी।

# चौराहे पर जमा हुआ नाबदान का पानी, प्रदर्शन



- खुदरा अहिरौली के नौका टोला में मंदिर के सामने गंदे पानी से आस्था पर चोट
- नाली खोलने व पक्की नाली निर्माण की मांग, संक्रमण फैलने की आशंका

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के खुदरा अहिरौली गांव स्थित नौका टोला में दो प्रधानमंत्री सड़कों के संधिस्थल पर नाबदान का पानी जमा हो जाने से स्थिति गंभीर हो गई है। चौराहे पर लंबे समय से बने जलजमाव के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बगल में स्थित दुर्गा मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को हो रही है, क्योंकि मंदिर के ठीक सामने गंदा पानी भरा हुआ है।


ग्रामीणों ने बताया कि उक्त टोला के चौराहे से होकर गांव भर का नाबदान पानी पश्चिम दिशा की ओर निकलता था। इसी निकास के सहारे वर्षों से जल की समुचित निकासी होती रही है। किंतु हाल के दिनों में एक ग्रामीण द्वारा अपने खेत को ऊंचा कराने के साथ सड़क की पटरी का हाशिया भी मिट्टी से भरवा दिया गया, जिससे नाली पूरी तरह बंद हो गई। इसके बाद से नाबदान का पानी निकलने का रास्ता अवरुद्ध हो गया व चौराहे पर जलजमाव लगातार बढ़ता चला गया। स्थिति यह है कि लगभग 15 मीटर लंबाई में घुटने भर तक गंदा पानी जमा है। जलजमाव के कारण दुर्गंध फैल रही है व मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो डेंगू, मलेरिया जैसी जनजनित संक्रामक बीमारियों का खतरा और बढ़ जाएगा। बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं के लिए इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। समस्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को एकत्र होकर प्रदर्शन किया व नाली तत्काल खुलवाने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि केवल अस्थायी व्यवस्था से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि चौराहे से लेकर निकास बिंदु तक पक्की नाली का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। प्रधान अशोक पाल के नेतृत्व में बब्बन प्रजापति, जयप्रकाश प्रजापति, लाल बिहारी गुप्ता, पारस गुप्ता, एके शर्मा, विनोद गुप्ता, दशरथ प्रताप गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# खुशनूर और अदिति का हुआ सम्मान



**अमेठी।** टिकरी गांव निवासी अदिति यादव व गंगागंज मोहल्ला निवासी खुशनूर फात्मा को यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सोमवार को सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हरे कृष्णा लाइब्रेरी अंतू रोड पर हुआ जहां दोनों मेधावियों को मिठाई खिलाकर व फूल मालाओं और अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि नेट जेआरएफ जैसी परीक्षा में सफलता हासिल कर इन्होंने जिले का नाम रोशन किया है। इस मौके पर प्रभात पाल सुनील सनी पांडेय मंजीता प्रीति सुधा विश्वकर्मा सौरभ चंद्रकांत सोनिका मौर्य आदि मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ आयोजन



**अमेठी।** विकासखंड गौरीगंज स्थित पूरे रिसाल पहाड़गंज गांव में महाशिवरात्रि के दिन श्री त्रियुगी नारायण ज्ञान योग मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। विधि विधान से विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजन सम्पन्न कराया।भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक हुआ हवन हुई।बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अभय चैतन्य मौनी महाराज के कर कमलो से सम्पन्न हुआ स्वामी जी ने जन समुदाय को कल्याणकारी उपदेश दिए धर्म परायण होकर अपने गृहस्थ कर्म करने को प्रेरित किया। समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य नाथ त्रिवेदी संयुक्त विकास आयुक्त प्रयागराज मंडल उपस्थित रहे।आयोजक पंडित कृष्ण चंद्र शुक्ल ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।कलाकारों ने शिव तांडव की आकर्षक प्रस्तुति कर लोगों को आह्लादित किया।भजन संकीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

# निष्कपट भक्त ही भोलेनाथ को प्रिय : चित्रा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** आदिकाल भगवान भोलेनाथ को निष्कपट भक्त ही प्रिय हैं। कपटी से शिवजी शत्रुता का भाव रखते हैं कारण की वह संघारकर्ता भी हैं। उक्त वक्तव्य देते हुए अंतरराष्ट्रीय कथावाचक चित्रा शुक्ला ने बताया कि भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की गलतियों को कभी माफ नहीं करते।उन्हें कपटी व्यक्ति कदापि पसंद नहीं निष्कपट भक्त शिवजी को सर्वथा प्रिय हैं। मानस में पंक्तियां हैं निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा॥

चित्रा शुक्ला ने बताया कि वह 21 वर्ष की आयु से भगवान की कथा कहती हैं उन्होंने बताया कि अपने मन के सुख के लिए इस क्षेत्र में उन्होंने पदार्पण किया।श्री धाम अयोध्या में जन्म लेकर वह वृंदावन में निवास करती हैं और भगवत भजन करती हैं।श्री राम कथा श्रीमद्भागवत महापुराण शिव पुराण की कथा कहते हुए भगवान की महिमा का बखान करती हैं। रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विकास खण्ड गौरीगंज के पहाड़गंज स्थित श्री त्रियुगी नारायण ध्यान योग मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर उन्होंने भावपूर्ण और मार्मिक कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान शिव के दिव्य अलौकिक दर्शन का उन्होंने सुंदर वर्णन किया। माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह पर्व पर उन्होंने प्रकाश डाला। समाज को निष्कपट भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। पूर्वांचल महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक डॉ के सी शुक्ल के आयोजन में तमाम भक्तगण पधारे।इस मौके पर योगेन्द्र त्रिपाठी डॉ मीनाक्षी शुक्ल आदित्य शुक्ल रमन पांडेय बबन तिवारी राकेश मिश्र पारस नाथ सरोज आदि मौजूद रहे।

# गहने साफ करने का झांसा देकर आभूषण ले उड़े जालसाज

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र में दो महिलाओं के गहने सफाई करने का झांसा देकर बाइक सवार दो युवकों ने लगभग छ- लाख रूपये के गहना लेकर फरार हो गए। जालसाजों ने यह घटना एक सेवानिवृत शिक्षक व एक कार्यरत शिक्षक के घर पहुंचकर गहनों की सफाई करने का दिया झांसा। सूचना मिलते ही मौके से पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी के जरिए जालसाजों की पड़ताल में जुट गई। नगर के वार्ड नंबर 25 निवासी व सेवानिवृत शिक्षक राम व्यास पांडेय की मकान हाटा कोतवाली से लगभग 500 मीटर दूर इंडियन पब्लिक स्कूल के समीप नहर के किनारे है। सोमवार की सुबह साढ़े नो बजे बाइक से दो युवक उनके दरवाजे पर पहुंचे और अपने को कंपनी का बताकर दरवाजे पर बैठे राम व्यास पांडेय व उनकी पत्नी से कहा कि हम लोगों के पास बरतन साफ करने का पाउडर है। वह पीतल का लोटा लाए तो युवकों ने उसे साफ कर दिखा दिया। फिर शिक्षक की पत्नी की अंगूठी, कान की बाली आदि को पाउडर डालकर लोटे में रखा और कहा कि दस मिनट बाद यह साफ हो जायेगा। जब युवक चले गये तो शिक्षक व उनकी पत्नी ने देखा कि लोटे में गहने नही थे।

# बिछुडे मिले माध्यम शिविर में 49 बच्चों अपनों से मिलाया



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती ।** समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में श्री भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर संचालित 'बिछुडे मिले माध्यम शिविर' में 49 बच्चों के साथ ही अनेक बिछड़ो को उनके परिजनों से मिलाया गया। जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि रोते बिलखते बच्चों को चेहरों पर जब मुस्कान आती है तो परिश्रम सफल हो जाता है। कहा कि अभिभावक मेले में आने से पूर्व बच्चों की जेब में नाम, पता की पर्चियां डाल दें तो बिछड़ो को मिलाना आसान हो जाता है। डा. वी. के वर्मा, ने शिविर में पहुंचकर जय प्रकाश गोस्वामी का हौसला बढाया। कहा कि पिछले 34 वर्षो से खोया पाया शिविर का संचालन करना बड़ी उपलब्धि है। शिविर में बच्चों के नाम को प्रसारित किया गया जहां से परिजन उनको लेकर गये।भाजपा नेता सिद्धार्थशंकर मिश्र ने कहा कि खोया पाया शिविर की जरूरत हमेशा बनी रहेगी, पिछले 34 वर्षो से जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर का अनवरत संचालन एक उपलब्धि है। शिविर के संचालन में मुख्य रूप से भाजपा नेता अंकुर वर्मा, सपा नेता ब्रजेश मिश्र, प्रदीप सिंह पिंकू, नवीन दूबे, अनिल दूबे, ब्रम्हदेव यादव देवा, बालकृष्ण तिवारी पिंकू, आलोक सिंह अंशू, महेन्द्र प्रताप चौधरी, अमित कुमार सिंह, राजेश्वर तिवारी आदि ने योगदान दिया।

# ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी करने वाले के विरूद्ध नामजद मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी और अपशब्द कहने पर प्रमोद यादव पुत्र रमाकांत यादव निवासी पिपरा हिक्का के विरूद्ध ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष नवीन दूबे और राष्ट्रीय सवर्ण शक्ति मोर्चा अध्यक्ष रामजी पाण्डेय के पहल पर वाल्टरगंज पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। नवीन दूबे और रामजी पाण्डेय ने थानाध्यक्ष से कहा कि ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले प्रमोद यादव को गिरफ्तार किया जाय जिससे भविष्य में कोई इस प्रकार का दुस्साहस न कर सके। वाल्टरगंज थाने पर मौजूद ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशन्त पाण्डेय, सहारा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अभयदेव शुक्ला, ब्राह्मण महासभा के जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र शुक्ल, अंकित त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, पंडित राम कृष्ण मोनू दुबे, अंकित त्रिपाठी, ओम प्रकाश ओझा, प्रियंक शुक्ला, संजय शुक्ला, राजन पाण्डेय, सोनू चौबे,विपुल पाण्डेय, योगेश पाण्डेय , निखिलेश पाण्डे, बृजेश शुक्ला, आदि लोगों ने समाज मे ऐसे कृत्य करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति पार्क का लोकार्पण



**बस्ती।** सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति पार्क का लोकार्पण आज नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने किया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा तथा सभासद गण व अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे। कुंआनो तट पर स्थित पार्क के लोकार्पण के अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पार्क में ओपेन जिम आदि की अत्याधुनिक मशीने लगायी गयी है। इससे जहां लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा वहीं लोग पार्क में शान्ति का आनन्द ले सकेंगे। कहा कि पार्क में लोगों को टहलने के लिये टैऊक बनाया गया है। अति शीघ्र बच्चों के लिये झूला लगवाया जायेगा। पार्क में सभी सुविधायें नागरिकों को उपलब्ध करायी जायेगी । भाजपा नेता अंकुर वर्मा, ने कहा कि पटेल स्मृति पार्क का चरणबद्ध ढंग से विकास किया गया है। वार्ड नम्बर 13 महरीखांवा में स्थित यह पार्क निश्चित रूप से लोगो के आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को गति प्रदान करेंगे 74 अतिरिक्त ईएईआरओ



■ बीएलओ व सुपरवाईज़र स्तर पर हो सकेगी मॉनिटरिंग

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में 74 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नियुक्त करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, मटेरा, महसी, पयागपुर व कैसरगंज में 10-10 तथा बहराइच सदर एवं नानपारा में 12-12 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

आयोग के निर्देशानुसार जनपद में नामित किये गये 74 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए उन्हें उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एडीएम श्री कुमार ने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से तैनात अधिकारियों, बूथ लेबिल अधिकारियों तथा सुपरवाईज़र्स के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मासान्त फरवरी 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

एडीएम श्री कुमार ने कहा कि आप सभी अधिकारियों की तैनाती का मुख्य उद्देश्य यही है कि आप लोग अपने स्तर पर बीएलओ एवं सुपरवाईज़र्स के कार्यों पर प्रभावी पर्यवेक्षण करते रहें और जहां पर अपेक्षित प्रगति न हो तो उसके कारणों का पता करते हुए बीएलओ को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। एडीएम ने बताया कि तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन के लिए बूथ लेबिल अधिकारियों को प्रशिक्षित कर दिया गया है फिर भी यदि कहीं पर कोई बाधा आ रही है तो तत्काल उसका निदान कराने का प्रयास किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें।

# कागज़ों पर बनी सड़क, खाते में गया पैसा

■ कैरी ग्राम पंचायत में 8 लाख से अधिक का खेल?

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** विकासखण्ड बिसण्डा की ग्राम पंचायत कैरी में विकास कार्यों की हकीकत ने प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि जिस सीसी रोड का निर्माण जमीन पर आज तक शुरू भी नहीं हुआ, उसका भुगतान महीनों पहले कागज़ों में पूरा कर दिया गया।

शिकायत के मुताबिक रामस्वरूप पटेल के मकान से एमए की ओर सीसी रोड निर्माण हेतु टेंडर जारी हुआ। लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि मौके पर न तो गिट्टी पड़ी, न सीमेंट उतरा, न मजदूर दिखे–फिर भी दिनांक 06 मार्च 2025 को सामग्री मद में 8,17,983 की धनराशि का भुगतान कर दिया गया। मजदूरी का भुगतान अलग से दर्शाया गया है।

**सबसे बड़ा सवाल यही है—**

जब सड़क बनी ही नहीं तो भुगतान किस बात का हुआ? क्या कागज़ों पर सड़क बनाकर सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई?

फर्जी फाइलों का खेल?

शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यह मामला सिर्फ एक सड़क तक सीमित नहीं हो सकता। क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत अन्य कार्यों में भी फर्जी फाइल बनाकर भुगतान किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि यह सच है तो मामला लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों के खेल तक जा सकता है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

ग्राम पंचायत स्तर से लेकर क्षेत्र पंचायत और संबंधित विभागों तक भुगतान की प्रक्रिया बिना सत्यापन के कैसे पूरी हो गई? क्या माप पुस्तिका (एमबी) में भी कागज़ी इंदराज कर दिए गए? क्या स्थलीय निरीक्षण हुआ था या केवल फाइलों पर ही विकास की इबारत लिख दी गई?

ग्रामीणों का कहना है कि यदि उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई तो ऐसे फर्जीवाड़े पर लगाम लगना मुश्किल है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# आयुक्त आगरा मण्डल आगरा ने कलैक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया गया, उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम की साउंड क्वालिटी उच्च स्तरीय होनी चाहिए, ताकि कार्यक्रमों के दौरान स्पष्टता बनी रहे, उन्होंने लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही, उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर लाइट और साउंड व्यवस्था होने पर ही इस ऑडिटोरियम की असली उपयोगिता सिद्ध हो सकेगी। इसके पश्चात् आयुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का भी निरीक्षण किया, उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की सुचिता और व्यवस्था परखने के लिए अभिलेखागार एवं प्रशासनिक अधिकारिक कक्ष, बंदोबस्त अधिकारी कक्ष, नजारत अनुभाग, चकबंदी एवं भूलेख विभाग का जायजा लिया, सुरक्षा मानकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, आयुक्त ने परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट की बारीकी से जांच की, उन्होंने अभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में अग्निशमन यंत्रों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए, साथ ही अग्निशमन यंत्रों को चलाने में निपुण कर्मचारियों की भी नियुक्ति होनी चाहिए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके। इस दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ समस्त अपर जिलाधिकारियों और कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ आयुक्त ने एक विस्तृत समीक्षा बैठक की, आयुक्त ने निर्देश दिए कि न्यायालयों और कार्यालयों में लंबित वादो का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए, उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यवाही को अनावश्यक रूप न लटकाया जाए, एक नोटिस देकर कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की जाए, इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर निरीक्षण समस्याओं के समाधान में सबसे कारगर हथियार हैं, अधिकारी फील्ड विजिट और कार्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें, मत्स्य पट्टों के आवंटन की समीक्षा करते हुए, उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवंटन नियमानुसार तालाब पर ही हो रहा है, न की खेत पर। इसकी मौके पर जांच अनिवार्य है, राजस्व की ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण अधिकारी स्वयं देखकर सुनिश्चित करें, साथ ही ऑफिस की पत्रावलियों का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से किया जाए।

## अवैध संबंध के चलते प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का आरोप

**सुल्तानपुर।** जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र मदनपुर पनियार गांव में घर के अन्दर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी चारु निगम सहित पुलिस के अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। बता दे कि मृतक अमित सिंह(35) पुत्र हरिनाम सिंह व दीपक सिंह दोनों ट्रक ड्राइवर थे। दोनो की दोस्ती के बीच दीपक सिंह की अमित सिंह पत्नी शिल्पी सिंह से भी संबंध की बात सामने आ रही है। रविवार को अमित और दीपक दोनों घर आए थे। बीती रात किसी बात को लेकर शिल्पी व उसके पति अमित के बीच विवाद हुआ और आरोप है कि पत्नी शिल्पी व दीपक सिंह ने धारदार हथियार से गले में मारकर अमित की हत्या कर दी। मृतक के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर कोतवाल लंभुआ धीरज कुमार, एएसपी अखंड प्रताप सिंह व एसपी चारु निगम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने एकत्र किए। एसपी ने बताया कि आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया गया है। दीपक सिंह की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया गया। जिले की पुलिस सहित एसओजी की टीम उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। मृतक के भाई के आने के बाद शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# चंद्रग्रहण के कारण चार मार्च को मनाई जाएगी होली : दाऊ जी

■ कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटी बहराइच होली समिति



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में होलिकोत्सव पर्व के मद्देनजर तैयारियां अंतिम चरणों में है। जिला प्रशासन व बहराइच होली समिति (रजि.) के समन्वय से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। होलिकोत्सव महोत्सव के लिए बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी के चौक बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर समपन्न हुई। बैठक में होली पर्व की तैयारियों के लिए व्यूह रचना बनाई गई। होलिकोत्सव रविवार 01 मार्च से 05 मार्च तक मनाया जाएगा। अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी ने बताया कि सोमवार दो मार्च को होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार सम्पन्न होगा। मंगलवार 03 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण होली का मुख्य पर्व 04 मार्च दिन बुधवार को मनाया जाएगा। होली पर्व के दिन सायंकाल 05 बजे से होली मिलन व रंगारंग कार्यक्रम एवं उपाधि वितरण घंटाघर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। वही दिनांक 05 मार्च को प्रातः 11 बजे से होली मिलन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम त्रिमुहानी घाट स्थित हनुमान मंदिर तथा रात्रि को 8.30 बजे से घंटाघर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में महामंत्री सुमित खन्ना, आनंद सभासद, लाल शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष रस्तोगी, मनोज मिर्ची, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, हेमा निगम, अनुराग रस्तोगी, कन्हैया सोनी, नितिन रूपानी, अनुज पांडेय, कल्याण सिंह, चौधरी पूरन सिंह, सुधाकर मिश्रा, राजेश रस्तोगी, देवेन्द्र मिश्रा, सत्येंद्र रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसकी जानकारी सचिन श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी होली समिति रजि.बहराइच ने दी।

## भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी नगर पालिका का करेंगे घेराव

**टूंडला।** ओटो चालकों की अवैध वसूली को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु मंगलवार को नगर पालिका परिषद टूंडला पर प्रातः 11 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसको लेकर ओटो चालकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई।



नगर पालिका परिषद टूंडला पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला प्रभारी शीलू सिकरवार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी को लेकर टूंडला सुभाष चौराहा स्थित ऑटो चालकों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की तथा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी टूंडला को हटाए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ऑटो चालक एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने अवैध वसूली करने वालो की निंदा की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पवन समाधिया, जिलाध्यक्ष दीपक सोलंकी, युवा जिलाध्यक्ष राजा भैया, जिला महामंत्री काली चरण लोहिया, युवा तहसील अध्यक्ष अर्पित सिसौदिया, नरेंद्र यादव, विपिन, रिंकेश, मोनू, असलम आदि मौजूद रहे।

# बेटे के दष्ठौन के दिन पिता की हुई मौत दोस्तों पर शराब में जहर देने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में थाना रोजा क्षेत्र के डींगुरपुर निवासी आकाश पुत्र राजेंद्र पाल की पत्नी के बेटे का जन्म हुआ था रविवार को दष्ठौन था पिता आकाश मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती था जहां एक तरफ घर में खुशियों का माहौल था तो वहीं दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज में भर्ती पिता आकाश की मौत हो गई जिसका पुलिस ने सोमवार को पीएम कराया है घटना 11 जनवरी 2026 की है मृतक की मां राम बेटी ने थाना रोजा में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया है उसका बेटा गांव के ही बिजली विभाग में संविदा कर्मी राहुल पुत्र राम लडैते के पास काम करता था जिसका मजदूरी के पैसे देने को लेकर रोहित से विवाद हो गया था राम बेटी ने बताया 11 जनवरी को गांव के ही रोहित और आशुतोष उसके बेटे को बुला ले गए और शराब में कुछ जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और आरोपियों ने बेहोशी की हालत में आकाश को मकान के नजदीक स्कूल के पास डाल दिया इसके बाद आकाश को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां हालत बिगड़ने पर परिजन दीपमाला हॉस्पिटल बरेली ले गए इस दौरान आकाश को शेखर हॉस्पिटल में भी भर्ती कराया गया लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ इसके बाद पर जिन्होंने मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में फिर भर्ती कराया जहां उसकी रविवार को मौत हो गई फिलहाल पुलिस ने इस मामले में रोहित राहुल और आशुतोष पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


## लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. मार्ग, लखनऊ

ई-मेल nnlko@up.nic.in वेबसाइट- https://lmc.up.nic.in

संख्या : 407/मु0अ0/25-26 दिनांक : 16/02/26

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 28/02/26 को मोहरबन्द निविदाएँ अमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27/02/26 तक अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 28/02/26 को अपराह्न 3:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | वार्ड का नाम | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरोजनी नगर द्वितीय | हरिओम नगर गली नं0 05 में श्री मुकेश पुरी के मकान से रवि थारू के घर होते हुए सुरेन्द्र राणा के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 846052.00 | 84606 | 15 दिवस | 847 | 153 | 1000 |
| 2 | सरोजनी नगर द्वितीय | हरिओम नगर गली नं0 05 में श्री दिनेश पाण्डेय के मकान से मुन्ना तिवारी के घर के आगे तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 843750.00 | 84376 | 15 दिवस | 845 | 153 | 998 |
| 3 | सरोजनी नगर द्वितीय | हरिओम नगर गली नं0 05 में श्री पारसनाथ के मकान से श्री दीपक के घर के मोड़ से आगे तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य | 846134.00 | 84614 | 15 दिवस | 847 | 153 | 1000 |
| 4 | सरोजनी नगर द्वितीय | हरिओम नगर गली में श्री नीरज के मकान से श्री दिलीप यादव के प्लाट तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 844892.00 | 84490 | 15 दिवस | 846 | 153 | 999 |
| 5 | सरोजनी नगर द्वितीय | हरिओम नगर गली नं0 05 में श्री आशु के मकान से श्री राम जनरल स्टोर होते हुए श्री रमाकान्त के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 845768.00 | 84578 | 15 दिवस | 847 | 153 | 1000 |
| 6 | सरोजनी नगर द्वितीय | हरिओम नगर में श्री नीरज के मकान से श्री दिलीप यादव के प्लाट तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 843293.00 | 84330 | 15 दिवस | 844 | 153 | 997 |
| 7 | गीतापल्ली | मो0 संजय गांधी मार्ग, वी0आई0पी0 सर्विस रोड, आजाद नगर में विभिन्न स्थानों पर सी0सी0 एवं इण्टरलॉकिंग द्वारा सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। | 841622.00 | 84163 | 15 दिवस | 843 | 153 | 996 |
| 8 | गुरूनानक नगर | मो0 चन्दर नगर में चन्दर नगर गेट के पास समरसेबिल पम्प लगाने का कार्य। | 179789.00 | 17980 | 15 दिवस | 181 | 34 | 215 |
| 9 | चित्रगुप्त नगर | सुभाष नगर में श्री संजीव खेर के मकान से हरप्रीत सिंह के मकान से होते हुए अनुज सिंह के मकान तक सड़क सुधार कार्य। | 521152.00 | 52116 | 15 दिवस | 522 | 95 | 617 |

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20/09/2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)

02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या: 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी०ओ०क्यू०) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी/ डयूली प्लेज्ड एफ०डी०आर०/ बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।

03. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।

05. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।

06. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्य योजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा

मुख्य अभियन्ता


# बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया योगा

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में सोमवार को स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में जो लगातार प्रयास करते हैं, वही सच्चे विजेता बनते हैं। सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ अपने विजय लक्ष्य को प्राप्त करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि 39वीं मंडलीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना जनपद के लिए सौभाग्य की बात है और हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि बाहर से आए बच्चों और शिक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यह आयोजन एक आदर्श उदाहरण बने।

भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम ऐसी प्रतियोगिताएं हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से विशेष रूप से बालिकाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रवलन कर किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्काउट बैंड की मधुर धुनों के साथ अतिथियों का स्वागत किया। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, योग एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। दर्शक दीर्घा में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।

प्रथम दिवस जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल के पीलीभीत, बरेली, बदायूं एवं शाहजहांपुर से लगभग एक हजार छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक व्यवस्थाओं में पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हैं ताकि किसी भी प्रतिभागी को असुविधा न हो।

प्रतियोगिता का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीलीभीत बीएसए रोशनी सिंह, बरेली बीएसए प्रतिनिधि बीईओ शेरगढ़ मुकेश कुमार, बीएसए बदायूं, बीईओ मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्या, बीईओ भावलखेड़ा विनय मिश्रा, जलालाबाद बीईओ शाहीन सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाऐं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है



**फिरोजाबाद।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान उन्होने अस्पताल की विभिन्न ईकाईयों, वार्डो और स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकियों से जायजा लिया, निरीक्षण का मुख्य उददेश्य आम जनता को मिल रहीं, चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता को परखना और व्यवस्थाओं में सुधार लाना था, आयुक्त ने ओपी0डी0 का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने वहां भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रहें इलाज और दवाओं की उपलब्धता के बारें में जानकारी ली, उन्होने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि मरीजों को बाहर से दवा न लिखनी पडे यह सुनिश्चित किया जाए, निरीक्षण के दौरान डाक्टरों की डयूटी रोस्टरों की भी जांच की गयी, उन्होने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवाऐं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिला अस्पताल में आने वाले हर गरीब मरीज को बेहतर इलाज और सम्मान मिलना चाहिए, बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए प्रशासन हर सम्भव सहायता प्रदान करेगा। इस दौरान अपर आयुक्त, जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य भी उपस्थित रहें।

## केश कुमारी कालेज का शैक्षिक एक्सपोजर विजिट हुआ सम्पन्न

**सुल्तानपुर।** पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, सुलतानपुर की 40 छात्राओं का शैक्षिक एक्सपोजर विजिट 11 फ़रवरी 2026 को प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह एवं दो मार्गरक्षी शिक्षिकाओं डॉ दीपा द्विवेदी तथा अंजना सिंह के निर्देशन में सफलतापूर्वक रवाना हुआ था। यह शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञानार्जन एवं नवीन अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पतंजलि योगपीठ विश्वविद्यालय हरिद्वार तथा आईआईटी रुड़की, उत्तराखंड का अवलोकन किया तथा विषय विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कर अपने ज्ञान को समृद्ध किया। छात्राओं ने अनुशासन, उत्साह एवं जिज्ञासा का उत्कृष्ट परिचय दिया। 16 फ़रवरी 2026 को सभी छात्राएं, मार्गरक्षी शिक्षिकाएँ एवं प्रधानाचार्या सकुशल विद्यालय वापस लौटीं। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने उनका स्वागत किया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में ज्ञानोत्सव का समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**कादीपुर/सुलतानपुर।** चार दिनों तक तकनीकी प्रतिभा, सांस्कृतिक उमंग और खेल कौशल से सराबोर रहा राजकीय पॉलिटेक्निक कादीपुर, अखण्डनगर का परिसर ज्ञानोत्सव 2026 के भव्य समापन के साथ उल्लास और प्रेरणा के वातावरण में गूंज उठा। चार दिवसीय आयोजित इस महोत्सव ने विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को नया मंच प्रदान किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अभिलाष गुप्ता, प्रबंध निदेशक, इनोवेटिव कम्स जॉइंटली उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वी.के. सिंह (संयुक्त निदेशक, सेंट्रल ज़ोन), रवि गुप्ता (निदेशक, पुष्पा टेक्नोसॉफ्ट प्रा. लि., लखनऊ) तथा अर्चना सुबोध (एएस ब्यूटी सैलून, आज़मगढ़) सहित नवाचार एंबेसडर एवं समाजसेवी शामिल रहे। कार्यक्रम में ÷बतासा चाचा÷ के नाम से प्रसिद्ध अभिनेता मनोज सिंह 'टाइगर' की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके मनोज सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सपनों को उड़ान देने के लिए मंच और मार्गदर्शन दोनों जरूरी हैं।

उन्होंने अपनी अकादमी के माध्यम से इच्छुक विद्यार्थियों को निःशुल्क अभिनय प्रशिक्षण देने की घोषणा कर युवाओं को प्रेरित किया। उनके मधुर गायन ने समापन संध्या को यादगार बना दिया। समारोह में एआईसीसीईडीएस के संस्थापक, पूर्वांचल मालवीय के नाम से विख्यात स्वर्गीय प्रो. बजरंग त्रिपाठी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखा। ज्ञानोत्सव 2026 का प्रमुख आकर्षण ÷विकसित भारत 2047 की संकल्पना पर आधारित नवाचार प्रदर्शनी रही। निदेशक डॉ. सुबोध कांत सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट कृषि, डिजिटल ऑटोमेशन और ग्रामीण विकास से जुड़े मॉडल प्रस्तुत किए। अतिथियों ने इन परियोजनाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक पहल बताया। चार दिवसीय आयोजन के दौरान तकनीकी प्रतियोगिताएं, प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, खेल मुकाबले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने वातावरण को उत्सवमय बनाए रखा।


## नीलामी सूचना

दीवानी न्यायालय सहारनपुर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-1 कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं-1, फोटोस्टेट दुकान नं-2, पान की दुकान नं-1, पान की दुकान नं-2 व 1 रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी वित्तीय वर्ष-2026-2027 की कार्यवाही दि. 26.02.2026 को सांय 4:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में होगी , इच्छुक बोलीदाता नीलामी के नियम, शर्ते, स्थान और बोली के समय आदि की जानकारी नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से या न्यायालय के सूचना पट से हासिल कर सकते हैं.(प्रकाश तिवारी)अध्यक्ष, नीलामी समिति/अपर जिला जज कक्ष संख्या-04 सहारनपुर।

## आम सूचना

मेरा पुत्र शाहरुख एवं उसकी पत्नी श्रीमति मोहसिना मेरे कहने सुनने में नही हैं मेरे परिवार संग मारपीट व गाली गलौच करते हैं, दोनों का आचरण भी अच्छा नहीं है अतः मैं पुत्र एवं पुत्र वधु को अपनी कुल चल अचल संपति से बेदखल कर उनसे संबंध ख़त्म कर रहा हूं भविष्य में मेरा मेरी पत्नी शबाना परवीन एवं परिवार का उनसे कोई संबंध नहीं है अपने लेन देन व कृत्य हेतु दोनों जिम्मेदार होंगे। तौफीक़ अहमद नि.दानिश कॉलोनी, बेहट रोड, रसूलपुर, कोतवाली देहात, ज़ि सहारनपुर (यू पी) मो. 9720654717 9756336171

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता: केशव



■ केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

■ जनता की बात: उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटेकृयही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

## एनएचएम संविदा कर्मियों का बकाया वेतन जारी

**लखनऊ।** प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) व अन्य इकाइयों पर तैनात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। करीब एक लाख कर्मचारियों का दिसंबर और जनवरी माह का लंबित वेतन जारी कर दिया गया है। डॉ. पिंकी जोवल, प्रबंध निदेशक, एनएचएम ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि फरवरी माह का वेतन भी कर्मचारियों को होली पर्व से पूर्व हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आवश्यक वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करने को कहा गया है। इधर, संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने एमडी डॉ. पिंकी जोवल के इस निर्णय पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर वेतन भुगतान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएं दे सकेंगे। त्योहार से पहले वेतन जारी होने से प्रदेश के करीब एक लाख संविदा स्वास्थ्यकर्मियों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।

## शिक्षामित्रों को मिली संजीवनी: सुशील यादव



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** उत्तर प्रदेश के विधान परिषद में सोमवार को बजट भाषण पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की है जिससे पिछले नौ वर्षों से मानदेय बढ़ोत्तरी का इंतजार कर रहे उत्तर प्रदेश के शिक्षा मित्रों को संजीवनी मिली है उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक समस्या के चलते अपने बच्चों की शिक्षा, अपने मां-बाप की दवाई एवं घर का परिवार का खर्च चलाने में बहुत अक्षम एवं परेशान थे इसके चलते वे आत्महत्या तक कर रहे थे आज सदन में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय को बढ़ाने की घोषणा करने से शिक्षामित्र में आशा और उम्मीद की किरण जगी है और साथ ही मानदेय बढ़ने के बाद उनकी आर्थिक समस्या दूर हो जाएगी इसके लिए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री जी एवं लगातार शिक्षामित्रों के लिए सरकार से पैरवी कर रहे एमएलसी श्रीचंद शर्मा जी को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया है

## राष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** श्री कृष्णा दत्त एकाडमी (आटोनोमस कौलेज) लखनऊ, के तत्वावधान में तथा इंडियन जोलोजिकल वेल्फेयर सोसाइटी लखनऊ के सहयोग से दिनांक 27-28 फरवरी, 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय है – Recent Trends in Animals and Allied Sciences इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य पशु विज्ञान एवं संबद्ध क्षेत्रों में हो रहे नवीन शोध, उभरती प्रवृत्तियों तथा समसामयिक विषयों पर वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आमंत्रित विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक इस अवसर पर अपने विचार एवं शोध प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन के अंतर्गत मुख्य वक्तव्य, तकनीकी सत्र, शोध-पत्रों की मौखिक प्रस्तुतियाँ तथा पोस्टर प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएँगी। महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ सम्मेलन में सहभागिता हेतु आमंत्रित हैं। रजिस्ट्रेशन एवं abstarct सबमिट करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी, 2026 तक है। विस्तृत विवरणिका (ब्रॉशर) एवं पंजीकरण प्रपत्र संदर्भ हेतु उपलब्ध हैं। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि पंजीकरण पूर्ण करने के उपरांत अपनी सहभागिता की पुष्टि करें। यह राष्ट्रीय सम्मेलन देशभर के शैक्षणिक एवं शोध समुदाय के लिए ज्ञान-विनिमय, वैज्ञानिक संवाद एवं अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा।

## मस्जिद हकीम दूल्हा में मजलिस आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मौलाना सैयद मोहम्मद हुसैन की बेटी मरहूमा अनीसा फातिमा के चालीसवें की मजलिस मस्जिद हकीम दूल्हा साहब कटरा अबुतुराब खा नक्खास में मंगलवार को शाम 7 बजे होगी। मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस उनके आवास पर दोपहर 3 बजे होगी।

## खड़ण्जा निर्माण के लिए 20 लाख अवमुक्त

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रदेश सरकार ने जनपद रायबरेली में रामगढ़ माइनर के किमी 01.700 से 2.800 तक दाँयी पटरी पर खड़ण्जा के निर्माण कार्य परियोजना के लिए 20 लाख 77 हजार रुपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में निर्देश दिया गया है कि उक्त परियोजना में कराए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता एवं समय से पूर्ण कराया जाना संबंधित मुख्य अभियंता द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

## कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा कर रही दिल को तंदुरुस्त



**लखनऊ।** कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली स्टैटिन दवा की अधिक खुराक लेने वाले हृदय रोगियों में बाईपास सर्जरी के बाद अपेक्षाकृत तेजी से सुधार देखने को मिला है। शोध में पाया गया कि ऐसे मरीजों में सर्जरी के बाद दिल की पंपिंग क्षमता बेहतर रही, सूजन, ऑक्सीजन की कमी, अनियमित धड़कन और मांसपेशियों से जुड़े जोखिमों में कमी दर्ज की गई। साथ ही दिल को नुकसान पहुंचाने वाले बायोमार्कर का स्तर भी काफी कम पाया गया। यह निष्कर्ष संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के 48 हृदय रोगियों पर किए गए संयुक्त अध्ययन में सामने आए हैं। इस शोध को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस ने मान्यता दी है। पीजीआई के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर ने बताया कि बाईपास सर्जरी के दौरान और बाद में हृदय की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचना एक सामान्य समस्या है। अध्ययन में 30 दिन से अधिक समय से स्टैटिन ले रहे 48 मरीजों को दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को सर्जरी से सात दिन पहले दवा की अधिक खुराक और दूसरे को सामान्य (कम) खुराक दी गई। परिणामों में सामने आया कि अधिक मात्रा में स्टैटिन लेने वाले मरीजों में सर्जरी के बाद हृदय की मांसपेशियों को कम क्षति हुई और रिकवरी बेहतर रही।विशेषज्ञों का मानना है कि यह अध्ययन बाईपास सर्जरी से पूर्व दवा प्रबंधन की रणनीति को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। शोध दल में डॉ. आदित्य कपूर के साथ डॉ. नवीन गर्ग, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. सुदेश प्रजापति, डॉ. अदिति मोहन, डॉ. प्रभात तिवारी, डॉ. शांतनु पांडे, डॉ. बिपिन चंद्रा, डॉ. अंकित साहू और डॉ. रूपाली खन्ना सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

## डिजिटल हुआ लखनऊ मेट्रो



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो ने यात्रियों की सुविधा को और अधिक आसान और डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली की शुरुआत कर दी है। इस नई व्यवस्था का शुभारंभ सोमवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने किया। इसके साथ ही क्यूआर टिकट के साथ यात्रा करने वाले पहले यात्री वत्सल बरन बने। उन्होंने इस सुविधा को समय बचाने वाली और बेहद सुविधाजनक पहल बताया। इस सुविधा का लाभ अब यात्री घर बैठे मोबाइल ऐप के माध्यम से क्यूआर टिकट बुक कर मेट्रो यात्रा कर सकेंगे। नई प्रणाली के तहत यात्री लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल ऐप, टिकट काउंटर और क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीन के जरिए आसानी से क्यूआर टिकट प्राप्त कर सकेंगे। मोबाइल ऐप से टिकट बुक करने पर क्यूआर कोड डिजिटल रूप में फोन पर उपलब्ध होगा, जबकि टिकट काउंटर और मशीन से पेपर क्यूआर टिकट भी लिया जा सकेगा। यात्रियों को मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकास के समय ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट पर पीली पट्टी वाले स्कैनर पर क्यूआर टिकट स्कैन करना अनिवार्य होगा।मेट्रो प्रशासन ने सभी स्टेशनों पर क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित कर दी हैं, जिन पर यूपीआई के माध्यम से भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके साथ ही टोकन आधारित टिकट व्यवस्था भी पहले की तरह जारी रहेगी।

## अखिलेश यादव का आरोप- एसआईआर में बड़े पैमाने पर सपा के समर्थकों के हटाए गए नाम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इसके लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अखिलेश यादव ने यहां सपा कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठायेगी।

सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी इस संबंध में मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपेगी, जिसमें यह अपील की जाएगी कि एसआईआर में जो गड़बड़ियां की गयी हैं, उन पर किन नियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए और यदि कोई व्यक्ति गलत काम करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात के बाद सपा इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की कि फॉर्म-7 के जरिये नाम हटाने की प्रक्रिया सिर्फ बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) द्वारा शुरू की जानी चाहिए, किसी और माध्यम से नहीं। उन्होंने यह भी मांग की कि विधानसभा चुनाव क्षेत्र, बूथ नंबर और फॉर्म-7 जमा करने वाले व्यक्ति समेत पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि एसआईआर में सपा के समर्थकों के नाम गलत तरीके से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में 16 मतदाताओं के नाम हटा दिये गये। विश्लेषण करने पर पता लगेगा कि वे पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समुदाय के हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 365 पर जाली हस्ताक्षर का हवाला देकर लगभग 100 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये।

## पालि साहित्य और बौद्ध दर्शन पर होगा विशेष मंथन, बीएचयू में जुटेंगे 8 देशों के विद्वान'

■ 'भारत-एशिया बौद्ध संवाद को मजबूती देगा बीएचयू का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन'

■ एशिया से मजबूत होंगे रिश्ते, बौद्ध सम्मेलन से नई पहचान: जयवीर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग की ओर से 17 से 19 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और तोयो विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य पालि साहित्य, बौद्ध दर्शन, त्रिपिटक अध्ययन, अलग-अलग बौद्ध परंपराओं की तुलना, बौद्ध संस्कृति और विरासत, पांडुलिपि विज्ञान और आज के समय में बौद्ध विचारों की अहमियत जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा करना है। तीन दिनों में कुल 80 चुने हुए शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में म्यांमार, कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, जापान, थाईलैंड और वियतनाम समेत कई देशों के विद्वान, शोधकर्ता, प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे। अलग-अलग तकनीकी सत्रों में पालि त्रिपिटक, अट्ठकथा परंपरा, बौद्ध तर्कशास्त्र, थेरवाद और महायान दर्शन, तुलनात्मक बौद्ध अध्ययन और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संवाद जैसे विषयों पर शोध-पत्र पढ़े जाएंगे।

17 फरवरी 2026 को होने वाले उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सिद्धार्थ सिंह, कुलपति, नव नालंदा महाविहार होंगे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. रवींद्र पंथ, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध कनफेडरेशन करेंगे।संरक्षिका के रूप में सुसुषमा घिल्दियाल मौजूद रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. केंजी ताकाहाशी, तोयो विश्वविद्यालय, टोक्यो (जापान) अपने विचार साझा करेंगे।

वहीं 19 फरवरी 2026 को आयोजित समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. उमा शंकर व्यास, पूर्व निदेशक, नव नालंदा महाविहार करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेश रंजन, कुलपति, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. तोमोयोकी यामाहाता, होक्काइदो विश्वविद्यालय और डॉ. के. सिरी सुमेध थेरो, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य मौजूद रहेंगे। समापन सत्र में सम्मेलन की सिफारिशें (संस्तुतियां) पेश की जाएंगी। साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध शोध सहयोग को और मजबूत करने की योजना भी घोषित की जाएगी।

## पुलिस को गुमराह करने वाला युवक गिरफ्तार

■ फायरिंग की सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाला युवक गिरफ्तार

■ मौके पर जांच में नहीं मिले सुराग, पुलिस ने आरोपी की सफारी गाड़ी की सीज



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में रविवार देर रात फायरिंग की सूचना से हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस की सतर्कता से मामला पूरी तरह फर्जी निकला। शिवजी, शिवा यादव निवासी कलियाखेड़ा ने कंट्रोल रूम 112 पर सूचना दी कि जब वह अपनी टाटा सफारी कार से जा रहा था, तब दो मोटरसाइकिल सवारों ने उसकी गाड़ी के आगे आकर फायरिंग कर दी और फरार हो गए। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी समदा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

घटनास्थल की बारीकी से जांच करने पर पुलिस को न तो कोई कारतूस का खोखा मिला और न ही कार पर गोली के निशान पाए गए। पास में ही टेंट लगाकर रह रहे मजदूरों ने भी किसी भी तरह की फायरिंग की आवाज सुनने से इनकार कर दिया। जांच में सामने आया कि सूचना देने वाला युवक पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और फिलहाल जमानत पर बाहर है। उसने अपने विरोधियों को फंसाने और सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से यह साजिश रची थी।

पुलिस ने लोक शांति भंग करने के उद्देश्य से गलत सूचना देने और पुलिस को गुमराह करने के कृत्य के तहत आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई टाटा सफारी कार को भी सीज कर दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## दो नई कोलैटरल फ्री निर्यात ऋण योजना का शुभारंभ

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम Union Bank of India A Government of India Undertaking

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्यात को बढ़ावा देने और भारत सरकार के विज़न के अनुरूप 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा दो नई निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी योजनाओं का शुभारंभ किया गया है- यूनियन निर्यात सुगम और यूनियन निर्यात प्रोत्साहन योजना।

यूनियन निर्यात सुगम योजना के अंतर्गत सभी विनिर्माता निर्यातकर्ताओं को 80 करोड़ रुपये तक का निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी प्रदान की जाती है, जिसमें गैर-एमएसएमई भी शामिल हैं (व्यापारी, मर्चेंट निर्यातकर्ता, रत्न, आभूषण तथा हीरे और लौह अयस्क निर्यातकर्ताओं को छोड़कर)। इस योजना के अंतर्गत, कोलैटरल सुरक्षा जमा करना आवश्यक नहीं है। यह योजना विशेषकर निर्यातकर्ताओं को किफ़ायती निर्यात वित्त का एक्सेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

यूनियन निर्यात प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सभी सूक्ष्म और लघु निर्यातकर्ताओं (व्यापारी, मर्चेंट निर्यातकर्ता, रत्न, आभूषण तथा हीरे और लौह अयस्क निर्यातकर्ताओं सहित) को 10 करोड़ रुपये तक की कोलैटरल फ्री निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत, कोलैटरल सुरक्षा या तृतीय पक्ष गारंटी की कोई आवश्यकता नहीं है। यह योजना सूक्ष्म और लघु निर्यातकर्ताओं के लिए बनाई गई है, जिसके माध्यम से किफ़ायती और बिना किसी गारंटी के निर्यात वित्त दिया जाता है।

## संगठित अपराध पर प्रहार: लंबे समय से फरार चल रहा शातिर बदमाश गिरफ्तार

■ कमिश्नरेट पुलिस की सख्त घेराबंदी: न्यायालय ने आरोपी को भेजा जेल



अवधनामा ब्यूरो


**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में संगठित अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपी की पहचान अमन यादव निवासी कलियाखेड़ा के रूप में हुई है, जो लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, लखनऊ पुलिस कमिश्नर के आदेश पर 9 फरवरी को काकोरी थाने में समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस गिरोह का सरगना उन्नाव निवासी अनूज कुमार यादव है, जबकि अमन यादव इस संगठित गिरोह के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रहा था। इस गिरोह के विरुद्ध पुलिस को लगातार आपराधिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थाना पारा, सुरेश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही थी। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस टीम ने सटीक इनपुट के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी अमन यादव को दुर्गागंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने गिरोह के अन्य सदस्यों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में अहम सुराग दिए हैं।

गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि क्षेत्र में सक्रिय किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और समाज में भय व्याप्त करने वाले गिरोहों के विरुद्ध ऐसी कठोर दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। पुलिस अब गिरोह के सरगना अनूज यादव की तलाश में जुटी है।

## टीएमयू एआई शिखर सम्मेलन में करेगा शिरकत




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दुनिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन - इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की भारत मेजबानी करने का जा रहा है। भारत मंडपम में होने वाले इस समिट में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद भी भाग लेगी,जिसमें डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन के नेतृत्व में 109 स्टुडेंट्स जाएंगे। पांच दिनी समिट के लिए टीएमयू का यह बड़ा डेलीगेशन 17 फरवरी की सुबह रवाना होगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवम् सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से एआई इंडिया मिशन इस समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 20 देशों के राष्ट्रध्यक्ष, प्रधानमंत्री के संग- संग 50 से अधिक राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ भी आ रहे हैं। इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में 20 सत्र होंगे,जिनमें एक सत्र में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन प्रो. मंजुला जैन भी अपना नज़रिया रखेंगी। भारत के शैक्षणिक परिदृश्य में एआई नवाचार के लोकतंत्रीकरण पर केंद्रित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की एक समाधान-उन्मुख पैनल चर्चा सुषमा स्वराज भवन में शाम साढ़े पांच बजे से होगी। टीएमयू बीआईसी के मैनेजर प्रशांत सिंह ने बताया, यूनिवर्सिटी के तीन स्टार्ट्स अप के प्रेजेंटेशन की भी तैयारी है। समिट में दुनिया में नामचीन उद्योगपति- माइक्रोसॉफ्ट से बिल गेट्स, रिलायंस समूह से मुकेश अंबानी,सुंदर पिचई के अलावा टाटा समूह, इन्फोसिस, बायोकॉन, एंथ्रोपिक, एनवीडिया, एक्सेंचर, गूगल समेत दुनिया के 100 दिग्गज आकर्षण के केंद्र होंगे।

## जे.ई.ई. मेन-2026 में सी.एम.एस. छात्रों ने लहराया परचम

■ 18 छात्रों के 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक

■ सी.एम.एस. के तेजस राज के सर्वाधिक 99.73 परसेन्टाइल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने 'जे.ई.ई. मेन-2026' में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सी.एम.एस. के 18 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है, जिनमें सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के छात्र तेजस राज ने सर्वाधिक 99.73 परसेन्टाइल अंक अर्जित किये हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि अभी पूरे परीक्षा परिणाम नहीं आये हैं, ऐसे में अभी काफी बड़ी संख्या में सी.एम.एस. छात्रों के कटऑफ से अधिक मार्क्स प्राप्त करने की पूरी संभावना है। इस वर्ष का कट-ऑफ मार्क्स अभी घोषित नहीं हुआ है, परन्तु यदि विगत वर्ष 2025 के जनरल कट-आफ मार्क्स 93.10 परसेन्टाइल से तुलना करें तो सी.एम.एस. के अभी तक 34 छात्रों ने विगत वर्ष के कट-ऑफसे अधिक अंक अर्जित किये हैं।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों की सराहना की है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो.गीता गाँधी किंगडन ने भी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय वास्तव में

सी.एम.एस. के जे.जे. सेक्शन (जय जगत सेक्शन) को जाता है, जिसमें छात्रों को सामान्य परीक्षा से इतर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है।